समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 277
लखनऊ, मंगलवार 9 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

जमीनी विवाद में हुई मारपीट में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा 10

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ई-रिक्शा से पहुंचे दफ्तर 03

लखनऊ में क्षेत्रीय मौसम केंद्र का शुभारंभ

मौसम की सटीक व समय से जानकारी मिलने से जन व धन हानि बचाना हुआ संभव : सीएम योगी

- पिछले 12 सालों में मौसम विभाग के 136 से अधिक स्थापित हुए रडार : केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

आने वाले दो सालों में रडारों की संख्या हो जाएगी 200

समारोह के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मौसम विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली था, लेकिन आज से लखनऊ में क्षेत्रीय कार्यालय के रूप में शुरू हो गया है। यह कार्यालय उत्तर प्रदेश ओर उत्तरखंड का काम देखेगा। उन्होंने बताया कि पिछले 12 सालों में मौसम विभाग ने इतने रडार और उपकरणों की स्थापना की है, जितने पिछले 65 सालों में स्थापित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले सिर्फ 14 रडार थे लेकिन अब इनकी संख्या 150 से अधिक हो गयी है। आने वाले दो सालों में इनकी संख्या 200 हो जाएगी। केंद्रीय राज्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सरकार से मिल रहे सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मौसम विभाग उत्तर प्रदेश में अधिक तेजी से काम करेगा।

उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के मौसम को देखेगा लखनऊ केंद्र

मौसम केंद्र लखनऊ को क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) के रूप में उन्नत होने से कई काम आसानी हो सकेंगे। इसके साथ ही लखनऊ केंद्र को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का अधिकार क्षेत्र प्राप्त होगा। आरएमसी का दर्जा मिलने से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मौसम की निगरानी, सटीक पूर्वानुमान और समयबद्ध पूर्व चेतावनी सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। इससे भारी बारिश, आंधी, बिजली गिरने और अन्य मौसम संबंधी घटनाओं के प्रति बेहतर तैयारी संभव हो सकेगी।

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौसम को सटीक व विश्वसनीय जानकारी मिलने से न केवल जन धन हानि को बचाया जा सकता है बल्कि कृषि उत्पादन भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मौसम विभाग सटीक और विश्वसनीय जानकारी दे रहा है और इससे आम लोगों को लाभ भी हो रहा है। उप्र सरकार इसे सेटेलाइन के माध्यम और बेहतर बनाने के लिए हरसंभव मदद करने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को राजधानी लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में मौसम विज्ञान के लखनऊ केन्द्र को क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र में परिवर्तित करने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रिमोट से शुभारंभ किया।

इस मौके केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह व मौसम विभाग के महानिदेशक समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री योगी ने प्राचीन काल में मौसम और जलवायु की गणना और अनुमान का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय ऋषि और मनीषी पंचाग से सही गणना करते थे। कई लोक कहावतों और परंपराओं से भी मौसम के बारे में सही सही जानकारी मिलती थी लेकिन अब तकनीकी युग में हमें और बेहतर जानकारियों की जरूरत होती है और पिछले 12 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। अगर आजादी के बाद से ही यह काम हुआ होता तो आज किसानों को खेती में अच्छी पैदावार मिलती और प्राकृतिक आपदों में जन धन की हानि भी कम होती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिले से लेकर ब्लाक स्तर तक वर्षा का आकलन करने के लिए उपकरण लगाए हैं ताकि फसलों को होने वाले नुकसान का आकलन किसानों की मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस समय मौसम विभाग बहुत तेजी से सटीक और विश्वसनीय आंकडे दे रहा है। उन्होंने हाल ही में शाकुंभरी देवी मंदिर परिसर में आयी बाढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि घटना से पहले मौसम विभाग का अलर्ट आने पर सभी को सुरक्षित बचा लिया गया जबकि दो महिलाएं मना करने के बावजूद जल की ओर गयीं और उनकी मौत हो गयी।

उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में सोनभद्र, मीरजापुर जैसे इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने से 100 से लेकर 150 लोगों की मौतें होती थी लेकिन अब यह संख्या दर्जनभर से कम हो गयी है और यह घटनाएं भी स्थानीय स्तर पर इसलिए होती हैं कि कई बार जानकारी होने के बावजूद व्यक्ति सावधानी नहीं बरतता है। मना करने के बावजूद खुले में रहना और जानवरों की व्यवस्था करने निकल जाने से यह नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मौसम विभाग के संयुक्त रूप से विचार विमर्श करके काम कर रही है।

अगर ऐसी सेटेलाइट की व्यवस्था हो जो सिर्फ उत्तर प्रदेश के मौसम की बिल्कुल सटीक जानकारी दे तो नुकसान को और कम किया जा सकता है और इसके लिए प्रदेश सरकार मौसम विभाग के साथ हर प्रकार से सहयोग करने के लिए तैयार है।

पीएम मोदी ने गिनाईं 12 साल की उपलब्धियां

- बताया कैसे बदली गरीबों की दुनिया

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में उठाए गए विभिन्न कल्याणकारी कदमों पर सोमवार को प्रकाश डाला और कहा कि भारत ने कई परिवर्तन देखे हैं और इन परिवर्तनों का मूल गरीबों का कल्याण है।

अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा वर्ष पूरा होने पर मोदी ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों का उल्लेख किया और कहा कि ये सभी कदम लोगों को गरिमा और अवसर दिलाने के सरल उद्देश्य से प्रेरित हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले 12 वर्षों में भारत ने कई परिवर्तन देखे हैं और इन परिवर्तनों के मूल में गरीबों और वंचितों का कल्याण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हमेशा अंत्योदय से प्रेरित रही है और उसका प्रयास हमेशा यह सुनिश्चित करना रहा है कि विकास का लाभ उन लोगों तक पहुंचे जो दशकों से पीछे छूटे हैं।

उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, यह खुशी की बात है कि गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सहायता सीधे और पारदर्शी तरीके से लोगों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा, इससे खामियों में कमी आई है, कार्यकुशलता में सुधार हुआ है और शासन में विश्वास मजबूत हुआ है। इसी तरह गरीब कल्याण को आगे बढ़ाने की यह यात्रा मानव सशक्तीकरण और विकसित भारत के हमारे सपने को साकार करने की दिशा में एक सामूहिक आंदोलन बन गई है। मोदी ने नौ जून 2024 को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, उनका दूसरा कार्यकाल 30 मई 2019 को शुरू हुआ।

दिल्ली हवाई अड्डे पर आंधी में एयर इंडिया के तीन विमान क्षतिग्रस्त, जांच जारी

एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार शाम तेज आंधी-बारिश के बीच एयर इंडिया के तीन विमानों को हुए नुकसान की जांच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुरू कर दी है।

डीजीसीए ने सोमवार को एक बयान में बताया कि कल हुई इस घटना में दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर पार्क एयर इंडिया के तीन ए320 विमानों को नुकसान पहुंचा है। विमानों को ग्राउंड उपकरण और हवा के साथ उड़कर आयी किसी चीज के टकराने से नुकसान हुआ है। उसने बताया कि घटना शाम 4.30 बजे के आसपास की है। नागर विमानन नियामक के अनुसार, तेज हवाओं के कारण बगल से स्टैंड में रखे दो ग्राउंड उपकरण अपने स्थान से चलने लगे और दो अलग-अलग विमानों से टकरा गये जिससे उन्हें नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, एक अन्य विमान की दाहिनी तरफ की स्लाइडिंग खिड़की से हवा में उड़कर आयी कोई अवांछित वस्तु टकराने से उसे भी नुकसान हुआ है।

हवाई अड्डे पर कल शाम अचानक मौसम बदल गया था और भारी बारिश के साथ तेज आंधी चलने लगी थी। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान टर्मिनल-2 के बे में इंडिगो की ग्राउंड हैंडलिंग टीम की लोहे की सीढ़ी (स्टेप लैडर) तेज हवाओं के साथ खुद-ब-खुद आगे बढ़ने लगी और इससे पहले कि उसे काबू किया जाता, एयर इंडिया के विमानों से टकरा गयी। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्टेप लैडर में पहिये लगे होते हैं और उस समय उसके पहिये लॉक किये गये थे या नहीं, यह जांच का विषय है।

सूत्रों ने बताया कि आंधी-बारिश के बारे में मौसम विभाग की ओर से कोई चेतावनी नहीं थी। यह बेहद स्थानीय मौसमी घटना थी और आसपास के इलाके में मौसम शांत था। डीजीसीए के बयान में कहा गया है कि तीनों क्षतिग्रस्त विमानों को जांच और मरम्मत के लिए सेवा से बाहर कर दिया गया है। मामले की आगे जांच की जा रही है।

खान सर को मिलेगी राहत या जाना होगा जेल? अग्रिम जमानत याचिका पर कोर्ट का फैसला सुरक्षित

एजेंसी, पटना।

पटना में कोचिंग सेंटर पर हुए विवाद मामले में अब पुलिस खान सर की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस की एक टीम खान सर की गिरफ्तारी के लिए दौड़ रही है। वहीं इस बीच खान सर की तरफ से कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई, जिस पर सोमवार को सुनवाई हुई। फैसल खान उर्फ खान सर के वकील ने पटना सिविल कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। दोपहर 12:30 बजे कोर्ट ने सुनवाई की लेकिन फैसला नहीं दिया है। खान सर के वकील अरविंद कुमार महुआर ने कहा कि ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर और अन्य लोगों पर खान सर के स्टाफ ने केस दर्ज कराया है। इसके बाद खान सर पर भी केस दर्ज हुआ है। अरविंद कुमार महुआर ने कहा कि अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई है और कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। आज या कल कोर्ट इस मामले में फैसला सुना सकता है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में विस्तृत सुनवाई मंगलवार को होगी।

-: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,51,840/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,39,200/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,13,920/10 ग्राम
चांदी = 2,60,000/किग्रा

संक्षिप्त समाचार

जनता की अनसुनी पड़ेगी भारी

लखनऊ। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस पालिसी आमजन के लिए बड़ी फायदेमंद साबित हो रही है। जो अफसर जनता की अनसुनी करेंगे, उन्हें भी सरकार छूट देने वाली नहीं है। सूत्रों की माने तो सचिवालय के भीतर सीएम डैशबोर्ड यानि आईजीआरएस की समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री के जनता दर्शन कार्यक्रम में आ रही शिकायतों, खासकर जमीन विवादों और राजस्व मामलों में ढिलाई बरतने वाले जिलाधिकारियों पर भी इन दिनों खास नजर सीएम कार्यालय द्वारा रखी जा रही है। अनावश्यक रूप से मामले लटकाने की नीति अब चलने वाली नहीं है।

देखते ही देखते हाईवे पर पलटी यात्रियों से भरी बस, 15 घायल

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। राजौरी से मंजाकोट जा रही यात्रियों से भरी एक बस राजमार्ग पर तंदवाल इलाके के पास अचानक पलट गई। इस दुर्घटना में कम से कम 15 यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। अधिकारियों के मुताबिक, दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तुरंत राहत और बचाव कार्य में जुट गए। उन्होंने घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की और बिना समय गंवाए उन्हें राजौरी स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) से संबद्ध अस्पताल पहुंचाया।

हाइड्रोपोनिक गांजा तस्करी का भंडाफोड़, आईजीआई एयरपोर्ट से दो तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने कुआलालंपुर से आने वाले यात्रियों द्वारा लाए गए दो गीजरों के अंदर छिपाकर रखे गए लगभग 5.38 करोड़ रुपये मूल्य के 15.38 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक गांजे को जब्त किया है। हाइड्रोपोनिक गांजा, गांजे की एक उच्च क्षमता वाली किस्म है जिसे मिट्टी के बजाय पोषक तत्वों से भरपूर पानी में उगाया जाता है।

इंडिया गठबंधन ने आर्थिक स्थिति पर सर्वदलीय बैठक बुलाने व प्रधान के इस्तीफे की मांग की

एजेंसी, नई दिल्ली।

- केंद्र सरकार को तुरंत सभी दलों की बैठक बुलानी चाहिए ताकि वर्तमान अस्थिर आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों के मुद्दे, अत्याचार व अन्य लोग-केंद्रित मुद्दों पर चर्चा की जा सके : खरगे

विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर लीक होने और सीबीएसई में गड़बड़ी के मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है और कहा है कि देश की आर्थिक स्थिति पर विचार करने के लिए सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

इंडिया गठबंधन की सोमवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में करीब ढाई घंटे तक चली बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बैठक में पांच मुद्दों पर सहमति बनी जिसमें इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच समन्वय बनाए रखने के लिए हर दो महीने में बैठक आयोजित करना शामिल है। इस आधार पर गठबंधन की अगली बैठक आठ अगस्त को हैदराबाद में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बैठक में यह सहमति भी बनी कि वोट चोरी और चुनाव में हेराफेरी को लेकर देश के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र भेजा जाये। यह पत्र बहुत जल्द लिखकर उन तक पहुँचाया जाएगा। नीट पेपर लीक मामले में सर्वसम्मति से फैसला हुआ कि शिक्षा मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

श्री खरगे ने कहा कि बैठक में देश के आर्थिक हालात तथा सामाजिक मुद्दों पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की सरकार से मांग की गयी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को तुरंत सभी दलों की बैठक बुलानी चाहिए ताकि वर्तमान अस्थिर आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों के मुद्दे, अत्याचार और अन्य लोग-केंद्रित मुद्दों पर चर्चा की जा सके। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बैठक में यह भी सहमति बनी है कि सभी दलों के नेताओं हर दो महीने में मिलना चाहिए। इसके साथ ही मानसून सत्र के दौरान संसदीय समन्वय जारी रहेगा, जिसमें विपक्ष के नेता के कार्यालय में प्रतिदिन संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले बैठकें होंगी। बैठक में श्री खरगे के अलावा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले, एम के प्रेमचंद्रन, कपिल सिब्बल, वाम दलों के नेताओं तथा अन्य घटक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्री खरगे ने बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे बैठक में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

अब आयुष पद्धति से भी मिलेगा कैशलेस इलाज

वाराणसी, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, समावेशी तथा जनहितकारी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत आयुष चिकित्सा पद्धतियों को भी शामिल किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी जैसी आयुष पद्धतियों की आईपीडी सेवाओं को योजना से जोड़ा जाए, ताकि काशीवासियों व प्रदेशवासियों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से भी कैशलेस उपचार की सुविधा प्राप्त हो सके।

राष्ट्रपति ने प्रदान किए रक्षा अलंकरण- सात कीर्ति, 15 वीर व 29 शौर्य चक्र

एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण-2026 समारोह के प्रथम चरण के दौरान रक्षा बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश पुलिसकर्मियों को सात कीर्ति चक्र (दो मरणोपरांत), 15 वीर चक्र (तीन मरणोपरांत) और 29 शौर्य चक्र (एक मरणोपरांत) प्रदान किए।

राष्ट्रपति ने आज जिन्हें सम्मानित किया उनके नाम इस प्रकार हैं- कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) : सिपाही जंजाल प्रवीन प्रभाकर तथा लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी।

कीर्ति चक्र : लांस नायक मीनात्ची सुंदरम ए, नायब सूबेदार दोलेश्वर सुब्बा, मेजर अर्शदीप सिंह, एयर कमोडोर प्रसांत बालकृष्णन नायर तथा कैप्टन लालरिनावमा सैलो।

वीर चक्र (मरणोपरांत) : सब इंस्पेक्टर (जीडी) मोहम्मद इम्तेयाज, कांस्टेबल (जीडी) दीपक चिंगाखम तथा राइफलमैन सुनील कुमार।

वीर चक्र : कर्नल कोषांक लांबा, ग्रुप कैप्टन रणजीत सिंह सिद्धू, ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा, ग्रुप कैप्टन अनिमेष पाटनी, ग्रुप कैप्टन कुणाल कालरा, विंग कमांडर (वर्तमान में ग्रुप कैप्टन) जॉय चंद्रा, लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील बिष्ट, स्क्वाड्रन लीडर (वर्तमान में विंग कमांडर) सार्थक कुमार, स्क्वाड्रन लीडर सिद्धांत सिंह, स्क्वाड्रन लीडर रिजवान मलिक, फ्लाइट लेफ्टिनेंट (वर्तमान में स्क्वाड्रन लीडर) आरशवीर सिंह ठाकुर तथा नायब सूबेदार सतीश कुमार।

शौर्य चक्र (मरणोपरांत) : लांस नायक बलदेव चंद।

शौर्य चक्र : निरीक्षक लक्ष्मण केवट, निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख, लेफ्टिनेंट कर्नल नीतेश भारती शुक्ला, मेजर आदित्य प्रताप सिंह, मेजर आशीष कुमार, कांस्टेबल (जीडी) संजय तिवारी, कांस्टेबल (जीडी) फेदा हुसैन डार, सहायक कमांडेंट (वर्तमान में डिप्टी कमांडेंट) मोहम्मद शफीक, लेफ्टिनेंट कमांडर सूरज प्रशार, राम गोयल, कांस्टेबल (जीडी) सद्दाम हुसैन, सहायक कमांडेंट विपिन विल्सन, राइफलमैन भोज राम साहू, विंग कमांडर (वर्तमान में ग्रुप कैप्टन) अभिमन्यु सिंह, मेजर भार्गव कलिता, मेजर लैशांगथेम दीपक सिंह, मेजर अंशुल बल्दू, मेजर शिवकांत यादव, सूबेदार पी. एच. मोसेस, मेजर विवेक, राइफलमैन मैंगलम सांग वैफेई, लेफ्टिनेंट कर्नल घाटगे आदित्य श्रीकुमार, कैप्टन योगेंद्र सिंह ठाकुर, सूबेदार शमशेर सिंह, लांस नायक (वर्तमान में नायक) राहुल सिंह, राइफलमैन धुर्बा ज्योति दत्ता, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के तथा लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए।

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा

यूपी एसटीएफ व साइबर टीम सॉल्वरों को पकड़ने के लिए रही मुस्तैद

पहले दिन सभी जिलों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी (सिपाही) नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के पहले दिन की दोनों पालियों की परीक्षा समाप्त हो चुकी है। पहले दिन सभी जिलों में नकल विहिन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा सम्पन्न हुई है। आज के दिन कितने परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए हैं, भर्ती बोर्ड शीघ्र ही इसकी जानकारी देगा, लेकिन पहले दिन की परीक्षा बड़े ही शांतिपूर्ण ढंग से हुई है। किसी भी जिले से अभी तक कोई ऐसी घटनाएं नहीं सुनाई दी, जिसे किसी अभ्यर्थी को परीक्षा देने में दिक्कत का सामना करना पड़ा हो।

भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष एसबी शिरडकर ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी (सिपाही) नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हो गई है। यह परीक्षा 8, 9 एवं 10 जून को प्रदेश के सभी 75 जिलों में आयोजित की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 32 हजार 679 पदों के लिए 28 लाख 86 हजार 797 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए प्रदेशभर में 1,183 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। रविवार शाम से ही परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। सोमवार को पहले दिन की दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई है। खास बात यह रही है कि इस परीक्षा में मध्य प्रदेश के युवाओं भी शामिल हुए है। परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर निकले कुछ परीक्षार्थियों के चहेरे अच्छा पेपर जाने की झलक साफ दिख रही थी तो कुछ परीक्षार्थी मायुष भी दिखे। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में रविवार से पुलिस बल तैनात कर दिए गए थे। परीक्षा की निगरानी के राजधानी लखनऊ केंद्रीय तो जनपद में कंट्रोल रूम बनाए गए थे। नोडल अधिकारी और स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर नजर रखे थे। यूपी एसटीएफ भी सॉल्वरों को पकड़ने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद रही। सोशल मीडिया पर पूरी तरह से सर्विलांस और साइबर टीम सक्रिय रही। परीक्षा लीक न हो सोमवार को परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों की कड़ी चेकिंग से गुजरना पड़ा। अभ्यर्थियों ने कहा कि परीक्षा केंद्रो पर व्यवस्था बेहतर रही है। पेपर भी अच्छा गया है आगे चलकर पेपर लीक न हो तो बेहतर होगा। उल्लेखनीय है कि भर्ती प्रक्रिया के तहत 75 जिलों परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए प्रदेशभर में 1,183 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुल 32 हजार 679 पदों के लिए 28 लाख 86 हजार 797 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

सीबीएसई मूल्यांकन में गड़बड़ी का मामला

दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार व सीबीएसई को जारी किया नोटिस

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षा में डिजिटल इवैल्यूएशन सिस्टम (ओएसएम) में हुई गड़बड़ियों की स्वतंत्र जांच की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और सीबीएसई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 12 जून 2026 को तय की है। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने यह कदम उठाया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम में आई तकनीकी खामियों और गड़बड़ियों के कारण हजारों छात्रों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई छात्रों की आंसर स्क्रिप्ट गायब बताई जा रही हैं, कुछ धुंधली हैं, तो कुछ की गलत तरीके से जांच की गई है।

एनएसयूआई ने याचिका में मांग की है कि डिजिटल मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई सभी गड़बड़ियों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त सुरक्षा उपाय, प्रोटोकॉल और दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं। याचिका में सीबीएसई को उन सभी छात्रों को कंपेन्सेटरी मार्क्स देने का भी निर्देश देने की अपील की गई है जिनकी उत्तर पुस्तिकाएं प्रभावित हुई हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि डिजिटल मूल्यांकन सिस्टम में बार-बार आने वाली समस्याएं छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही हैं। कई अभिभावकों और छात्रों ने शिकायत की है कि अंकों में बेतरतीबी, स्क्रिप्ट लापता होना और गलत मूल्यांकन जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। एनएसयूआई ने सीबीएसई पर आरोप लगाया कि बोर्ड इन शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। एनएसयूआई ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल माध्यमों का उपयोग बढ़ रहा है लेकिन इसके साथ ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और बैकअप प्लान भी जरूरी है। याचिका में मांग की गई है कि सीबीएसई को तुरंत एक शिकायत निवारण तंत्र विकसित करना चाहिए ताकि छात्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

एसपी ने किया पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

- केंद्रो के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम: विश्वजीत श्रीवास्तव

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के दौरान एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा दिनांक 08, 09, 10 जून 2026 को आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती लिखित परीक्षा के सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन संचालन के दृष्टिगत जनपद के परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इंटर कॉलेज एवं महिला महाविद्यालय में अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, चेकिंग व्यवस्था, परीक्षा कक्षों, स्ट्रांग रूम एवं कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही केन्द्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने तथा सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि, साल्वर गैंग अथवा नकल माफियाओं पर सतत निगरानी रखी जाए। परीक्षा केन्द्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात है तथा पीआरवी-112 लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है।

पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में अनुपस्थित रहे 1034 परीक्षार्थी

द्वितीय पाली में अनुपस्थित रहे परीक्षार्थियों की संख्या रही 963

बहराइच समृद्धि न्यूज़। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून 2026 तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा-2025 के प्रथम दिन जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3181 रही जबकि 1043 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

इसी प्रकार द्वितीय पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3261 रही जबकि 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो प्रथम पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 175, आज़ाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 291, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 179, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 554, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 285, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 368, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 176, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3190 रही जबकि 1034 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

घाघरा घाट संजय सेतु पर आवागमन शुरू

- दो माह मरम्मत के बाद छोटे वाहनों को मिली अनुमति

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

जरवलरोड थाना क्षेत्र स्थित संजय सेतु पुल का मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद एक बार फिर से आवागमन शुरू कर दिया गया है। लंबे समय से बंद पड़े इस पुल के खुलने से क्षेत्रीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। पुल में दरारें आने के बाद सुरक्षा के मद्देनजर आवागमन रोक दिया गया था और मरम्मत कार्य शुरू कराया गया था। मरम्मत के दौरान छोटे वाहनों और बाइक के लिए वैकल्पिक पीपा पुल बनाया गया था, जिससे लोग आवागमन कर रहे थे। हालांकि, इस अस्थायी पुल पर बस, ट्रक और अन्य बड़े वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से रोक थी, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लगभग दो माह तक चले इस मरम्मत कार्य पर करीब 3 करोड़ रुपये की लागत आई है।

आगामी बारिश को ध्यान में रखते हुए कार्य को तेजी से पूरा किया गया।फिलहाल पुल पर छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है, जबकि बड़े वाहनों के लिए 16 जून से आवागमन शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। पुल के शुरू होने से आवागमन सुगम होने के साथ ही स्थानीय व्यापार और जनजीवन भी पटरी पर लौटने की उम्मीद है।

रानीपुर में सड़क हादसे में मासूम की मौत

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से तोड़ा दम

बहराइच समृद्धि न्यूज़। रानीपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 5 वर्षीय अभय यादव की मौत हो गई। यह घटना ग्राम पंचायत गोबरहा स्थित सिटी चौराहे के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल अभय को मेडिकल कॉलेज बहराइच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अभय यादव महराजदीन यादव उर्फ पप्पू यादव का पुत्र था। परिवार के सदस्यों के अनुसार, अभय घर का सबसे छोटा और सबका लाड़ला था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर परिजनों ने अभय को बचाने की हरसंभव कोशिश की, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। यह खबर सुनते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां की चीखें सुनकर अस्पताल में मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं, जबकि पिता गहरे सदमे में दिखे।

खबरें एक नजर में

परिवार परामर्श केंद्र ने टूटने से बचाए 3 परिवार

आपसी विवाद सुलझाकर पति-पत्नी को एक किया खुशी-खुशी साथ रहने का लिया संकल्प

बहराइच समृद्धि न्यूज़। रिश्तों को बचाने की मुहिम में बहराइच पुलिस एक बार फिर सफल रही। पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र ने आपसी पारिवारिक विवाद को सुलझाकर 3 परिवारों को टूटने से बचा लिया। एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में चल रही इस पहल के तहत एक आवेदिका ने पारिवारिक विवाद का प्रार्थना पत्र एसपी को दिया था। एसपी ने मामले को प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र को सौंपा। केंद्र प्रभारी उ0नि0 रमाशंकर मिश्रा और टीम ने दोनों पक्षों को बुलाकर धैर्य से उनकी बात सुनी। काउंसलिंग में म0उ0नि0 गीता यादव, म0आ0 सविता मिश्रा, निशी त्रिवेदी, छाया द्विवेदी व अनन्या सिंह ने पति-पत्नी को समझाया कि लड़ाई-झगड़े से परिवार टूटता है। दोनों पक्ष मान गए और भविष्य में सामंजस्य बनाकर पारिवारिक दायित्व निभाने व खुशी-खुशी साथ रहने का संकल्प लिया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक ने आरक्षी नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा का किया निरीक्षण

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नवागत पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री अशोक कुमार, देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा द्वारा दिनाँक 08.06.2026 की प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान जनपद गोण्डा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के सुव्यवस्थित प्रवेश एवं बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित एवं समयबद्ध वितरण तथा परीक्षा की प्रभावी निगरानी प्रणाली का गहनता से अवलोकन किया गया।

सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न होती पाई गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया नकलविहीन, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संचालित हो। प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल, सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे अभ्यर्थियों को सुरक्षित एवं अनुकूल परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के उपरांत पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय द्वारा जनपद के प्रमुख भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं रेलवे स्टेशन गोण्डा का भ्रमण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं यात्रियों की सघन चेकिंग तथा पूछताछ की गई। पुलिस उप महानिरीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को सतर्कता एवं प्रभावी निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही रेलवे सुरक्षा बल (RPF) एवं राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) के अधिकारियों से वार्ता कर रेलवे परिसर एवं यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

एनसीसी कैंप में कैडेट्स को दिया गया अग्निशमन का प्रशिक्षण

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। 48 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर और प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव तिवारी के दिशा निर्देशन में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-160 का राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सिसवा,मनकापुर गोंडा में सकुशल संचालन हो रहा है । प्रशिक्षण के तीसरे दिन कैडेट्स को प्रातः ड्रिल अभ्यास कराया गया उसके पश्चात सैद्धांतिक कक्षाओं का संचालन एएनओ तथा पी आई स्टाफ द्वारा कराया गया। मध्यान्ह के पश्चात अग्निशमन दल के द्वारा कैडेट्स को आग से बचाव हेतु माक ड्रिल कराया गया। अग्निशमन दल के टीम द्वारा कैडेट्स को अग्निशमन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कैडेट्स द्वारा अग्निशमन से संबंधित प्रश्नों का उत्तर अग्निशमन टीम द्वारा दिया गया और उन्हें आग के विभिन्न प्रकार और उनसे बचाव के उपाय के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके तुरंत बाद, कैडेटों ने खुद अपने हाथों से विभिन्न प्रकार के अग्निशामक सिलेंडरों (Fire E&tinguishers) का उपयोग कर लाइव आग बुझाने का अभ्यास किया। यदि कोई बहुमंजिला इमारत या बंद कमरा आग और जहरीले धुएं से घिर जाए, तो वहां फंसे नागरिकों को सुरक्षित बाहर कैसे निकाला जाए, इसका जीवंत प्रदर्शन (फायरमैन लिफ्ट और रेंगकर चलने की तकनीक) किया गया। धुएं से दम घुटने या झुलसने की स्थिति में पीड़ितों को दी जाने वाली तुरंत राहत और सीपीआर (CPR) देने की विधि भी इस प्रशिक्षण का हिस्सा रही।इस अवसर पर कॉलेज से आए हुए एसोसिएट एनसीसी अधिकारी,गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर और पी आई स्टाफ और 550 कैडेट्स उपस्थित रहे।

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए कड़ी जांच के बाद मिला प्रवेश

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा सोमवार को बलरामपुर के छह परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होनी है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा को नकल विहीन और पारदर्शी बनाने के लिए अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र व आधार कार्ड सत्यापन, रेटिना स्कैन, फिंगरप्रिंट मिलान और त्रिस्तरीय सुरक्षा जांच के बाद ही केंद्रों में प्रवेश दिया गया। जिले में तीन दिनों तक चलने वाली परीक्षा में कुल 14,688 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रतिदिन दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जा रही है।

दरगाह में है सूर्य कुंड होगा एएसआई सर्वे: अनिल राजभर

सर्वे को लेकर सीएम से करेंगे बात और पीएम को लिखेंगे पत्र

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जनपद पहुंचे कैबिनेट मंत्री ने एक बार फिर दरगाह में एएसआई सर्वे की मांग की है। उन्होंने इसको लेकर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री से बात करने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांता का महिमामंडन नहीं होगा। मंत्री के बयान के बाद जनपद में एक बार फिर राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। शहर के चित्तौरा स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पहुंचे सूबे के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर आज हर घर भगवा अभियान में शामिल होने बहराइच पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज वह हर घर भगवा अभियान, कमल निशान,कार्यक्रम में शामिल होने आए है और सभी अति पिछड़े समाज के जो हमारे पूर्वांचल के जिम्मेदार नेता हैं, उन सब लोगों को हमने आज यहां बुलाया था। और बहुत विस्तार से चर्चा हुई।उन्होंने बताया की इस स्मारक को इसलिए ही बनाया गया है कि जितना ही ज्यादा से ज्यादा लोग यहां पर आएंगे, तो सुहेलदेव जी के इतिहास के बारे में जानने की उनकी जिज्ञासा होगी, उनके बारे में जानेंगे, तो स्मारक बनाना भी सार्थक होगा, चरितार्थ होगा। दरगाह में सूर्यकुंड की बात पर सर्वे को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि सांसद आनंद गोड़ ने जो बात कही है, उस पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। और मैं भी निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री से बात करूंगा, प्रधानमंत्री को भी मैं पत्र लिखूंगा।

रात का रक्त सर्वे तय करेगा फाइलेरिया के खिलाफ अगली रणनीति

- तीन ब्लॉकों के नौ गांवों में होगा सर्वे, रात 10 बजे से 2 बजे तक लिए जाएंगे रक्त नमूने
- सीएमओ की अध्यक्षता में लैब टेक्नीशियनों को दिया गया प्रशिक्षण

बहराइच समृद्धि न्यूज़। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जनपद में 9 से 17 जून तक नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) संचालित किया जाएगा। इसकी तैयारियों के तहत अचल प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय लैब टेक्नीशियनों (एलटी) का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नमूना संग्रहण, स्लाइड निर्माण, जांच प्रक्रिया तथा रिपोर्टिंग संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई।इस अवसर पर फाइलेरिया इंस्पेक्टर विमल कुमार एवं रत्नेश कुमार, मलेरिया इंस्पेक्टर सतीश कुमार, बिंदिया रानी, अनिल गुप्ता, मुन्ना कुमार तथा तीनों विकास खंडों के लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहे।

तीन ब्लॉकों के नौ गांवों पर विशेष नजर

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे के तहत जनपद के तीन विकास खंडों के नौ चयनित गांवों में रक्त नमूने लिए जाएंगे। प्रत्येक ब्लॉक में दो रैंडम और एक सेंटीनल गांव का चयन किया गया है। नवाबगंज ब्लॉक के जमोघ, जमुनहा और गंगापुर, कैसरगंज ब्लॉक के कड़सर बिटौर, देवलखा और कुदौनी तथा तेजवापुर ब्लॉक के मैगला, भिरवा और चंदनापुर गांव सर्वे में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सर्वे के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर लोगों की उंगली से रक्त की बूंद लेकर माइक्रोफाइलेरिया की जांच के लिए स्लाइड तैयार करेंगी।

रात 10 बजे से 2 बजे तक ही होगी जांच

प्रशिक्षण के दौरान नोडल संचारी रोग डॉ. अनुराग वर्मा ने बताया कि फाइलेरिया रोग फैलाने वाले सूक्ष्म परजीवी (माइक्रोफाइलेरिया) दिन के समय शरीर की गहरी रक्त वाहिकाओं में रहते हैं और रात में सतही रक्त प्रवाह में सक्रिय हो जाते हैं। इसी कारण रक्त नमूने रात्रि 10 बजे से तड़के 2 बजे के बीच लिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे से किसी क्षेत्र में संक्रमण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाता है। सर्वे के परिणामों के आधार पर यह तय किया जाता है कि आगामी चरण में किन क्षेत्रों में फाइलेरिया रोधी दवा वितरण और अन्य नियंत्रण गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

क्या है सेंटीनल गांव?

सेंटीनल गांव वे गांव होते हैं जहां पहले फाइलेरिया संक्रमण पाया गया हो या जहां नियमित रूप से रोग की निगरानी की जाती है।

एसएसबी की बड़ी कार्रवाई: नेपाली तस्कर से स्मैक बरामदगी के बाद पुलिसकर्मियों की भी ली गई तलाशी

- मोतीपुर बॉर्डर पर हलचल, वायरल तस्वीरों से उठे सवाल नशे के कारोबार पर एसएसबी सख्त

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

भारत-नेपाल सीमा पर नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रही है। इसी क्रम में मोतीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक नेपाली तस्कर को स्मैक के साथ गिरफ्तार किए जाने के बाद एसएसबी की कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। जानकारी के अनुसार, एसएसबी की टीम ने एक नेपाली तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से करीब 25 ग्राम स्मैक बरामद की। कानूनी कार्रवाई के लिए एसएसबी ने स्थानीय पुलिस को मौके पर बुलाया था, लेकिन इसके बाद जो घटनाक्रम सामने आया उसने सभी को चौंका दिया। बताया जा रहा है कि एसएसबी की टीम ने मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों की भी तलाशी लेनी शुरू कर दी। इस अप्रत्याशित कार्रवाई से वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और पूरे मामले को लेकर सीमाई क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गईं। सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ते नशे के नेटवर्क को देखते हुए एसएसबी हर स्तर पर मुस्तैदी और सख्ती बरत रही है। यही वजह है कि सुरक्षा और जांच के मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है।

इस घटना से जुड़ी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिससे इस पूरे प्रकरण को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, इस संवेदनशील मामले पर अभी तक संबंधित विभागों या उच्चाधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

पुरानी रंजिश को लेकर वृद्ध की पीट-पीट कर हत्या

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। खोड़ारे थाना क्षेत्र के कूक नगर ग्रांट राम सहाय डीह गांव के निवासी 70 वर्षीय राम सूरत वर्मा पुत्र भागीरथी वर्मा को रवि वार के दिन पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडा से पीट पीट कर हत्या कर दी गई। घटना की तहरीर मृतक के दामाद राकेश वर्मा ने खोड़ारे थाने पर देकर राज कुमार वर्मा उस की दो पुत्री सरिता संगीता और पुत्र रवि वर्मा के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया है। राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि उस के सहन दरवाजे पर राज कुमार वर्मा उस की पुत्री पुत्र आ गए और गाली गलौज करने लगे मना करने पर उस के ससुर को लाठी डंडा से मारने पीटने लगे। शोर की आवाज सुनकर बचाने दौड़ी उस की पुत्री प्रमिला देवी को भी लाठी डंडा से मारा पीटा गया। गांव के लोगों के आ जाने से हमलावर भागे। घायल अवस्था में बाप बेटी को खोड़ारे सी एस सी पर ले कर गए। चिकित्सक ने देखने के बाद राम सूरत वर्मा को मृत्यु घोषित कर दिया। बेटी प्रमिला का इलाज सी एस सी पर चल रहा है।

संबंध विच्छेद

मैंने अपने छोटे पुत्र आशीष पुत्र जुगुल किशोर व उसकी पत्नी सोनी निवासी मोहल्ला गौशाला के पास गोला जिला खीरी। जो आये दिन मुझे मारते पीटते व अकारण परेशान करते हैं। उनके चाल चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने उन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त संबंध विच्छेद कर लिए हैं।भविष्य में वे अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे।जुगुल किशोर पुत्र स्व. कालिका प्रसाद निवासी मोहल्ला कुम्हारटोला वार्ड नं0-8 गोला गोकर्णनाथ जिला लखीमपुर खीरी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा डी.एल. जिसकी आवेदन सं0 UP41 20000002292 है। जिसमें मेरा व मेरे पिता का नाम अशोक कुमार (ASHOK KUMAR) पुत्र रामदास (RAM DAS) अंकित हो गया है। जबकि मेरा व मेरे पिता का सही नाम अशोक कुमार गुप्ता (ASHOK KUMAR GUPTA) पुत्र रामदास गुप्ता (RAM DAS GUPTA) है। यही नाम मेरे अन्य सभी अभिलेखों में भी दर्ज है। मैं इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हूँ । डीएल में यही नाम पढ़ा व समझा जाये।

सूचनाकर्ता
अशोक कुमार गुप्ता पुत्र रामदास गुप्ता निवासी भवन सं.- एस/955 व वर्तमान भवन सं.-के ए/403 राजकमल रोड, सत्यप्रेमी नगर, नवाबगंज जनपद-बाराबंकी उ.प्र.।

ओवैसी के बहराइच दौरे का हिंदू संगठनों ने किया विरोध

- जिला प्रशासन से कार्यक्रम की अनुमति न देने की मांग

बहराइच समृद्धि न्यूज़। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी का 14 जून को संभावित दौरा प्रस्तावित है। इस जानकारी के बाद हिंदू संगठनों ने उनके दौरे का विरोध करते हुए जिला प्रशासन से इस पर रोक लगाने की मांग की है। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के देवीपाटन मंडल अध्यक्ष मनीष पांडे के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान सभी ने ओवैसी के दौरे का विरोध करते हुए इसे रोकने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष मनीष पांडे ने बताया कि

एआईएमआईएम के नेताओं द्वारा लगातार भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया जाता रहा है।

नवागत पुलिस उपमहानिरीक्षक ने शिविर कार्यालय में सुनीं फरियाद

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। सोमवार को नवागत पुलिस उपमहानिरीक्षक, अशोक कुमार, देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा द्वारा शिविर कार्यालय में आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न मामलों से संबंधित शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। महोदय ने प्रत्येक प्रकरण का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर निर्धारित समयावधि में विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए 28 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक लाभार्थी 08 जून से 28 जून 2026 तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, गोंडा ने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम स्थापना योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। लाभ प्राप्त करने के इच्छुक आवेदकों को प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा। योजनाओं की आवेदन प्रक्रिया, इकाई लागत, आवश्यक अभिलेखों तथा अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि शासन स्तर से यदि योजनाओं के प्रावधानों में कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित नियम लागू होंगे। साथ ही, पूर्व वर्षों में जिन आवेदकों के आवेदन निरस्त हो गए थे अथवा प्रतीक्षारत हैं, वे भी पुनः आवेदन कर सकते हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 अलीगंज जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-391/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 08.06.2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 15.06.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनाँक15.06.2026 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक 15.06.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Redevlopment of Tubewell by PSI Compressor at Bandi Mata Mandir T/W, Mankameshwer Ward, Lko	5300.00	Rs.300+18 % GST= 354	07 दिवस
2.	Laying and interconnection of 90 mm dia PVC pipe lien 106 mtr from H.No 535/192B to H.No E-1/148,Sec-B Aliganj Ward Lko	2700.00	Rs.150+18 % GST= 177	07 दिवस

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

निर्धन की शिक्षा बाधित नहीं होने देगी सरकार : योगी

बूढ़ी मां संग आई बेटी ने बीटेक की पढ़ाई के लिए लगाई गुहार, सीएम ने किया आश्वस्त

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया। प्रदेश भर से आए लोगों से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं और समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। एक बच्ची ने मुख्यमंत्री से उच्च शिक्षा के लिए मदद की गुहार लगाई, जिसपर उन्होंने लखनऊ के किसी संस्थान में प्रवेश दिलाने का आदेश दिया।

पुलिस की अनसुनी व अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर सख्त सीएम ने अफसरों को मॉनीटरिंग कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का आदेश दिया। लखनऊ की एक बच्ची बूढ़ी मां के साथ पहुंची। उसने इंटरमीडिएट अच्छे अंक से उत्तीर्ण किया है। वह बीटेक करना चाहती है, लेकिन धन के अभाव में दिक्कत हो रही है। सीएम ने उसकी मार्कशीट देखी, कहा कि पढ़ाई पर ध्यान दो। आपका प्रवेश अच्छे संस्थान में कराया जाएगा। सरकार किसी भी निर्धन या जरूरतमंद की शिक्षा को बाधित नहीं होने देगी। बेटी व मां ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। फरियादियों ने मुख्यमंत्री से पुलिस की हीलाहवाली व अवैध कब्जे को लेकर उचित कार्रवाई न होने की शिकायत करते हुए प्रार्थना पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने हर प्रकरण को सुना, फिर शासन के अफसरों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि इन मामलों की मॉनीटरिंग करिए। पीड़ित को न्याय और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराइए। सीएम ने पीड़ितों को जल्द ही समाधान के लिए आश्वस्त किया। कुछ फरियादी ऐसे भी आए जो सीधे 'जनता दर्शन' में पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूछा कि आपने जनपद के किस अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी। इस पर कुछ फरियादियों ने कहा कि हम सीधे यहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गर्मी बेतहाशा पड़ रही है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और सबसे पहले अपनी शिकायतें जनपद, मंडल स्तर के अधिकारियों से करें। कई समस्याओं का समाधान वहीं से हो जाएगा।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ई-रिक्शा से पहुंचे दफ्तर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

न्यूनतम ईंधन खपत वाले साधनों का प्रयोग करें नागरिक

उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज साप्ताहिक संकल्प को आगे बढ़ाते हुए विधानसभा स्थित कार्यालय आने-जाने के लिए ई-रिक्शा का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों तथा खाड़ी देशों में जारी अस्थिरता के बीच ऊर्जा संरक्षण, पेट्रोलियम ईंधनों की बचत की आवश्यकता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री द्वारा ईंधन की खपत कम करने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने, वैकल्पिक एवं स्वच्छ परिवहन साधनों को अपनाने का आह्वान किया गया है।

उन्होंने सप्ताह में कम से कम एक दिन पेट्रोलियम ईंधन रहित अथवा न्यूनतम ईंधन खपत वाले साधनों का उपयोग करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि आज वह ई-रिक्शा से अपने सरकारी आवास से विधानसभा कार्यालय पहुंचे तथा कार्यालय से आवास आने-जाने में भी ई-रिक्शा का ही उपयोग करेंगे।

ऊर्जा संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय दायित्व है। श्री खन्ना ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए नागरिक यथासंभव न्यूनतम ईंधन खपत वाले साधनों का प्रयोग करें।

छोटी दूरी की यात्राओं के लिए साइकिल, ई-रिक्शा, सार्वजनिक परिवहन अथवा अन्य वैकल्पिक साधनों को प्राथमिकता देकर न केवल पेट्रोलियम ईंधनों की बचत की जा सकती है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय हित में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। श्री खन्ना लगभग एक माह से अपने संकल्प को निरंतर मूर्त रूप दे रहे हैं। इस अवधि में उन्होंने कभी साइकिल तो कभी ई-रिक्शा का प्रयोग कर जनसामान्य को ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया है। यदि प्रत्येक नागरिक सप्ताह में एक दिन भी ईंधन की खपत कम करने का प्रयास करे तो राष्ट्रहित में एक बड़ा योगदान सिद्ध होगा।

खबरें एक नजर में

मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटोरोला एज 70 प्रो प्लस स्मार्टफोन

लखनऊ/कानपुर, समृद्धि न्यूज। मोबाइल टेक्नोलॉजी व इनोवेशन में वैश्विक अग्रणी और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज मोटोरोला एज 70 प्रो प्लस लॉन्च किया, जो 2026 का सबसे स्टाइलिश ऑल-राउंडर फोन है। इस डिवाइस में क्राड 50डब् प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिसका नेतृत्व कम रोशनी में बेहतरीन फोटोग्राफी के लिए मोटो एआई से लैस एडवांस सोनी लिटिया 710 कैमरा करता है। इसके साथ ही इसमें 50एक्स एआई सुपर जूम प्रो के साथ 50एमपी का 3.5एक्स पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा, 50एमपी का अल्ट्रा-वाइड प्लस मैक्रो विजन कैमरा और ऑटो फोकस के साथ 50एमपी का क्राड पिक्सेल सेल्फी कैमरा शामिल है। एडवांस ऑन-डिवाइस एआई क्षमताओं वाले मीडियाटेक डाइमेंशन 8500 एक्सट्रीम प्रोसेसर से पावर्ड, मोटोरोला एज 70 प्रो प्लस में पैंटोन द्वारा चुने गए रंगों में शानदार सैटिन-लक्स, स्कल्प्टेड वुड और ट्विल इंस्पायर्ड फिनिश के साथ श्कलेक्शंस बाय मोटोरोलाश् को पेश किया गया है। एक शानदार 144हट्र्ज 1.5के ट्रू कलर क्राड-कर्व्ड पैंटोन वैलिडेटेड डिस्प्ले, 90वाट टर्बोपावर चार्जिंग और 15वाट वायरलेस चार्जिंग के साथ आने वाली विशाल 6500एमएएच सिलिकॉन-कार्बन बैटरी, और आईपी68 प्लस आईपी69 मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी के साथ मिलकर यह डिवाइस एक संपूर्ण फ्लैगशिप स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है। मोटोरोला एज 70 प्रो प्लस वीडियो एचडीआर के साथ सभी लेंस पर अल्ट्रा-शार्प 4के 60एफपीएस वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है, जिससे हर एंगल से सिनेमाई स्टोरीटेलिंग के लिए बिना किसी रुकावट के कैमरा स्विचिंग की जा सकती है। मोटोरोला ने फ्रेम मैच फीचर भी पेश किया है, जो यूजर्स को परफेक्ट फ्रेम को लॉक करने और उसे आसानी से दोबारा रीक्रिएट करने की अनुमति देता है। होराइजन लॉक वीडियो को अत्यधिक हलचल और पूरे 360 डिग्री रोटेशन के दौरान भी पूरी तरह से स्थिर रखता है।

सगी भांजी से दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। बंथरा पुलिस ने नाबालिग भांजी से दुष्कर्म के आरोपी उसके सगे मामा को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत सोमवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की मां ने रविवार को बंथरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी 13 वर्षीय बेटी, जो कक्षा 7 में पढ़ती है, तीन दिन पहले अपनी ननिहाल आई थी। रविवार सुबह करीब 10 बजे, नशे में धुत मामा अपने घर पहुंचा और बच्ची को कमरे में खींच ले गया। वहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के चीखने-चिल्लाने पर आरोपी की पत्नी ने उसे बचाने का प्रयास किया, जिस पर आरोपी ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित किशोरी की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद, प्रभारी निरीक्षक बंथरा के निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने साक्ष्य संकलन और आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर, 32 वर्षीय आरोपी को नरायनपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य तथ्यों और साक्ष्यों का भी संकलन किया जा रहा है।

रेलवे कुली पर जानलेवा हमला, कुलियों में आक्रोश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी में सुबह लखनऊ मेल से यात्री का समान उतार रहे एक कुली पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित कुली एहरार ने घटना की तहरीर उत्तर रेलवे जीआरपी को दी। परंतु घंटों बाद भी जीआरपी में इस घटना पर कोई कार्रवाई नहीं की। एहरार के अनुसार उस पर हमला सुधीर मकबूल तथा उन लोगों ने पीटा, उसे डंडों लोहे की राड आदि से पीटा तथा जान से मार देने की धमकियां भी दी। साथ ही कुली अहरार की ट्राली भी अपने साथ ले गए। सूत्रों के अनुसार मामला लखनऊ मेल से यात्री का सामान उठते समय वाद विवाद से हुआ। जीआरपी द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने पर कुली एकत्र होकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के पास गए। और उनसे न्याय की गुहार लगाई। उप-मुख्यमंत्री द्वारा तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश जीआरपी को दिए गए। इस घटना से कुलियाना में काफी आक्रोश है।

पांचवीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र स्थित एल्डिको सिटी के स्काईवॉक टावर में सोमवार सुबह निर्माणाधीन इमारत की पांचवीं मंजिल से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह शटरिंग लगाने का काम कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। बहराइच के सुजौली निवासी रामकुमार साहनी एल्डिको सिटी स्थित स्काईवॉक टावर में मजदूरी करते थे। सोमवार सुबह वह टावर की पांचवीं मंजिल पर शटरिंग लगाने के काम में जुटे थे। इस दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़े। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। साथ में काम कर रहे मजदूरों ने उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को भी दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मौके पर मौजूद मजदूरों ने बताया कि निर्माण कार्य ठेकेदार मनोज के माध्यम से कराया जा रहा था।

डिजिटल लाइब्रेरी व पेयजल व्यवस्था को मिलेगी नई गति : राजभर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

डिजिटल युग में ग्रामीण बच्चों व युवाओं को आधुनिक शिक्षा संसाधनों से जोड़ना समय की आवश्यकता

उत्तर प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को विधानसभा के मुख्य भवन के कक्ष कार्यालय में पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों के समग्र विकास से जुड़ी सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा डिजिटल सुविधाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में मंत्री ने ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) की स्थापना की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ग्रामीण बच्चों और युवाओं को आधुनिक शिक्षा संसाधनों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। डिजिटल लाइब्रेरी न केवल विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराएगी, बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा और डिजिटल ज्ञान से भी जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है, वहां शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर कार्यवाही पूर्ण की जाए। मंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। उन्होंने सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों की भागीदारी बढ़ाई जाए। साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) की स्थापना एवं संचालन कार्यों में तेजी लाने को कहा।

ओम प्रकाश राजभर ने गंगा एक्शन प्लान से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक का एक महत्वपूर्ण विषय प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित लगभग 28.60 लाख हैंडपंपों की जियो-टैगिंग और मानकीकरण व्यवस्था रहा। मंत्री ने कहा कि सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी हैंडपंपों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाए, ताकि उनकी वास्तविक स्थिति, संचालन क्षमता और जल गुणवत्ता की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध हो सके।

फीस बढ़ोत्तरी का विरोध कर रहे एलयू छात्रों के समर्थन में आये विधायक रविदास मेहरोत्रा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू में छात्रों के निष्कासन और फीस बढ़ोत्तरी के विरोध में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को सातवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा धरना स्थल पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने वहीं से एलयू के कुलपति को फोन मिलाया।

रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि छात्रों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। वहीं, आंदोलन को समर्थन देने के लिए कांग्रेस के फरेंदा विधायक विरेंद्र चौधरी के भी धरना स्थल पर पहुंचने की संभावना है। धरने पर बैठे छात्रों की विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी जारी है। छात्रों का कहना है कि छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को उठाने पर कार्रवाई की जा रही है। जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन खुद अड़ियल रुख अपनाकर कई गुना फीस बढ़ा दे रहा है। धरने पर बैठे छात्रों का कहना है कि जब तक निष्कासन वापस नहीं लिया जाता और फीस वृद्धि समेत अन्य मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई नई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

योग गुरु रोमा हिमवान के साथ दिव्यांग, सीनियर सिटीजन व बच्चों ने जल के अंदर किया योग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी में योग दिवस के पहले जगह-जगह योगाभ्यास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को गोमतीनगर में जल के अंदर महिलाओं, दिव्यांग बच्चों और बुजुर्गों ने योगाभ्यास किया। यह अभ्यास कार्यक्रम जगदंबा योग वेलफेयर सोसाइटी की ओर से कराया गया।

सोसाइटी की ओर से योग गुरु रोमा हेमवानी को योग कराने के लिए बुलाया गया था। रोमा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक योग और आरोग्यता का संदेश पहुंचाना है, जो अक्सर मुख्यधारा की गतिविधियों से दूर रह जाते हैं। जल के अंदर शरीर सबसे ज्यादा संतुलित रहता है।

योग गुरु रोमा हिमवान के साथ दिव्यांग, सीनियर सिटीजन, महिलाओं और बच्चों ने जल के अंदर योग किया। जल के भीतर विभिन्न योगासनों का आकर्षक और प्रेरणादायक प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने जल की तरलता के बीच संतुलन, एकाग्रता और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए कई जटिल योग मुद्राओं को सहजता से किया। उनके प्रदर्शन ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जलयोग प्रशिक्षिका रोमा हेमवानी ने जलयोग के बारे में बताया कि जल की सौम्यता, तरलता और उपचारात्मक गुण शरीर और मन को संतुलित करने में सहायक होते हैं। जलयोग विशेष रूप से दिव्यांगों, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाभकारी है, क्योंकि पानी में कठिन योगासन भी अपेक्षाकृत सरलता से किए जा सकते हैं। पानी में योग करने से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूती मिलती है। जलयोग करने पहुंचे हनुमंत धाम के मुख्य पुजारी गुरु रामसेवक दास ने कहा कि योग मानव शरीर के लिए बेहद जरूरी है।

योग कई तरीके का होता है। जलयोग, वायुयोग और अग्नियोग। हमारे ऋषि-मुनियों ने योग करके हमें यह संदेश दिया कि शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना बेहद जरूरी है। आज योग अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। योग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई, वह बेहद सराहनीय है। सभी लोगों के लिए यह आवश्यक है कि सिर्फ एक दिन योग न करें, बल्कि साल के 365 दिन करें, तब इसका पूरा लाभ मिलेगा।

किसानों की आमदनी दोगुनी होने के बजाय आधी भी नहीं रही : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

खाद, बीज व डीजल महंगा होने से खेती करना दुश्वार होता जा रहा

खाद की कीमतें बढ़ाकर किसानों के सामने बड़ी चुनौती पैदा कर दी गई

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों के मुद्दे पर एक बार फिर भाजपा पर बड़ा हमला बोला है।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार के 12 साल के शासनकाल में किसानों की आमदनी दोगुनी होने के बजाय आधी भी नहीं रह गयी है। महंगाई की मार से बेहाल किसानों के सामने खेती का संकट पैछा हो गया है। डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी के बाद उर्वरकों के दाम बढ़ने से किसान परेशान हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि खाद, बीज और डीजल महंगा होने से खेती करना दुश्वार होता जा रहा है। हालात ये हैं कि खेती अब घाटे का काम हो चला है। खाद की कीमतें बढ़ाकर अब किसानों के सामने बड़ी चुनौती पैदा कर दी गई। महंगाई से आमजन के साथ किसान त्रस्त हैं। सरकार को न तो किसानों की जनता है न आम लोगों की। वह सिर्फ अपने उद्योगपति मित्रों के मुनाफे के लिए महंगाई बढ़ाए जा रही है। अच्छी फैसल और पैदावार के लिए किसानों को सबसे ज्यादा नाइट्रोजन, फासफोरस और पोटेशियम यानी एनपीके की जरूरत होती है। इनका ज्यादा उपयोग होता है। लेकिन महंगाई ने किसानों का पूरा बजट बिगाड़ रखा है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों का खेती से मोहभंग होने लगा है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार किसानों को उनकी जमीन और खेती से दूर करने के लिए साजिशन ऐसा कर रही है। ताकि किसान खेती छोड़ दें।

जीएस के सवालों में उलझे सिपाही अभ्यर्थी

पेपर देकर बोले, हिंदी और मैथ्स थी सरल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा में पहली पाली का पेपर देने वाले ज्यादातर अभ्यर्थियों ने कहा है कि हिंदी-मैथ्स सरल थी। लेकिन, जीएस (जनरल स्टडीज) के सवाल गहराई से पूछ लिया। इसी वजह से जीएस में टाइम मैनेजमेंट गड़बड़ हो गया। सिपाही भर्ती परीक्षा लखनऊ सहित प्रदेश के 75 जिलों में 8 से 10 जून तक चलेगी।

लखनऊ में 55 एग्जाम सेंटर हैं। यहां के लिए कुल 1 लाख 35 हजार 936 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हैं। पहले दिन की परीक्षा में मध्य प्रदेश के भी युवा शामिल हुए। 7 जून की रात से ही हजारों अभ्यर्थी लखनऊ पहुंच गए। चारबाग स्टेशन पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। यहां अभ्यर्थियों के ठहरने के नगर निगम ने चारबाग स्टेशन पर ही अस्थायी रैन बसेरा बनाया है। इसमें कूलर और पानी की व्यवस्था की गई है। सुबह 8 बजे से ही केंद्रों में एंट्री शुरू हो गई।

नेशनल पीजी कॉलेज सेंटर के बाहर एक नवविवाहिता अभ्यर्थी ने कंगन और मंगलसूत्र उतारकर पति को दिए। इसके बाद ही एंट्री मिल पाई। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से 32,679 पदों के लिए सिपाही भर्ती परीक्षा कराई जा रही है। परीक्षा पूरे यूपी में 8, 9 और 10 जून को कराई जा रही है। लखऊ में कुल 55 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें शासकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त इंटर और डिग्री कॉलेज शामिल हैं। तीन दिनों के लिए कुल 1,35,936 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हैं। हर पाली में 22,656 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी।

चंद्रिका देवी मंदिर परिसर की दुकान से चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। बीकेटी में चंद्रिका देवी मंदिर परिसर स्थित एक होलसेल दुकान से चोरों ने नकदी चोरी कर ली। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर में अतुल सिंह की तांबे के पात्र और पूजन सामग्री की होलसेल दुकान है। रविवार रात लगभग 2 बजे चोर दुकान में घुस गए। उन्होंने गल्ले में रखी नकदी चुराई और मौके से फरार हो गए। सोमवार सुबह दुकान मालिक को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में चोरी की पूरी घटना रिकॉर्ड मिली। पीड़ित ने बीकेटी पुलिस को घटना की सूचना दी। थाना प्रभारी बीकेटी संजय सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

तैयारी | संस्कृति संगहालय में जीवंत होंगी भारतीय परंपराएं

लखनऊ में दिखेगा संस्कृति व आध्यात्म का हाईटेक संगम

इंटरैक्टिव गैलरियों में जीवंत होगी जनजातीय संस्कृति

प्रवेश प्लाजा से ओपन थिएटर तक, हर सुविधा में दिखेगी संस्कृति

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

पांच तत्वों व वैदिक परंपराओं में दिखेगा भारतीय संस्कार

गैलरी-1 में भारतीय रीति-रिवाजों की उत्पत्ति, वैदिक परंपराएं और प्रकृति के पांच तत्व-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के साथ उनके संबंध को दर्शाया जाएगा। यहां 270 डिग्री प्रोजेक्शन स्क्रीन के माध्यम से ओरिएंटेशन फिल्म दिखाई जाएगी। इसी गैलरी में सोलह संस्कारों को विशेष रूप से प्रस्तुत किया जाएगा, जिनमें गर्भाधान, नामकरण, अन्नप्राशन, उपनयन, विवाह, संन्यास और अंत्येष्टि जैसे संस्कार शामिल होंगे। होलोग्राफिक प्रोजेक्शन और पीतल की भित्ति चित्रों के माध्यम से इन संस्कारों को आधुनिक और आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ में जल्द ही ऐसा सांस्कृतिक संग्रहालय विकसित होने जा रहा है, जहां उत्तर प्रदेश की जनजातीय विरासत, लोक परंपराएं, संस्कार और भारतीय जीवन दर्शन आधुनिक तकनीक के साथ जीवंत रूप में देखने को मिलेंगे। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश संस्कृति संग्राहलय-म्यूजियम एंड रिचुअल सेंटर परियोजना के निर्माण और क्यूरेशन कार्य के लिए राज्य सरकार ने करीब 23.42 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में 8 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने की अनुमति भी दे दी गई है।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि, इस संग्रहालय का विजन केवल एक भवन तैयार करना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की जनजातीय और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक अंदाज में दुनिया के सामने प्रस्तुत करना है। यहां प्रदेश की प्रमुख जनजातियों की संस्कृति, परंपराएं, जीवनशैली, आध्यात्मिक सोच और लोक ज्ञान को इंटरैक्टिव गैलरियों के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा।

परियोजना के तहत प्रवेश प्लाजा, पार्किंग, स्मारिका केंद्र, कैफेटेरिया, पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, आवास ब्लॉक, ओपन थिएटर, तालाब, एडमिन ब्लॉक, निगरानी टावर और सौर ऊर्जा उत्पादन प्रणाली जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। संग्रहालय का पूरा ढांचा पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक डिजाइन के समन्वय पर आधारित होगा। यहां आने वाले पर्यटक केवल प्रदर्शनी नहीं देखेंगे, बल्कि भारतीय संस्कारों और जीवनचक्र को अनुभव भी कर सकेंगे।

मोबाइल चोरी कर यूपीआई से उड़ाते थे रकम, पांच गिरफ्तार

15 मोबाइल, सात सिम, दो एटीएम कार्ड बरामद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ के सैरपुर पुलिस और डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने मोबाइल चोरी कर बैंक खातों से रुपये निकालने वाले एक शातिर साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 मोबाइल फोन, 7 सिम कार्ड, 2 एटीएम कार्ड, 22,260 रुपये नकद, चार्जर, मल्टी चार्जिंग केबल और घटना में प्रयुक्त हुंडई वर्ना कार बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, सैरपुर क्षेत्र निवासी सरोज कुमार ने 7 जून को मोबाइल चोरी होने और खाते से रुपये निकलने की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के एसबीआई खाते से 1.36 लाख रुपये तथा पीएनबी खाते से 54 हजार रुपये निकाल लिए गए थे।

शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर किसान पथ क्षेत्र में घेराबंदी की। यहां एक हुंडई वर्ना कार में सवार पांच संदिग्धों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी के मोबाइल, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड और नकदी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बाजारों, बस स्टैंडों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों के मोबाइल चोरी करते थे।

मोबाइल हाथ लगने के बाद उसमें मौजूद बैंकिंग एप और सिम कार्ड का इस्तेमाल कर नई यूपीआई आईडी बनाते थे। इसके जरिए खाताधारकों की जानकारी के बिना उनके बैंक खातों से रुपये ट्रांसफर कर लेते थे।

गिरफ्तार आरोपी औरैया, शाहजहांपुर, हाथरस और हरदोई जिलों के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास और अन्य मामलों में संलिप्तता की जांच कर रही है। उनके पास से 15 मोबाइल फोन 7 सिम कार्ड 2 एटीएम कार्ड 22,260 रुपये नकद चार्जर व मल्टी चार्जिंग केबल हुंडई वर्ना कार (सीज) बरामद की गई है।

डीएम की नाराजगी, 24 घंटे में 100 शिकायतों का निस्तारण

तहसील दिवस में शिकायतें ज्यादा देख डीएम ने जताई थी नाराजगी

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

पुवायां तहसील में शिकायतों की संख्या ज्यादा रहने एवं उनका समय पर निस्तारण न होने पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नाराजगी के साथ एक कानूनगो को संस्पेंड कर बड़ी कार्यवाही की थी। जिसके बाद 24 घंटे के अंदर तहसील स्तरीय अधिकारियों ने रात दिन एक करके 100 शिकायतों का निस्तारण कर रिपोर्ट डीएम के वाट्सएप नंबर पर शेयर कर अवगत कराया है। जिन फरियादियों की शिकायतों का सालों से निस्तारण अधर में लटका हुआ था, उनको भी न्याय मिल गया है। फरियादियों ने डीएम की कार्यशैली की सराहना करते हुए धन्यवाद भी बोला।

बता दें कि शनिवार को वह तहसील दिवस में जनसुनवाई को डीएम पहुंचे थे तो वहां की स्थिति देखकर लग रहा था कि यहां के नायब तहसीलदार, कानूनगो व लेखपाल अपने कार्यों को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है। जिस कारण जनता परेशान हैं। जिसके बाद डीएम ने सख्त लहजे में सभी अधिकारियों को चेताया कि 24 घंटे में शिकायतों का निस्तारण कर रिपोर्ट दे। डीएम ने बताया कि तहसील दिवस में 250 शिकायतें आई थी, जिनमें 100 का निस्तारण कर जनता का फीडबैक भी लिया गया है। वो लोग संतुष्ट हैं। जनशिकायतों को लेकर लापरवाही व उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विजय तन्हा आचार्य पिंगल साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित

साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था का मासिक कवि सम्मेलन संपन्न

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

शिवभार गुर्जर लखनवी साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा मासिक कवि सम्मेलन का आयोजन प्रभात नगर, तेलीबाग लखनऊ में किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर अजय प्रसून ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शिवनाथ सिंह शिव, अति विशिष्ट अतिथि विजय तन्हा, विशिष्ट अतिथि इरशाद राही, प्रवीण कुमार पाण्डेय व डॉ. सरिता कटियार सदाबहार रहीं। संस्था के संस्थापक डॉ. एल पी गुर्जर लखनवी द्वारा मंच का गठन कर सभी आगंतुकों साहित्यकारों का स्वागत किया गया। संरक्षिका रमा गुर्जर की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वाणी वंदना अनीता अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत की गई। कुशल संचालन ने डॉ. अमलेश कुमार अमल ने किया। इस अवसर पर प्रेरणा पत्रिका संपादक हास्य-व्यंग्य कवि विजय तन्हा को उनकी साहित्यिक सेवाओं पर आचार्य पिंगल साहित्य रत्न सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया जिसमें माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व सम्मान पत्र भेंट किया। इसके अलावा डा. खुशबू गौतम, राम राज भारती व डॉ. आर एस विश्वकर्मा सजल को भी सम्मानित किया गया।

आंधी तूफान और बारिश में टिनशेड और इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड हवा में उड़े

मिर्जापुर, शाहजहांपुर। रविवार की देर रात तेज बारिश के साथ आए आंधी तूफान में तमाम घरों और दुकानों में पड़े टिनशेड और दुकानों में प्रचारार्थ लगे कीमती इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड हवा में उड़कर दूर जा गिरे। जिससे कोई जनहानि तो नहीं हुई,किंतु भारी धनहानि जरूर हो गई। ग्रामीण क्षेत्र में आज भी तमाम गरीब तबके के लोगों ने छप्परदार और टिनशेड के आवास बना रखे हैं। तेज हवा में टिनशेड और छप्परदार घरों में रहने वालों के टिनशेड और छप्पर हवा में उड़ गए। जिससे उनके परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं।

चोक नालियों की गंदगी घरों और दुकानों में भरी, आंधी तूफान में मिर्जापुर क्षेत्र की मेन विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त, पूरी रात अंधेरे में डूबा रहा क्षेत्र

एजेंसियों और दुकानों में बिकने वाले उत्पाद के प्रचारार्थ लगाए गए कीमती इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड और नेताओं के शुभकामना संदेश वाले फ्लेक्सी बोर्ड भी हवा में उड़कर दूर जा गिरे। देर रात में आए आंधी तूफान जगह जगह पेड़ गिर जाने और विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से पूरी रात इलाके का विद्युत नेटवर्क भी फेल हो गया। तेज आंधी तूफान में पूरे इलाके की ठप विद्युत आपूर्ति को सोमवार सुबह विद्युतकर्मियों ने जैसे तैसे क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को दुरुस्त कर दोपहर तक विद्युत आपूर्ति सुचारू की। कस्बे में अचानक हुई तेज बारिश में चोक नालियां गंदगी से उफनाकर कई दुकानें और घर नालियों की गंदगी से भर गए।

याकूबपुर चौराहे की बदहाल पुलिया बनी राहगीरों के लिए मुसीबत, ट्रक फंसा, टायर हुए पंचर

जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के याकूबपुर चैराहे पर बनी जर्जर और टूटी हुई पुलिया लगातार दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही है। बीती रात करीब 2.00 बजे फर्रुखाबाद से बहराइच की ओर जा रहा एक भारी ट्रक इस टूटी हुई पुलिया में फंस गया। मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक शाहजहांपुर रोड की ओर जा रहा था। पुलिया पहले से ही जर्जर अवस्था में थी, जिस पर ट्रक का पहिया अचानक अंदर धंस गया। चालक ने ट्रक को निकालने के लिए काफी मशक्कत की, लेकिन काफी प्रयासों के बाद भी उसे नुकसान उठाना पड़ा। इस घटना में ट्रक के दो टायर बुरी तरह फटकर पंचर हो गए, जिससे चालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ और मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित रहा। क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि यह पुलिया काफी समय से टूटी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। आए दिन यहां छोटे-बड़े वाहन फंसते रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस जर्जर पुलिया और आसपास की खराब सड़क को अविलंब दुरुस्त किया जाए ताकि लोगों को इस समस्या से स्थायी रूप से निजात मिल सके। घ्पुलिया का पुनर्निर्माणरू केवल खानापूर्ति न करके पुलिया को तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जाए। सड़क का चैड़ीकरण एवं मरम्मतरू चैराहे पर बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए सड़क को दुरुस्त किया जाए। स्थानीय प्रशासन से अपील है कि किसी बड़ी जनहानि का इंतजार करने से पहले इस समस्या का समाधान अभी तक नही हुआ।

डॉ. रजनी सरीन के निधन पर रेड क्रॉस ने व्यक्त किया शोक

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

स्व0 डा0 रजनी सरीन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डा0 विजय जौहरी उनके साथ में है कालपी के पूर्व विधायक डा0 अरूण मेहरोत्रा जी

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक, सोसाइटी जनपद फरूखाबाद के चेयरमैन डॉ. रजनी सरीन के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ विजय जौहरी ने जानकारी देते हुए बताया की उनके स्वर्गवास की सूचना उनके छोटे भाई कालपी के पूर्व विधायक डॉ अरुण मेहरोत्रा द्वारा दी गयी है, डॉ. रजनी सरीन का समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में लखनऊ स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश मुख्यालय में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सभापति एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की अध्यक्षता में आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में भी डॉ. सरीन ने सक्रिय सहभागिता निभाई थी। डॉ विजय जौहरी ने कहा की 31 मार्च को लखनऊ में डॉ. रजनी सरिन से हुई मेरी बैठक हमारे बीच अंतिम भेंट सिद्ध हुई। यह मुलाकात सदैव मेरी स्मृतियों में जीवंत रहेगी। उनके व्यक्तित्व में सेवा, समर्पण और मानवता का अद्भुत संगम था। उनसे हुई चर्चा ने मुझे समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। उनके मार्गदर्शन, स्नेह और समाज के प्रति समर्पित जीवन को मैं सदैव स्मरण करता रहूँगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें, उन्होंने कहा कि डॉ. सरीन का संरक्षण, मार्गदर्शन एवं स्नेह रेड क्रॉस परिवार के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके आदर्शों एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने डॉ. सरीन के निधन को समाज एवं रेड क्रॉस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर डॉ विजय जौहरी ने फर्रुखाबाद उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें पुष्प अर्पित किये तथा घटिया घाट पर उनके अंतिम संस्कार में भाग लिया।

खबरें एक नजर में

अपना दल एस की बैठक में संगठन मजबूत करने का आह्वान

तिलहर - शाहजहांपुर। अपनदल एस के जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में चीनी मिल गेस्ट हाउस में हुई बैठक में संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। रविवार को महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक शुरू हुई । मुख्य अतिथि ओमकार पटेल , विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष बरेली परिक्षेत्र दानिश जीशान ने खान ने संगठन की मजबूती व विस्तार और मिशन 2027 पर कार्य करने के साथ ही आगामी दो जुलाई को लखनऊ में आयोजित होने वाले डा. सोने लाल पटेल की जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया । तिलहर नगरअध्यक्ष सैफ अली खान ने नगर संगठन को मजबूत किए जाने एवं सामाजिक कार्यों की बिन्दुवार विस्तृत चर्चा की। बैठक में नि. प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव पटेल, क्षेत्रीय महासचिव डा.ओमपाल गंगवार, दुष्यंत गंगवार सर्वेश गंगवार, ऋषभ गंगवार, अश्फाक खां, शिवनंदन सागर, अभिनव कश्यप, अजय कुमार कठेरिया, अजय गंगवार, देवेंद्र कुमार गंगवार समेत तमाम कार्यकर्तियों शामिल रहे। संचालन जिला महासचिव सूर्य कुमार गंगवार एडवोकेट ने किया।

सड़क किनारे मिला युवक का शव, पोस्टमार्टम को भेजा

निगोही, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम रेभा निवासी 40 वर्षीय ब्रजेश पुत्र शिवसरन का शव बीती रात सतवां बुजुर्ग के निर्माणाधीन पुल के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची टिकरी चैकी पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 5.30 बजे रेभा गांव के ब्रजेश का शव सतवा बुजुर्ग स्थित निर्माणाधीन पुल के निकट सड़क के किनारे पड़ा मिला। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। टिकरी चैकी प्रभारी ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि ब्रजेश शराब पीने का आदी था। तीन दिन से वह कुछ ज्यादा ही शराब पी रहा था। मौत के कारणों को लेकर परिजनों ने कोई संदेह नहीं जताया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ होगी। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध नहीं लग रहा है, लेकिन हर एंगल से जांच की जा रही है।

श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली गई कलश यात्रा

खुदागंज, शाहजहांपुर। ग्राम पंचायत अभयपुर-हरदेनी, खुदागंज क्षेत्र में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को भव्य कलश एवं जल यात्रा का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और भक्तिमय वातावरण के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा ग्राम अभयपुर से प्रारंभ होकर हरदेनी एवं मकरंदपुर होते हुए खुदागंज स्थित कुचाई घाट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने माता देवहूति के लिए पवित्र जल ग्रहण किया तथा मां गंगा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया, जिससे यात्रा की शोभा और भी बढ़ गई। इस अवसर पर मुख्य यजमान सोमेंद्र सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी पूनम सिंह सहित सत्यपाल सिंह, अरविंद सिंह, सूरजपाल सिंह, पृथ्वीराज सिंह, महेंद्र सिंह, पिंकू सिंह, ठाकुर हरवीर सिंह तथा गांव के अनेक श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका लाभ क्षेत्र के श्रद्धालु प्राप्त करेंगे। धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा देखने को मिली।

विवाहिता शिवानी सिंह मौत प्रकरण में पति व सास गिरफ्तार

खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

विवाहिता शिवानी सिंह की संदिग्ध मृत्यु एवं दहेज उत्पीड़न से जुड़े मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी तिलहर के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य खुदागंज के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में 8 जून को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम बखौरा स्थित आरोपियों के घर पर दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया है। 6 जून 2026 को वादी देवेंद्र सिंह पुत्र अंगद सिंह निवासी थाना तिलहर क्षेत्र द्वारा अपनी पुत्री शिवानी सिंह की संदिग्ध मृत्यु के संबंध में थाना खुदागंज पर तहरीर दी गई थी। आरोप लगाया गया था कि शिवानी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था तथा उसकी मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। तहरीर के आधार पर थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए। सोमवार सुबह लगभग 9.50 बजे पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले में नामजद आरोपी अंकित सिंह पुत्र मुनेश सिंह तथा उसकी माता कमलेश पत्नी मुनेश सिंह, निवासी ग्राम बखौरा, थाना खुदागंज को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने बीएनएसएस के प्रावधानों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य ने बताया है। कि विवाहिता की मौत से जुड़े इस मामले की जांच गहनता से की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

दलित नाबालिग से आरब बनकर दोस्ती की, यौन शोषण के दौरान हुआ मुस्लिम होने का खुलासा

वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी देकर आठ साल से हो रहा शोषण

पीड़िता ने जहर खाया, फांसी लगाई लेकिन बच गई, हिन्दू संगठन सक्रिय होते ही रिपोर्ट दर्ज, दो आरोपी गिरफ्तार

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

सहेली की शादी में हिंदू आरब नामक युवक से प्रेम प्रसंग चलने के दौरान जब शारीरिक संबंध बने तो वह अतीक निकला। मामला यहीं नहीं रुका प्रेम जाल में फंस चुकी नाबालिग को उसकी अश्लील वीडियो व फोटो वायरल किए जाने की धमकी के चलते उसका लगातार यौन शोषण होता रहा। लोक लाज के भयवश जहर खाया , फांसी पर लटकी। लेकिन परिजनों की तत्परता से बच गई । मामला हिंदू संगठनों के समक्ष पहुंचा तो पीड़िता की जुवानी दास्तां की वीडियो वायरल हो गई। उक्त मामले में पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है । वहीं दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो अन्य की तलाश में पुलिस दबिशें दे रही है। कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को बताया कि वह 16 वर्ष की थी तब वह सहेली की शादी में गई थी। वहाँ आरब नामक युवक से दोस्ती हो गई । फिर बातचीत होते होते प्रेम प्रसंग के चलते वह उसे बहला नगर के मोहल्ला नजर पुर स्थित अपने दोस्त के घर ले गया। जहां उसने संबंध बनाए। तब उसे पता चला कि वह आरब नहीं बल्कि मुस्लिम है और उसका असली नाम अतीक है । इस पर जब उसने विरोध किया। आरोप है कि अतीक ने कहा कि अब तेरी फोटो और वीडियो बन चुकी हैं। तुझे धर्म परिवर्तन कर निकाह करना होगा नहीं तो वह वीडियो और फोटो वायरल कर देगा । आरोप है कि धमकी देकर चार साल तक शारीरिक शोषण करता रहा। आरोप है कि दिसंबर 2025 को अतीक ने नजरपुर स्थित एक मकान में बुलाया और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाकर और जाती सूचक गालियां देते हुए निकाह के लिए एक कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए । तब उसने लोकलाज में मजबूर होकर जहर खा लिया । लेकिन जिला अस्पताल में इलाज होने से वह बच गई। उसके बाद भी पीछा नहीं छोड़ा। आरोप है कि अतीक के भाई असिफ ने भी अतीक के साथ मिलकर उसे बुलाया और चाकू की नोक पर उससे भी संबंध बनाने और अतीक से निकाह करने का दबाव बनाया । दोनो ने उसका शोषण कर बदनाम करना शुरू कर दिया। भयभीत होकर उसने बीती 27 मई को फांसी लगा ली । परिवार ने तुरंत उतार लिया। और वह इलाज होने से फिर बच गई । पीड़िता का आरोप है कि उक्त लोगो ने निकाह न करने पर गला रेत कर मार डालने की धमकी दी है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि घटना का उच्चाधिकारियों को संज्ञान कराया गया है । मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूंछताछ की जा रही है । अन्य दो लोगों की तलाश में पुलिस टीम गठित की गई है।

आत्महत्या करने वाले छात्र के पिता ने सहपाठियों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

29 मई को कॉलेज में बने छात्रावास के कमरे में लटकता मिला था बिहार के छात्र का शव

पुवायां, शाहजहांपुर। नगर के एक कॉलेज के छात्र का शव छात्रावास के कमरे में लटकता मिला था। जिसके बाद से ही मृतक छात्र के पिता ने छात्र के सहपाठियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन की संलिप्तता होने की आशंका भी जताई। बिहार के जनपद रोहतास के थाना इंद्रपुरी के गांव बस्तीपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र सरजू प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका 24 वर्षीय बेटा अजय राज पुवायां के एक मेडिकल कॉलेज में बी एस सी नर्सिंग का छात्र था और कॉलेज के छात्रावास में रहता था। 27 मई 2026 को अजय घर से कॉलेज आया था। 29 मई 2026 को कॉलेज के उसके सहपाठियों ने फोन पर सूचना दी कि अजय ने खुदकुशी कर ली है। जिसके बाद अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के साथ शाहजहांपुर जिला अस्पताल पहुंचा और बेटे का शव देखा और पोस्टमार्टम करवाया। जिसके बाद शव को लेकर अपने गांव चला गया और अंतिम संस्कार कर दिया। पीड़ित पिता ने कालेज के उसके सहपाठियों पर प्रताड़ित करने तथा कॉलेज प्रबंधन की संलिप्तता होने की आशंका जताते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की।

भंडारे का किया गया आयोजन

कांट,शाहजहांपुर। कुर्रिया कलां क्षेत्र के रामखेड़ा गांव में बाबा परशुराम की मढ़ी पर प्रतिवर्ष की भांति ज्येष्ठ माह में भंडारे का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम कन्याओं को दही जलेबी का भोजन कराया गया। जिसके बाद आयोजक वासुदेव पांडेय ने उन्हें दक्षिणा में अनाज का दान दिया गया। भंडारे में सैकड़ों ग्रामीणों व्यवस्था में परशुराम पांडेय, रामदेव पांडेय, मुकेश त्रिवेदी, प्रवेश पाल, वासुदेव आदि मौजूद रहे।

गरीबों पर सितम...., अपनों पर रहम?

खोखवा और ठेला वालों को हटाया, पक्की दुकान छोड़ी, रोडवेज के सामने अतिक्रमण हटाने के मामले में राजनीतिक दबाव

पुवायां, शाहजहांपुर। निर्माणाधीन रोडवेज के सामने एक सप्ताह पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस फोर्स ने अतिक्रमण हटवाया था, लेकिन खोखा, ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले दुकानदारों को तो हटा दिया गया, लेकिन जिनका पक्का निर्माण हैं उन पर अभी तक कोई कार्रवाई नही की गयी। जबकि प्रशासन ने तीन दिन का समय दिया था, लेकिन एक सप्ताह होने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नही की गयी। जिससे प्रशसनिक अमला भी सवालियां निशान लग रहे है। निर्माणाधीन रोडवेज के सामने कई वर्षों का अतिक्रमण था। लेकिन रोडवेज बस अड्डा का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी बीच प्रशासन ने बस अड्डा के सामने खोखा, ठेला लगाकर अतिक्रमण किए दुकानदारों का अतिक्रमण हटवा दिया था, लेकिन पक्की दुकान को हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया था, लेकिन एक सप्ताह होने का आ गया, लेकिन पक्का निर्माण अभी तक हटाया नही गया था, जिससे प्रशासनिक कार्रवाई पर सवालियां निशान अवश्य लग रहे हैं। लोगों का कहना है कि गरीबों पर सितम ढहा दिया गया, लेकिन अपनों पर रहम किया जा रहा हैं। जिससे लोगों के अंदर प्रशासनिक कार्रवाई के प्रति रोष है। सूत्रों का कहना है कि उक्त व्यक्ति को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त हैं, इसलिए तहसील स्तरीय प्रशासन उस पर मेहरबानी दिखा रहा है। जबकि उस निर्माण पर अभी तक कोई स्टे आदि भी जानकारी सामने नही आ रही हैं फिर भी निर्माण कार्य नही हटना सवाल अवश्य खड़े हो रहे है।

> पक्के निर्माण पर अभी तक कोई स्टे नही है, दो दिन का समय दुकानदार ने मांगा था, वह भी बीत गया। इस मामले में जिलाधिकारी से वार्ता की गयी है। दुकानदार से कहा गया है कि जल्द अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा की स्थिति में धवस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अरूण कुमार एआरएम शाहजहांपुर

नरमू पदाधिकारियों ने ट्रेन से खींचकर वेंडरों को पीटा

रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

आलमनगर में लोको पायलट से मारपीट के विरोध में रोजा जंक्शन पर प्रदर्शन

रोजा रेलवे स्टेशन पर रविवार की देर शाम नरमू के पदाधिकारियों ने बनारस से देहरादून जा रही ट्रेन के पायलट के साथ हुई मारपीट के विरोध में रोजा जंक्शन पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने वाराणसी-देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन में मौजूद वेंडरों के साथ हाथापाई की। इस दौरान ओरपीएफ थाना प्रभारी व जीआरपी प्रभारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इसके बावजूद मारपीट की घटना हुई। वही ओरपीएफ थाना प्रभारी का कहना हैं कि यदि तहरीर मिलती हैं तो रेलकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई का जायेगी।

रविवार की देर शाम वाराणसी-देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफार्म पर पहुंची, नरमू पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने ट्रेन से खींचकर वेंडरों को पीटा शुरू कर दिया और उनके साथ धक्का-मुक्की की। इस घटना के दौरान एक व्यक्ति जमीन पर गिरा गया। लगभग बीस मिनट तक ट्रेन रोजा जंक्शन पर रुकी रही, जिसके बाद उसे आगे के लिए रवाना किया गया। इस दौरान जीआरपी और आरपीएफ के जवान मौके पर तैनात रहे। नरमू के शाखा सचिव अमित भागवत मिश्रा ने बताया कि लोको पायलट राजेंद्र कुमार लखनऊ से मुरादाबाद के लिए 15119 वाराणसी-देहरादून एक्सप्रेस पर ड्यूटी पर थे। आलमनगर में ट्रेन रुकने पर लोको पायलट शौचालय जाने के लिए इंजन से उतरकर पास के डिब्बे में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे। डिब्बे का गेट बंद होने पर उसे खुलवाने को लेकर विवाद हुआ। मिश्रा के अनुसार, डिब्बे में मौजूद अनाधिकृत वेंडरों ने गेट खोलने से इनकार कर दिया और लोको पायलट के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। विवाद बढ़ने पर वेंडरों ने लोको पायलट राजेंद्र कुमार के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं और खून भी निकला। घटना के बाद जीआरपी मौके पर पहुंची और लोको पायलट तथा एक वेंडर को थाने ले गई। आलमनगर में हुई इस घटना की सूचना नरमू के मंडल मंत्री को मिलने के बाद, संगठन के पदाधिकारियों ने रोजा जंक्शन पर ट्रेन पहुंचने से पहले ही प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर नारेबाजी शुरू कर दी थी। नरमू ने इस ट्रेन के मार्ग में पड़ने वाली अन्य शाखाओं पर भी विरोध प्रदर्शन किया। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि, लोको पायलट से मारपीट के विरोध में नरमू के पदाधिकारियों ने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान दो लोगों से मारपीट कर दी गई। कि यदि तहरीर मिलती हैं तो रेलकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई का जायेगी। जांच चल रही है।

यूपी पुलिस परीक्षा: पहले दिन 1954 ने छोड़ी परीक्षा, 8894 उपस्थित

- परीक्षा को लेकर केंद्रों की कन्ट्रोल रूम से निगरानी, खुफिया एजेंसियां अलर्ट
- एसपी और एडीएम ने भ्रमण का परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा दोनों पाली में सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। पुलिस व मजिस्ट्रेटों की निगरानी में परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सामग्री पहुंचाई गई। पहले दिन दोनों पाली में पंजीकृत अभ्यर्थी 10848 में से 8894 ने परीक्षा दी और 1954 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सघन जांच एवं पहचान पत्रों के सत्यापन के बाद ही केंद्रों में प्रवेश दिया गया।प्रथम पाली में 5,424 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4,433 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 991 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में पंजीकृत 5424 अभ्यर्थियों में 4461 ने परीक्षा दी और 963 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने लगातार निगरानी बनाए रखी। एसपी सौरभ दीक्षित, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन के अनुसार परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

> जनपद में तीन दिन पुलिस परीक्षा का आयोजन कराया जा रहा है। पहले दिन दोनों पाली की परीक्षा सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों व मजिस्ट्रेटों की निगरानी रही। किसी भी केंद्र से कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है।
> -रजनीश कुमार मिश्रा, एडीएम प्रशासन।

> डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। तीन दिन चलने वाली परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा ली गई है। दो पाली में परीक्षा हो रही है।

सीट के लिए परीक्षार्थियों के छूटे पसीने, इंतजाम फेल

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन तीन दिन कराया जा रहा है। जिसमें 13 केंद्रों पर लगभग 33 हजार परीक्षार्थियों के शामिल होने के बात जिला प्रशासन द्वारा बतलाई गयी है। परीक्षार्थियों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे व परिवहन विभाग द्वारा बड़े बड़े दावे किए गए थे, लेकिन धरातल पर परिवहन विभाग की व्यवस्थाएं फेल नजर आई। अभ्यर्थियों को एक-एक सीट के लिए मारा मारी करनी पड़ी। कुछ ने बताया कि वह उधर से भी खड़े होकर आए थे, और इधर से भी सीट नही मिल रही है। इसके अलावा बताया काफी देर से इंतजार के बाद एक बस हरदोई के लिए मिली हैं उसमें भी सीटें नही हैं। भीषण गर्मी होने के बाद बसों में जगह तक नही हैं। जब रोडवेज बस स्टैंड पर परीक्षार्थियों से पूछा गया तो पता चला कि घंटों से इंतजार के बाद भी बसें नहीं मिल पा रही है, परीक्षार्थी बोले किराया जरूर हाफ है लेकिन जब सीट नही तो किराया हाफ क्या पूरा। बसें न मिल पाने से रोडवेज बस स्टैंड पर परीक्षार्थियों में नाराजगी देखी गई। महिला अभ्यर्थियों को तो बहुत दुश्वारियों को सामना करना पड़ा। जबकि रोडवेज एआरएम अरुण कुमार का कहना है कि पर्याप्त संख्या में बसे लगी है, कही कही दिक्कत रही है। उनको दूर भी किया गया है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

फर्श पर काटी रात, सुबह पहुंचे केंद्र

जनपद में 13 केंद्रों पर आयोजित यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा देने के लिए रविवार की रात ही गैर जनपदों से परीक्षार्थियों का आना शुरू हो गया था। रात में आने के बाद बहुत से परीक्षार्थियों ने रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर फर्श पर बैठ, लेटकर रात काटी। सुबह वहां से पेपर देने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे।

इन केंद्रों पर परीक्षा आयोजित

- राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनी बाग, शाहजहांपुर
- इस्लामिया इंटर कॉलेज
- राजकीय पॉलीटेक्निक कांट रोड
- देवी प्रसाद इंटर कॉलेज
- आर्य महिला पीजी कॉलेज
- आर्य महिला इंटर कॉलेज
- श्री हरकुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज
- जनता इंटर कॉलेज
- स्वामी सुकदेवानंद कॉलेज, ब्लॉक-बी
- स्वामी सुकदेवानंद कॉलेज, ब्लॉक-ए
- जीएफ कॉलेज, ब्लॉक-1
- जीएफ कॉलेज, ब्लॉक-2
- स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज

कोर्ट में पेशी पर आने के दौरान युवक से पत्नी व सास ने की मारपीट

तिलहर-शाहजहांपुर। कोर्ट में पेशी पर आए पति से उसकी पत्नी व सास द्वारा मारपीट किए जाने का मामला कोतवाली जा पहुंचा। यहां भी मां बेटी उससे झगड़ते नजर आईं। पति पत्नी के बीच चल रहे मुकदमे में कोर्ट में पेशी पर आने के दौरान तहसील के बाहर पत्नी व सास दामाद के साथ मारपीट करने लगीं। कोतवाली में शिकायत करने पति पहुंचा तो दोनों में कोतवाली के अंदर भी हाथापाई हुई। दोनों ने पुलिस को तहरीर दी। क्षेत्र के एक गांव के युवक ने बताया कि उसकी चार साल पहले शादी हुई थी और उनके एक बच्ची है। युवक ने बताया कि शादी के एक साल बाद ही उसकी पत्नी अपने मायके चली गई और वापस नहीं आई। कई बार पंचायत हुई लेकिन पत्नी पक्ष के लोग नहीं माने। इसी को लेकर पत्नी के द्वारा उसके ऊपर मुकदमा कर दिया गया था। सोमवार को वह मुकदमे की तारीख लेने तिलहर कचहरी आया था। तारीख लेकर वापस जा रहा था तभी तहसील गेट पर मौजूद उसकी पत्नी एवं सास ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दी। युवक जब कोतवाली शिकायत करने आया तो पीछे से आई पत्नी ने उसे रोक जिसको लेकर दोनों में हाथापाई हुई। पुलिस ने दोनों को अलग कराया इसके बाद दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। इस बाबत कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि वह कोर्ट आए हुए हैं। उन्हें घटना की कि जानकारी नहीं है।

खबरें एक नजर में

ग्रामीण के घर से हजारों की नकदी व जेवरात चोरी

तिलहर - शाहजहांपुर। ग्रामीण के घर का ताला तोड़कर चोर ग्रामीण के बक्से से हजारों रुपए की नगदी सहित जेवरात चुरा ले गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल की लेकिन चोर का सुराग नहीं लगा। कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकियारघा निवासी रामेश्वर सिंह ने बताया कि रविवार रात वह अपने कमरे में ताला डालकर आंगन में सो रहे थे। उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह जब वह उठे तो देखा कि कमरे का ताला टूटा पड़ा है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। उन्होंने बताया कि चोर उनके कमरे में रखें बक्से से 17 हजार रुपए , सोने की झुमकी एवं कुंडल , चांदी की पायल चुरा ले गए। घर में चोरी हो जाने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

25 मरीजों को पोषण पोटली वितरित

शाहजहांपुर। निगोही में स्थित मेलब्राश इंटरनेचुनल के सीएसआर के तहत 25 मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गयी। जिसमें देवराज सिंह चौहान व उनकी टीम ने पोटली बांटी।इस दौरान डीटीओ डा.ओमेन्द्र राठौर, आरती सिंह, सिद्धार्थ गुप्ता, नीरज आदि मौजूद रहे। उक्त संस्था लगातार 2 वर्षों से पोषण पोटली वितरित कर रही है।

विवाद के चलते पत्नी ने पति पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर किया घायल

तिलहर-शाहजहांपुर। घरेलू कलह के चलते पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने पति पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बेटे ने घायल पिता को सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कलेक्टरगंज निवासी 35 वर्षीय राकेश कुमार का घरेलू कलह के चलते पत्नी से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने राकेश के सिर पर कुल्हाड़ी दे मारी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बेटे अंकुश ने सरकारी एंबुलेंस बुलाकर राकेश को सीएचसी पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राकेश को गंभीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सीएचसी से कोतवाली पुलिस को सूचना भेज दी गई है।

सावंरिया सेठ ने रुक्मणी संग भरा नरसी की बेटी के यहां भात

तिलहर-शाहजहांपुर। नगर पालिका ग्राउंड में चल रही रासलीला के सातवें दिन नरसी भक्त की बेटी के यहां सावरिया सेठ बन भगवान कृष्ण व रुक्मिणी द्वारा भात भरने के मनोहारी मंचन के साथ ही सप्त दिवसीय रासलीला कार्यक्रम का समापन हो गया। इस मौके पर विधायक सलोना कुशवाहा व उनके पति डॉ रामसिंह कुशवाहा ने भी पूजन किया। वृंदावन धाम के श्रीराम श्याम लीला संस्थान के संचालक पण्डित ओम प्रकाश शर्मा व व्यास पंडित हरीओम शर्मा के संचालन में चल रहीं रास लीला कार्यक्रम का रविवार देर रात भक्त नरसी का भात लीला का मनोहारी मंचन हुआ। जिसमें भगवान शिव द्वारा भक्त नरसी को महारास में स्वयं गोपी बनकर प्रवेश दिलाने और बाल भक्त नरसी का हाथ भगवान कृष्ण को सौंपने जैसी लीला से दर्शक भव विभोर हो गए। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओ ने संवरिया सेठ बने भगवान कृष्ण के साथ भात भरने में सहभागिता करते हुए विभिन्न वस्त्रादि समान भेंट कर सुखद अनुभूति का आनंद लिया। देर रात संस्थान के संचालक व देव स्वरूपों को धारन करने बालों को द्रव्य देकर श्री राधारानी समिति ने विदाई दी। इस मौके पर देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट, श्रीकांत अग्रवाल, आशोक रस्तोगी गोपाल, डॉ आलोक अग्रवाल, सुशील बाबू गुप्ता, प्रदीप गुप्ता सराफ, मनोज प्रबल, हितेश गुप्ता रिंकू, सौरभ गुप्ता रवि, साहू मनोज गुप्ता, सुरेंद्र राठौर, सुमित गुप्ता, नीलेश गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, अविनाश गुप्ता, केशरी नंदन गुप्ता, जगदीश गुप्ता गुड्डू, अमित गुप्ता सोनी, तुषार रस्तोगी राजा समेत तमाम भक्त मौजूद रहे।

शादी के डेढ़ माह बाद ही संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता की मौत

- मृतका के पिता ने दामाद समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की दर्ज कराई रिपोर्ट

तिलहर-शाहजहांपुर। शादी के डेढ़ माह बाद ही नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने के मामले में मृतक के पिता ने उसके पति सास ससुर समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया है।

जनपद सीतापुर के हरगांव थाना के गांव झाबरी निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उन्होंने बेटी अंजनी की शादी 20 अप्रैल 2026 को तिलहर क्षेत्र के गांव गोबरसंडा निवासी सेठ पाल के बेटे अरुण कन्नौजिया के साथ की थी। शादी में उसने अपनी हैसियत से अधिक दहेज दिया था। आरोप है कि दहेज में बाइक व अन्य सामान की मांग को लेकर दामाद अरुण एवं उसके घर वाले अंजनी को प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि रविवार की रात उसकी बेटी की दामाद अरुण एवं उसके परिवार के लोगों ने हत्या कर दी और अंजनी का शव फांसी पर लटका दिया। बकौल अशोक कुमार दामाद व उसके बराबर बाले अंजनी के शव को ठिकाने लगाने ले जाने के दौरान गोबर सण्डा के ही उसके रिश्तेदारों ने विरोध करते हुए उसकी शव रखी गाड़ी को रोक लिया। सूचना मिलते ही कोतवाल प्रिंस शर्मा ने सीओ इशिका सिंह व अन्य उच्चाधिकारियों को घटना का संज्ञान कराते हुए गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। चूंकि शादी को मात्र डेढ़ माह ही हुआ था। सो मजिस्ट्रेट ने समक्ष अंजनी के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भिजवाया गया। पीड़ित पिता ने दामाद अरुण कन्नौजिया, उसके भाई रोहित, आजाद एवं राहुल तथा ससुर सेठपाल व सास के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आंधी से गूलर का पेड़ गिरा, पांच बिजली के खंभे टूटे, गांव की बिजली ठप

जैतीपुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्र में आधी रात आई भीषण आंधी ने भिटारा गांव में भारी नुकसान पहुंचाया। तेज हवा के चलते एक गूलर का पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आकर बिजली विभाग के पांच खंभे टूट गए।एक खंभा गांव निवासी अशोक कश्यप के मकान पर जा गिरा, जिससे मकान पर पड़ी टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि घटना के समय घर में मौजूद परिजन बाल-बाल बच गए और कोई जनहानि नहीं हुई। पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति रात से ही बाधित है। वहीं मुख्य सड़क पर खंभा गिर जाने से आवागमन भी प्रभावित हो गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के कई घंटे बाद भी बिजली विभाग की ओर से क्षतिग्रस्त खंभों को बदलने और विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने शीघ्र मरम्मत कार्य कराकर बिजली व्यवस्था सुचारु करने तथा सड़क से अवरोध हटाने की मांग की है।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने कटरा फ्लाईओवर के पास दबोचा

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कटरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी तिलहर के मार्गदर्शन में थाना कटरा पुलिस टीम लगातार अपराधियों की धरपकड़ में जुटी हुई है।

इसी क्रम में थाना कटरा के प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट के आरोपी सुनीत पुत्र वीरेन्द्र कुमार आर्य, निवासी मोहल्ला बाजार, कस्बा एवं थाना कटरा को सोमवार को कटरा फाटक स्थित फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट के आधार पर सुनीत समेत तीन आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि यह गिरोह मादक पदार्थों की तस्करी तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करता था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा भी दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है। अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

बाइकों की टक्कर में वृद्धा गंभीर घायल, सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

तिलहर-शाहजहांपुर। तिलहर - निगोही रोड गांव सरेली तिराहे पर एक बाइक आगे जा रही बाइक में पीछे से जा टकराई। इस टक्कर में बेटे के साथ बाइक सवार गांव जनयूरी निवासी वृद्ध महिला सोमवती 60 गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं बेटा प्रदीप भी मामूली रूप से चोटिल हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया है। फिलहाल घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

डीसीएम की टक्कर से चीनी मिल की बस पलटी

- कर्मचारियों को छोड़ने आ रही थी शहर, आधा दर्जन कर्मचारी मामूली घायल

रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र में अटसलिया ओवरब्रिज के पास डीसीएम चीनी मिल आजुबापुर की कर्मचारियों की बस को सीतापुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही डीसीएम ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस असंतुलित होकर सड़क के किनारे पलट गई। जिससे बस में सवार चीनी मिल के आधा दर्जन कर्मचारी मामूली रूप में घायल हो गए। जिन्हें एनएचआई की एंबुलेंस से उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। सोमवार की दोपहर सीतापुर बरेली हाईवे पर अटसलिया रेलवे ओवरब्रिज के पास बड़ा हादसा हो गया। डीसीएम चीनी मिल आजुबापुर की बस चीनी मिल से कर्मचारियों को छोड़ने शहर आ रही थी। अटसलिया ओवरब्रिज के पास बस शहर के लिये घूम रही थी, तभी सीतापुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही डीसीएम ने बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बस असंतुलित होकर सड़क के किनारे पलट गई। जिससे बस में सवार चीनी मिल कर्मचारी शहर कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी निवासी गौतम शुक्ला, बाकरजई निवासी राजन, थाना सदर बाजार के मोहल्ला इंद्रानगर निवासी सचिन्द्र कुमार झा, ईदगाह निवासी गुलफाम, जलालनगर निवासी अभिराम व बस चालक इंद्रजीत सिंह सहित अन्य लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र, सीओ यातायात शुभम वर्मा व एनएचआई के कर्मचारी क्रैन व एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंच गए। एनएचआई के कर्मचारियों ने एंबुलेंस से घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

सूचना

मैं **SAVITA DEVI** मेरे पति **आर्मी नं. 4287723L रैंक - Nk, (PINTU KUMAR YADAV)** के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम SABITA DEVI त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है जबकि वास्तविक सही नाम SAVITA DEVI है।

संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र आशिक उर्फ गुलशेर व उसकी पत्नी रूबी को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मुनीषा पत्नी शमशेर नि.ग्रा. भौरखेड़ा जिगनिया थाना बंडा, जिला शाहजहांपुर।**

सूचना

मैं **RUKMINI DEVI** मेरे पति **आर्मी नं.Jc563016H रैंक - sub मनोज कुमार साहू** के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम त्रुटिवश RUKMANI DEVI व जन्मतिथि 02.06.1981 गलत अंकित हो गयी है जबकि वास्तविक सही नाम RUKMINI DEVI व सही जन्मतिथि 02.06.1986 है।

सूचना

मैं **BISNU BAHADUR KUNWAR आर्मी नं.Jc - 613369F रैंक-sub**, मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरे पुत्र AAYUSH KUNWAR की जन्मतिथि 05 जुलाई 2010 त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है जबकि वास्तविक सही जन्मतिथि 07 जुलाई 2010 है।

सूचना

मैं **SAVITA DEVI** मेरे पति **आर्मी नं. 4287723L रैंक - Nk,(PINTU KUMAR YADAV)** के सैन्य दस्तावेज में मेरी जन्मतिथि 09.03.1993 त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है जबकि वास्तविक सही जन्मतिथि 06.03.1993 है।

सूचना

मेरे डाइविंग लाइसेंस में पिता का नाम Ram LADAITE दर्ज है, जोकि गलत है। जबकि आधार कार्ड और पेनकार्ड में मेरे पिता का नाम Ram LADATE दर्ज है, जोकि सही है। इसी नाम से जाना जाए। **DEEPU MISHRA पुत्र Ram LADATE नि. ग्रा. मुकीमपुर थाना पुवायां, शाहजहांपुर।**

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम आवास पर बैठक

- 15 जून को नगर निगम के नए भवन परिसर में होगा उद्घाटन कार्यक्रम

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आगामी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) के सफल व भव्य आयोजन को लेकर कैंप कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार जनपद में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 15 जून को उद्घाटन कार्यक्रमरू अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 15 जून 2026 को नगर निगम के नए भवन परिसर में विशेष उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का लक्ष्य आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार श्हैबिल्ड हेल्थटेकश् के सहयोग से एक ऐतिहासिक योग सत्र के माध्यम से गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस वैश्विक रिकॉर्ड को हासिल करने के लिए जनपद के विभिन्न सरकारी विभागों को अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विशेष लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को इस ऑनलाइन योग सत्र से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 21 जून को मुख्य आयोजन 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य व वृहद जनपद स्तरीय कार्यक्रम जी.एफ. कॉलेज मैदान, शाहजहाँपुर में आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। इस मुख्य आयोजन में भारी संख्या में योग साधक, छात्र, प्रशासनिक अधिकारी व स्थानीय नागरिक सामूहिक योग अभ्यास करेंगे। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों, विकास, पुलिस, शिक्षा, नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं ताकि इस राष्ट्रीय व वैश्विक महत्व के कार्यक्रम को जनपद में पूरी भव्यता के साथ संपन्न कराया जा सके। बैठक के दौरान नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ सिराज अहमद अंसारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डा. शबीनानाज अंसारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता 30 वाँ वृत (वि/याँ),लो.नि.वि., लखनऊ

पत्रांक-1297/61CB&30/26 दिनांक- 03.06.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 11.06.2026 से 18.06.2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर अधिशासी अभियंता विद्युत अनुरक्षण खंड-1 लो.नि.वि. लखनऊ एवं कार्य अधीक्षक अ.वि.नि.ई. (अनु.) वि. लो.नि.वि. लखनऊ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुहरबन्द निविदाएं सील्ड लिफाफों में दिनांक 18.06.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उक्त कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी तथा दिनांक 18.06.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उक्त कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी तथा दिनांक 18.06.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ 100 रू. का जनरल स्टैम्प जिस पर रू. 1.0 का रसीदी स्टैम्प हस्ताक्षरित किया हुआ लगा हो, जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत रू.(लाख में)	धरोहर धनराशि रू.(लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित (रू.)	फर्म के पंजीयन की श्रेणी
1.	श्री लाल बहादुर शास्त्री भवन में 1000 के.वी.ए. के तीन नग ट्रांसफार्मर में आयल टॉपअप एवं ऑयल फिल्ट्रेशन का कार्य।	4.32 लाख	0.44 लाख	2 माह	677.00	लोक निर्माण विभाग में विद्युत कार्यों हेतु 'ए' एवं 'बी' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा के पात्र होंगे।

शर्तें- 1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनांक 15.06.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. सशर्त निविदा नहीं स्वीकार की जायेगी।
3. बिड डॉक्यूमेंट के आई.टी.बी. क्लॉज 4.4 बी (ii) के अनुरूप निविदादाता द्वारा उपलब्ध करायी सूचनाओं की सत्यता के सम्बन्ध में शपथ पत्र (टी 6) मूल एवं चरित्र प्रमाण पत्र (टी-4), हैसियत प्रमाण पत्र (टी-5) संलग्न करना अनिवार्य है।
4. आयकर/जी.एस.टी./लेबर सेस की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
5. निविदा के साथ धरोहर धनराशि/परफॉरमेंस सिक्योरिटी की एफ.डी.आर.एन.एस.सी. आदि जो अधिशासी अभियंता विद्युत अनुरक्षण खंड-1, लो.नि.वि. लखनऊ के पक्ष में बंधक हो, लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(मुनेश्वर सिंह)
अधिशासी अभियंता
विद्युत अनुरक्षण खंड-1, लो.नि.वि. लखनऊ।

(ए.के. गुप्ता)
अधीक्षण अभियंता
30वाँ वृत (वि/याँ), लो.नि.वि. लखनऊ।

प्रतिरोध के तेवर

मुख्य न्यायाधीश की कॉकरोच वाली टिप्पणी के प्रतिरोध में व्यंग्यात्मक रूप में अस्तित्व में आई कॉकरोच जनता पार्टी ने आखिरकार आभासी दुनिया से निकलकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर दस्तक दे ही दी। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके के दिल्ली पहुंचने और हजारों युवाओं की भागीदारी के बाद शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग के साथ प्रदर्शन समाप्त हो गया। सीजेपी का आरोप है कि नीट परीक्षा रद्द होने के बाद कई छात्रों ने आत्महत्या की है। पिछले दिनों सीजेआई द्वारा 'फेक डिग्री वाले युवाओं' की तुलना कॉकरोच से करने के बाद ऑनलाइन व्यंग्यात्मक आंदोलन के जमीन पर उतरने और विपक्षी दलों के समर्थन ने निश्चय ही सरकार की चिंता बढ़ाई है। ऑनलाइन मूवमेंट को लाखों युवाओं का समर्थन मिलने के बाद सरकार ने पहले सख्ती भी दिखायी थी। जंतर-मंतर के प्रदर्शन के बाद अभिजीत दीपके ने सरकार को सात दिन का समय देने की बात कही। साथ ही इसे महज एक ट्रेलर बताया है। उनकी दलील थी कि यह पार्टी योजनाबद्ध नहीं, स्वतः स्फूर्त पार्टी है और सरकार से नाराज हर छात्र की आवाज बनेगी। पार्टी ने देश में युवाओं को रोजगार न मिलने का आरोप भी लगाया। पार्टी का मानना है कि सरकार शिक्षा व्यवस्था सुधारने में तो नाकाम रही ही है, लेकिन उन परीक्षाओं को भी पारदर्शी ढंग से आयोजित नहीं कर पा रही है, जो देश के लाखों युवाओं का भविष्य तय करते हैं। यह भी कि व्यवस्था की विफलता से लाखों युवाओं के सपने टूटे हैं, जो अब कॉकरोच को प्रतिरोध का प्रतीक बनाकर विरोध जता रहे हैं। राजनीति के पंडित जंतर-मंतर में सीजेपी को प्रदर्शन के लिये अनुमति दिए जाने पर हैरानी जता रहे हैं। उनका मानना है कि पड़ोसी देशों में जेन जी पर हुई सख्ती के बाद उग्र होने वाले आंदोलन सरकार को याद आए हैं, यही वजह है कि उसने कुछ उदारता बरती है। साथ ही यह भी कोशिश है कि देश के लाखों परिवारों से जुड़ा पेपर लीक का गुस्सा किसी तरह शांत हो जाए। यूं तो विषम आर्थिक परिस्थितियों में बेरोजगारी तो बढ़ी है, साथ ही रोजगार देने वाली व्यवस्था की विफलता देश के युवाओं को अशांत कर रही है। वे अपने भविष्य को लेकर खासे चिंतित हैं। इसीलिए शिक्षा और रोजगार देने वाली व्यवस्था का मुद्दा युवाओं को प्रभावित कर रहा है। विपक्षी राजनीतिक दल आरोप लगा रहे हैं कि यह आंदोलन युवा अशांति,जवाबदेही और असहमति की स्वतंत्रता का प्रतीक बन रहा है। तभी युवाओं ने हेय दृष्टि से देखे जाने वाले जीव कॉकरोच यानी तिलचट्टे को जीवटता के प्रतीक के रूप में परिभाषित किया है। यह बताने की कोशिश कि मुश्किल हालात में भी वे अपनी बात को रखते रहेंगे। युवाओं का मानना है कि पार्टी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अंकुश लगाना डिजिटल लोकतंत्र को नियंत्रित करने का प्रयास है। युवाओं की मांग है कि स्वस्थ लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त असहमति को शांतिपूर्ण ढंग से स्वीकार किया जाए। कहा जा रहा है कि कॉकरोच आंदोलन ने लोकतंत्र के सभी हितधारकों मसलन राजनीतिक वर्ग, नौकरशाही, न्यायपालिका तथा मीडिया को आत्मनिरीक्षण का मौका दिया है।

प्रदेश सरकार पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को दे रही है निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

मो. इक़बाल खाँ

आज के आधुनिक एवं वैज्ञानिक युग में प्रत्येक व्यक्ति को कम्प्यूटर शिक्षा आवश्यक हो गयी है। आधुनिक कार्यशैली में कंप्यूटर कौशल की मांग सबसे अधिक है। आज कॉर्पोरेट नौकरी, सरकारी पद या फ्री लांसिंग कार्य के लिए कंप्यूटर ज्ञान सफलता की कुंजी है। आजकल शिक्षा प्रणाली भी पूरी तरह से डिजिटल हो गई है। कंप्यूटर प्रशिक्षण की मदद से छात्र किसी भी विषय, पाठ्यक्रम (ऑनलाइन कोर्सेज) और ट्यूटोरियल तक आसानी से पहुंच सकते हैं। आज के समय में बिल भुगतान, रेलवे टिकट बुकिंग, बैंकिंग लेनदेन, और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग किया जाता है। छोटे हों या बड़े व्यवसाय, कंप्यूटर उनके संचालन को सरल और तेज बनाते हैं। इसका सही प्रशिक्षण इन्वेंट्री प्रबंधन, ऑनलाइन मार्केटिंग और एकाउंटिंग में मदद करता है।

इस डिजिटल युग में तकनीकी शिक्षा एक अनिवार्य आवश्यकता बन गई है। उत्तर प्रदेश, जो भारत की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है, अपनी युवा शक्ति को कौशल संपन्न बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'ओ-लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना इसी दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह योजना मुख्य रूप से समाज के पिछड़े वर्ग के उन छात्र-छात्राओं के लिए है, जो आर्थिक अभाव के कारण महंगे तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं ले पाते। उ0प्र0 सरकार पिछड़े वर्ग के इण्टरमीडिएट पास बेरोज़गार युवक/युवतियों, जिनके माता-पिता/अभिभावकों की वार्षिक आय रूपये एक लाख तक अथवा उससे कम है, को भारत सरकार की नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का प्राविधान है। संस्था एवं आवेदकों द्वारा चयन हेतु वेबसाइट http://obccomputertraining.upsdc.gov.in पर आवेदन किया जाता है। 'ओ' लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु भुगतान की जाने वाली धनराशि अधिकत रुपये 15000/- प्रति प्रशिक्षार्थी तथा सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु रूपये 3500/- अधिकतम सीधे संस्था को भुगतान किये जाने की व्यवस्था है।

यदि किसी लाभार्थी द्वारा संस्था को पूरी फीस जमा कर दी गई तो जमा रसीद को संस्था से सत्यापित कराने के बाद भुगतान विभाग द्वारा सीधे लाभार्थी को किये जाने की व्यवस्था है। 'ओ' लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि 01 वर्ष तथा 'सी0सी0सी0' कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि 03 माह होती है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु संस्थाओं के चयन की कार्यवाही निदेशक की अध्यक्षता में एवं लाभार्थियों के चयन

के लिए जनपद स्तर पर ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से की जाती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत कुल 435 संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये गये थे, जिसके सापेक्ष नियमानुसार पात्र पायी गयी 299 संस्थाओं का चयन किया गया है, जिनमें 22407 ओ लेवल एवं 6784 सी0सी0सी0 कुल 29191 प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रदेश में वर्ष 2017-18 से वर्ष 2025-26 तक 101139 छात्र, छात्राओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार का ध्येय है कि केवल साक्षरता से रोजगार प्राप्त करना कठिन है। आज के समय में डिजिटल साक्षरता ही भविष्य की कुंजी है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की इस योजना का मुख्य उद्देश्य अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को कंप्यूटर के क्षेत्र में निपुण बनाकर उन्हें स्वरोजगार और सरकारी, निजी क्षेत्र की नौकरियों के योग्य बनाना है। इस योजना के तहत छप्म्प्ज् (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को निःशुल्क कराया जाता है। इसमें दो प्रमुख पाठ्यक्रम शामिल हैं।

इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को अन्य पिछड़ा वर्ग (व्ठब) का होना अनिवार्य है (क्रीमी लेयर के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे)। उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 'ओ-लेवल' प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट (12वीं) उत्तीर्ण होनी चाहिए। 'सीसीसी' प्रशिक्षण के लिए भी इंटरमीडिएट या उससे संबंधित योग्यता अनिवार्य है। आय सीमा आवेदक के परिवार की वार्षिक आय वर्तमान मानदंडों के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग निर्धारित है। अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

अभ्यर्थी किसी भी शिक्षण संस्थान से नियमित छात्र के रूप में अध्ययनरत न हो और न ही वह किसी सरकारी लाभ के पद पर हो। योजना की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और डिजिटल है। उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के आधिकारिक पोर्टल (http:// obccomputertraining. upsdc. gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह पिछड़े समाज के बौद्धिक उत्थान का एक माध्यम है।

प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को चरितार्थ करते हुए, यह योजना युवाओं के हाथों में लैपटॉप और तकनीकी ज्ञान थमाकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। इस योजना का विस्तार और अधिक पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश 'आईटी हब' के रूप में उभरने वाले युवाओं का नेतृत्व करेगा।

सूचना अधिकारी

'छात्रावास निर्माण एवं अनुरक्षण योजना'

भारत की आत्मा उसके गांवों और कस्बों में बसती है, लेकिन जब बात उच्च और माध्यमिक शिक्षा की आती है, तो ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को बड़े शहरों या शैक्षणिक केंद्रों का रुख करना पड़ता है। इस यात्रा में सबसे बड़ी बाधा वित्तीय अक्षमता और सुरक्षित आवासीय सुविधाओं का अभाव बनकर सामने आती है। विशेष रूप से सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ओ.बी.सी.) के परिवारों के लिए अपने बच्चों को घर से दूर भेजकर पढ़ाई का भारी खर्च उठाना एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। इस समस्या के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के अन्य पिछड़े वर्ग (ओ.बी.सी.) के निर्धन छात्र-छात्राओं के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए दो अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की हैं, जिनमें छात्रावास निर्माण योजना एवं छात्रावास अनुरक्षण योजना है। इस योजना का उद्देश्य केवल कुछ कमरों की एक इमारत खड़ी करना नहीं है, बल्कि एक ऐसा सुरक्षित, समृद्ध और शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है जहां गांवों और छोटे कस्बों से आए पिछड़े वर्ग के प्रतिभावान बच्चे बिना किसी वित्तीय या मानसिक तनाव के अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें। आवास की चिंता से मुक्ति पाकर ये विद्यार्थी उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के योग्य बनते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की छात्रावास निर्माण योजना का प्राथमिक उद्देश्य समाज के अन्य पिछड़े वर्ग (ओ.बी.सी.) के अंतर्गत आने वाले उन निर्धन और साधनहीन छात्र-छात्राओं को बुनियादी आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना है, जो अपने गृह स्थान से दूर रहकर माध्यमिक, उच्च या तकनीकी शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। छात्रावासों का निर्माण अनिवार्य रूप से मान्यता प्राप्त और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं के परिसर के भीतर ही किया जाता है। इसके दो प्रमुख लाभ होते हैं, पहला, छात्रों का आवागमन में समय और पैसा बर्बाद नहीं होता। दूसरा, वे कॉलेज या विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिवेश और अनुशासन में बंधे रहते हैं। परिसर के अंदर होने के कारण, विशेष रूप से छात्राओं को सुरक्षा का एक अभेद्य वातावरण मिलता है, जिससे अभिभावक भी अपनी बेटियों को दूर भेजने में संकोच नहीं करते। प्रदेश में 100 छात्र/छात्राओं की क्षमता वाले छात्रावास ये आमतौर पर बड़े जनपदों, विश्वविद्यालयों या बड़े तकनीकी संस्थानों के परिसरों में बनाए जाते हैं जहां छात्रों की संख्या बहुत अधिक होती है। 50 छात्र/छात्राओं की क्षमता वाले छात्रावास इन्हें तहसील स्तर या मध्यम आकार के शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों में स्थापित किया जाता है ताकि विकेंद्रीकृत तरीके से हर क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। महिला शिक्षा और वीरांगनाओं को आगे बढ़ाने के संकल्प के तहत, केंद्र और राज्य सरकार ने लड़कियों के छात्रावासों के लिए बहुत उदार वित्तीय ढांचा तैयार किया है। इसके निर्माण में केन्द्रांश 90 प्रतिशत एवं राज्यांश 10 प्रतिशत है। यह अत्यधिक रियायती वित्तीय अनुपात यह सुनिश्चित करता है कि वित्तीय कमी के कारण किसी भी जिले या संस्थान में बेटियों के छात्रावास का कार्य न रुके। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस योजना के नीतिगत ढांचे में ही महिला सशक्तीकरण को अनिवार्य स्थान दिया है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, कुल निर्मित होने वाले छात्रावासों में से न्यूनतम 33 प्रतिशत (एक-तिहाई) छात्रावास अनिवार्य रूप से छात्राओं के लिए बनाए जाने का कानूनी व प्रशासनिक प्राविधान किया गया है। यह क्रांतिकारी कदम ग्रामीण क्षेत्रों की ओबीसी छात्राओं के बीच उच्च शिक्षा की दर को कई गुना बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। छात्रावास अनुरक्षण योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) के विद्यार्थियों के लिए पहले से निर्मित छात्रावासों की मरम्मत, रंग-रोगन, स्वच्छता, बिजली-पानी के बुनियादी ढांचे को दुरुस्त रखने और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाए रखने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2023-24 से इस योजना का संचालन शुरू किया गया है। यह योजना यह सुनिश्चित करती है कि सरकारी संपत्ति बर्बाद न हो और छात्र/छात्राें को सदैव एक साफ-सुथरा व शिक्षण वातावरण मिले। गत 03 वर्षों में प्रदेश सरकार ने 09 करोड़ रूपये व्यय करते हुए 24 छात्रावासों का जीर्णोद्धार कराया है। इन छात्रावासों के माध्यम से इंजीनियरिंग, मेडिकल, प्रबंधन और सामान्य स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में ओबीसी वर्ग के निर्धन छात्रों का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। इससे समाज के पिछड़े पायदान पर खड़े परिवारों में से डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी निकल रहे हैं।

विचार

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन : आत्मनिर्भरता की मिसाल बनतीं लखपति दीदी

ग्रामीण भारत की तस्वीर आज तेजी से बदल रही है और इस बदलाव के केंद्र में गांवों की वे महिलाएं हैं जो अब केवल घर की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं हैं बल्कि आर्थिक विकास की मजबूत धुरी बन चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से बरेली जनपद में हजारों महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखी है। ये महिलाएं अपने परिश्रम, कौशल और संकल्प के बल पर न केवल स्वयं को सशक्त बना रही हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं। भारत सरकार और प्रदेश सरकार के समन्वय से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए लखपति दीदी योजना का संचालन एक शानदार और प्रभावी पहल साबित हो रहा है।

इस विशेष योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की आय में बढ़ोतरी करना है जिसके तहत उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। व्यवसाय शुरू करने के लिए महिलाओं को आसान ऋण सुविधाएं और तकनीकी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। लखपति दीदी योजना का लाभ मुख्य रूप से मान्यता प्राप्त स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी वैसी महिलाओं को मिल रहा है जिनकी आयु 18 से 56 वर्ष के बीच है। योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को व्यवसाय विस्तार या नया उद्यम शुरू करने के लिए स्थानीय स्तर पर ऋण की व्यवस्था की जाती है।

बरेली जिले के 15 विकासखंडों में मिशन के अंतर्गत अब तक कुल 33,362 महिलाओं ने लखपति दीदी बनने का गौरव हासिल किया है। लखपति दीदी वास्तव में वे ग्रामीण महिलाएं हैं जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय एक लाख रुपये या उससे अधिक हो चुकी है। यह उपलब्धि केवल आर्थिक प्रगति का संकेत नहीं है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास, स्वाभिमान और सामाजिक बदलावों का भी एक बड़ा प्रतीक है। जनपद के सभी विकासखंडों में इस अभियान को लेकर व्यापक उत्साह देखा जा रहा है।

इस क्रम में अगर बरेली जनपद के विकासखंडवार उपलब्धि की बात करें तो नवाबगंज ब्लॉक ने पूरी मुस्तैदी दिखाते हुए सबसे बेहतर उपलब्धियां हासिल की हैं। नवाबगंज ब्लॉक में अकेले 3,424 महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में सफलता मिली है। इसके बाद रामनगर, शेरगढ़, भदपुरा और मझगवां जैसे विकासखंड भी अत्यंत तीव्र गति से इस अभियान को धरातल पर आगे बढ़ा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को नया विस्तार मिल रहा है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और संगठित बनाने के उद्देश्य से जनपद में 2,145 नए स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया। बैंकिंग संस्थानों ने भी इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए 3,540 समूहों को क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से सीधे वित्तीय सहायता प्रदान की है। रिवॉल्विंग फंड और बैंक ऋण के रूप में मिली इस आवश्यक पूंजी ने महिलाओं को अपने छोटे व्यवसाय शुरू करने तथा पूर्व से चल रहे कार्यों को बड़ा विस्तार देने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया है।

आवेदन की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जोड़ा गया है। इच्छुक महिलाएं ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट के जरिए फॉर्म भर सकती हैं या फिर स्थानीय आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने आवेदन की स्थिति देख सकती हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की राज्य स्तरीय कार्यशालाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉक कार्यालय या ग्राम पंचायत स्तर पर भी फॉर्म भरने की ऑफ लाइन सुविधा दी गई है। आवेदन के लिए मुख्य रूप से आधार कार्ड, पैन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण, आय प्रमाण पत्र, समूह सदस्यता संबंधी दस्तावेज, व्यवसाय योजना और पासपोर्ट साइज फोटो जैसे प्रमाणिक दस्तावेजों की मांग की जाती है। स्थानीय प्रशासन द्वारा आवेदन की समीक्षा और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ऋण जारी कर दिया जाता है।

ऋण सुविधाओं के नियमों को महिलाओं के अनुकूल बेहद सरल रखा गया है। व्यवसाय शुरू करने के लिए स्वयं सहायता समूहों को 20 लाख रुपये तक के कोलेटरल-फ्री यानी बिना गारंटी के बैंक ऋण दिए जाते हैं। इसके साथ ही योजना के तहत 3,00,000 रुपये तक के ऋण पर बैंकों की ब्याज दर और 7 प्रतिशत के बीच के अंतर की सब्सिडी सीधे सरकार द्वारा प्रदान की जाती है जिससे महिलाओं पर ब्याज का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ता। इस वित्तीय सहायता की बदौलत कम आय वाले परिवारों की महिलाओं को अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने में प्राथमिकता मिल रही है।

कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को उनकी रुचि के अनुसार कृषि, पशुपालन, सिलाई, हस्तशिल्प और छोटे कारोबार यानी एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े उद्योगों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण का सीधा लाभ उठाते हुए आज बरेली की ग्रामीण महिलाएं परंपरागत सीमाओं को तोड़कर विविध व्यावसायिक क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं।

आज जनपद की कोई महिला सौर ऊर्जा आधारित आटा चक्की का सफल संचालन कर रही है, तो कोई टेडी बियर, बांस की झाड़ू, अचार, मसाले और विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प उत्पाद तैयार कर बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। इन स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों की मांग अब केवल बरेली के स्थानीय बाजारों तक ही सीमित नहीं रह गई है, बल्कि आसपास के दूसरे जिलों और कस्बों तक लगातार पहुंच रही है।

यह बड़ा बदलाव केवल आर्थिक आय तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके गहरे सामाजिक प्रभाव भी दिखाई दे रहे हैं। जो महिलाएं कभी छोटी-छोटी पारिवारिक जरूरतों के लिए पूरी तरह दूसरों पर आश्रित थीं, आज वही अपने घरों की मजबूत आर्थिक रीढ़ बन चुकी हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ये महिलाएं अपनी मेहनत और आत्मविश्वास की बदौलत सालाना एक लाख रुपये से अधिक कमाकर अपने परिवारों को एक बेहतर जीवन स्तर प्रदान कर रही हैं। इसके साथ ही उनके द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों को अब परिवार और समाज में पूरा सम्मान मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार की इन लोककल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा और गति मिल रही है। कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय समावेशन और आसान बैंकिंग लिंकेज जैसी नीतियों ने ग्रामीण क्षेत्रों से गरीबी उन्मूलन और महिला स्वावलंबन के मार्ग को पूरी तरह प्रशस्त किया है। बरेली जनपद के गांवों में ग्रामीण आजीविका मिशन और सरकारी नीतियों के समन्वय से आ रहा यह बदलाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता के एक नए दौर की इबारत को सुदृढ़ कर रहा है।

साहित्य

संजय एम तराणेकर

पुनः शांति लाओ...!

नाकामी की राह चली सरकार,
मणिपुर जलता, रोता हर द्वार।

तीन बरस से हिंसा की ज्वाला,
यूं टूट रहा है जनजीवन सारा।

बिखरते रिश्ते, टूटा है विश्वास,
हर चेहरे पे क्यों छाया संत्रास।

अब शांति का सपना दूर हुआ,
मानवता का ही मन चूर हुआ।

ये केन्द्र और राज्य करें विचार,
संवाद बनाएँ मजबूत आधार।

यहाँ नफरत की ही दीवारें टूटें,
प्रेम और अपनापन नहीं छूटें।

कब तक जनता यूँ सहती रहे,
आँखों से ही पीड़ा बहती कहें।

अब तो मिलके कदम बढ़ाओ,
मणिपुर में पुनः शांति लाओ।

राशिफल

मेषः- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति के लिये संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा।

वृषभः- स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभावव्श चिंता संभव।

मिथुनः- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

कर्कः- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

सिंहः- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कार्य को समय से पूर्ण करें।

कन्याः- समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

तुलाः- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।

वृश्चिकः- कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।

धनुः- नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य का त्याग करें।

मकरः- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

कुंभः- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

मीनः- क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

कृत्रिम मादक पदार्थ फेंटानिल ड्रग आपूर्ति नेटवर्क पर प्रहार

चार्वी अरोड़ा

दशकों से मादक पदार्थों के खिलाफ प्रयास काफी हद तक परिचित तरीकों का पालन करते रहे हैं। अधिकारी फसलों पर नजर रखते थे, तस्करी गलियारों की निगरानी करते थे, खेपों को रोकते थे और सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले समूहों को निशाना बनाते थे। फेंटानिल ने इस मॉडल को बदल दिया है। हेरोइन या कोकीन जैसे पौधों से प्राप्त मादक पदार्थों के विपरीत, फेंटानिल एक कृत्रिम मादक पदार्थ है जो दोहरे उपयोग वाले रासायनिक पदार्थों पर बहुत अधिक निर्भर करती है, जिनकी वैध दवा और औद्योगिक बाज़ारों में भी आपूर्ति होती है। इस बदलाव ने एक राष्ट्रीय संकट को जन्म दिया है। कृत्रिम ओपिओइड, मुख्य रूप से फेंटानिल, अमेरिका में सभी ओवरडोज से होने वाली मौतों में से 60 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं, जिससे सालाना लगभग 48,000 लोगों की जान जाती हैं। इसकी थोड़ी सी मात्रा भी बेहद घातक हो सकती है। अमेरिकी दूतावास नई दिल्ली में तैनात अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) के एक अधिकारी के अनुसार, महज दो मिलीग्राम की मात्रा भी घातक हो सकती है।

नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में तैनात होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन (एचएसआई) के एक अधिकारी ने कहा, हम एक ऐसे पदार्थ का सामना कर रहे हैं जिसका निर्माण लगभग कहीं भी, अत्यधिक सांद्र रूपों में किया जा सकता है और उसी वैश्विक व्यापार, वित्तीय और संचार प्रणालियों के माध्यम से इसका परिवहन किया जा सकता है जो वैध व्यापार में मदद करती हैं। एचएसआई अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग की प्रमुख जांच शाखा है। इससे कार्रवाई योग्य सूचनाओं, जांच के सुरागों और संभावित निशानों की मात्रा में काफी वृद्धि हुई है, जिसके कारण सीमा, वित्तीय, साइबर और अंतरराष्ट्रीय तौरतरीकों को एक समन्वित दृष्टिकोण में एकीकृत करना आवश्यक हो गया है। इस वास्तविकता ने फेंटानिल के खतरे से निपटने के अमेरिकी कानून पर अमल के तरीके को बदल दिया है। एजेंसियां अब तेजी से मादक पदार्थों से जुड़े रसायनों की श्रृंखलाओं की पहचान करने, वित्तीय और माल आवाजाही नेटवर्क का मानचित्रण करने, डिजिटल संचार का विश्लेषण करने और अमेरिकी समुदायों तक मादक पदार्थों के पहुंचने से पहले तस्करी प्रणालियों को बाधित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। एचएसआई अधिकारी का कहना है, हमारा काम छिटपुट जब्ती करने के बजाय, व्यवस्थित रूप से उन संगठनों और मददगारों की पहचान करने और उन्हें खत्म करने पर केंद्रित है जो इनके पीछे हैं।

इस व्यवस्थित दृष्टिकोण को पता लगाओ और हराओ नामक विधायी प्रस्तावों का समर्थन प्राप्त है, जिनका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में डेटा एकत्र करने और साझा करने की अधिकारियों की क्षमता का विस्तार करना है।

फेंटानिल की तस्करी के मुख्य मार्गों में प्रवेश बंदरगाह, अंतरराष्ट्रीय डाक और एक्सप्रेस खेपें और समुद्री सीमाए शामिल हैं। सीबीपी अधिकारी का कहना है, छिपाने के तरीके विविध हैं, जिनमें व्यक्तियों द्वारा वाहनों में गुप्त डिब्बों में छिपाना, वैध कार्गो के भीतर छुपाना या गलत लेबल वाले छोटे पार्सल में छुपाना शामिल है। एचएसआई अधिकारी का कहना है, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठन उन बिंदुओं पर सबसे अधिक असुरक्षित होते हैं जहां उन्हें वैध प्रणालियों - वैश्विक व्यापार, वित्त, यात्रा, संचार और वस्तुओं और लोगों की भौतिक आवाजाही- के साथ जुड़ना पड़ता है। एजेंसी उभरती कमजोरियों की पहचान करने और जांच अधिकारियों, उन्नत विश्लेषण और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों का उपयोग करके दबाव डालने के लिए इन अंतर-संबंधों का लगातार आकलन करती है। इस बीच सीबीपी आपूर्ति श्रृंखला में उच्च जोखिम वाले माल और यात्रियों की पहचान करने के लिए खुफिया जानकारी, डेटा विश्लेषण और त्वरित जांच का लाभ उठाती है। सीबीपी अधिकारी का कहना है, यह फॉरवर्ड ऑपरेटिंग लेबोरेटरीज जैसी नवीन रणनीतियों का उपयोग करती है, जो त्वरित, ऑन-साइट प्रीकर्सर स्क्रीनिंग और फेंटानिल परीक्षण प्रदान करती हैं, जिससे पहचान का समय हफ्तों से घटकर मिनटों में आ जाता है। इससे कानून प्रवर्तन कार्रवाई, खुफिया जानकारी संग्रह और मुकदमा चलाने में तेजी आती है।

सीमा-पूर्व प्रवर्तन भी सीबीपी की रणनीति का एक केंद्रीय हिस्सा बन गया है। यह विदेशी सरकारों, निजी उद्योग भागीदारों और अग्रिम रूप से तैनात कर्मियों के साथ मिलकर अवैध नेटवर्क तक पहुंचने से पहले ही प्रीकर्सर रसायनों और उत्प

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा प्रथम दिवस पारदर्शी, शांतिपूर्ण हुई

- दोनों पालियों में 5,118 अभ्यर्थी हुए उपस्थित, 1,410 रहे अनुपस्थित
- जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 का प्रथम दिवस जनपद में नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुआ। परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की गई तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में यह परीक्षा 8, 9 एवं 10 जून 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। जनपद में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं तथा तीन दिनों की कुल छह पालियों में 19,584 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्रत्येक पाली में 3,264 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई है। प्रथम दिवस की प्रथम पाली में कुल 3,264 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,556 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 708 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 3,264 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,562 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 702 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 6,528 अभ्यर्थियों में से 5,118 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 1,410 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षा केंद्रों के भीतर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस एवं अन्य संचार माध्यमों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रखा गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

कुएं को बचाने की डीएम से लगाई गुहार

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।

शहर के हरिहरगंज में होटल एसएन 3 के पास अति प्राचीन व सार्वजनिक कुआं एवं संबंधित भूमि जो कि नगर पालिका में 1969 और 1976 से प्लॉट संख्या 124 ए हरिहरगंज सार्वजनिक हेतु दर्ज है। उस पर कुछ तथा कथित लोगों के द्वारा रातों-रात कुआं को ध्वस्त एवं समाप्त करने की नियति से उसमें निजी निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है एवं कुआं को पूर्ण रूप से पाट दिया गया है और ईट एवं निर्माण सामग्री एकत्र कर रखी है तथा उसे पूरी तरह से नष्ट करने की योजना बनाई जा रही है। जिससे कुआं का अति प्राचीन व धार्मिक धरोहर हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। इन लोगों ने जिला अधिकारी के नाम दिए गए शिकायती पत्र में गुहार लगाई है कि तत्काल निरीक्षण कराकर अवैध कब्जा एवं निर्माण सामग्री हटवाकर सार्वजनिक कुआं को बचाया जाए। ताकि लोग शादी ब्याह में उस कुएं का उपयोग कर सके। इस अवसर पर डॉक्टर दीपक गुप्ता, कुंदन लाल, शिवकुमार गुप्ता, रूपम गुप्ता, अजय गुप्ता,राम भरोसे गुप्ता, गोपी गुप्ता, सुरेश विश्वकर्मा, शिवनी गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

कांग्रेस ने ग्रेट निकोबार द्वीप मामले में चलाया हस्ताक्षर अभियान

फतेहपुर। भाजपा सरकार द्वारा ग्रेट निकोबार द्वीप के 161 वर्ग कि. मी. जंगल को अडानी के नाम आवंटन किये जाने से वहां मौजूद डेढ़ करोड़ पेड़ो की कटान रोकने को लेकर उसके विरोध में कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्र व्यापी हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है जिसके तहत जिला कलेक्ट्रेट प्रांगण में जिला एवं शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में बैनर लगाकर हस्ताक्षर अभियान की शुरुवात की गई। हस्ताक्षर अभियान में मौजूद जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने बताया कि भाजपा सरकार अपने मित्रों के फायदे के लिए अब प्रकृति का विनाश करने पर तुली है उन्होंने आगे कहा कि अभी एक तरफसरकार सालाना पच्चीस करोड़ पेड़ लगाने का दम भरती है तो वहीं दूसरी ओर असम, छत्तीस गढ़ धारावी, बिहार में अपने मित्र के फायदे के लिए बड़े बड़े जंगल साफकर दिये और अब ग्रेट निकोबार द्वीप में नजर पड़ गई उन्होंने आगे कहा कि चाय बेचने का नाटक बताने वाला व्यक्ति देश जरूर बेंचे डाल रहा है इसमें कोई संदेह नहीं है।शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डा ने कहा कि कांग्रेस प्रकृति के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं करेगी क्योंकि इसके पहले भी अपने चहेतों के फायदे के लिए मोदी तमाम जंगल साफकर चुके है उन्होंने यह भी कहा कि मोदी पूरा देश बेंच कर आखिर करना क्या चाहते हैं यह समझ के परे है परन्तु अब भारत की जनता भी सरकार के विरोध में सड़कों पर उतरने को तैयार खड़ी है। श्री गुड्डा ने बताया कि यह अभियान पूरे देश में आज से 15 जून तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ महिला नेता संतोष कुमारी शुक्ला, प्रेम शंकर त्रिवेदी, कलीम उल्ला सिद्दीकी, इंजी.देवी प्रकाश दुबे, आदित्य श्रीवास्तव, मनोज घायल, अब्दुल हफीज, आशीष गौड़, सै,. सहाब अली, राकेश शास्त्री, शकीला बानो, बी.के.शुक्ला, महेंद्र कृष्ण श्रीवास्तव, आनंद सिंह गौतम, चौधरी मोइन राइन, मो रमजान अब्दुल रज्जाक, हम्माद हुसैन के साथ समस्त कांग्रेसी उपस्थित रहे।

पिता की हत्या करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, थानाध्यक्ष श्रीनगर जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा पिता की हत्या में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। बताया है कि जनपद के थाना श्रीनगर क्षेत्र के ग्राम सिजहरी में अभियुक्त महेश द्वारा शराब के नशे में अपने पिता हरीहर पुत्र स्व. नथुवा उम्र करीब 58 वर्ष के साथ गाली-गलौज की जा रही थी। गाली देने से मना करने पर अभियुक्त महेश आवेश में आ गया तथा ईंट से अपने पिता के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह अचेत होकर सड़क पर गिर पड़े। परिजनों द्वारा तत्काल उन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल महोबा ले जाया गया, जहाँ डॉक्टर द्वारा हरीहर को मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के सम्बन्ध में मृतक के दूसरे पुत्र अरविन्द अहिरवार पुत्र हरीहर उम्र करीब 26 वर्ष निवासी मु. अमरैयां, ग्राम सिजहरी, थाना श्रीनगर जनपद महोबा द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दी गई, जिसके आधार पर थाना श्रीनगर पर मुकदमा सं. 93/2026 धारा 105/352 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त महेश पुत्र हरिहर उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम सिजहरी थाना श्रीनगर जनपद महोबा को पुलिस टीम द्वारा ग्राम सिजहरी स्थित गौशाला के पास रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

लोकतंत्र सेनानी विनोद नायक की राजकीय सम्मान के साथ हुई अंत्येष्टि

उरई (जालौन)। लोकतंत्र रक्षक सेनानी विनोद नायक का बीती रात्रि बीमारी के चलते निधन हो गया। सोमवार को उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार उरई मोक्षधाम में हुआ इस दौरान सदर तहसीलदार श्रीश मिश्रा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बताते चलें कि देश में आपात काल लागू होने के बाद विनोद नायक ने अपने साथियों के साथ पुरजोर विरोध किया था जिसके चलते उन्हें हिरासत में लेकर जेल भी भेजा गया था जहां पर उन्होंने कई महीनों तक यातनायें भी सही थी। बताया जाता है कि वह विगत कई महीनों से बीमार चल रहे थे और उनका उपचार कानपुर में चल रहा था जहां चिकित्सकों ने उपचार करने के बाद परिजनों को घर ले जाने की सलाह दी थी। इसके बाद वह विनोद नायक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात्रि उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की जानकारी मिलते ही लोकतंत्र रक्षक सेनानियों में शोक की लहर दौड़ गयी। सोमवार को उनका राजकीय सम्मान के साथ उरई स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये।

भारत-पाक युद्ध में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पूर्व सैनिक का निधन

उरई (जालौन)। पूर्व सैनिक हवलदार अहिबरन सिंह चौहान का बीमारी के कारण कल निधन हो गया था उनके निधन की सूचना प्राप्त होते ही जनपद के पूर्व सैनिकों में शोक की लहर दौड़ गई। उन्होंने 1965 एवं 1971 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में बड़ी ही सक्रिय भूमिका निभाई थी। 1971 के युद्ध में उनकी अनुकरणीय भूमिका के लिए पूर्वी कमान के आर्मी कमांडर द्वारा उनको आर्मी कमांडर कमेंडेशन कार्ड से सुशोभित किया गया था। वह आर्मी की सर्विस से सितंबर 1983 में सेवा निवृत्ति हुए थे तथा अक्टूबर 1983 से लेकर अक्टूबर 1996 तक उन्होंने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय उरई में लिपिक के पद पर बड़ी ही लगन एवं ईमानदारी से काम किया था जिसे पुराने पूर्व सैनिक आज भी याद करते हैं। 8 जून 2026 को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं पूर्व सैनिक सेवा संघ कुठौंद की टीम ने उनके पैतृक गांव तरसौर पहुंचकर अंतिम संस्कार में भाग लिया तथा राष्ट्रीय ध्वज के साथ लगभग आधा सैकड़ा पूर्व सैनिकों द्वारा अंतिम सलामी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पूर्व सैनिक कैप्टन मास्टर सिंह, कैप्टन गंगा, रामपाल सूबेदार, मेजर आसाराम दोहरे, जयदेव सिंह यादव, जितेंद्र सिंह यादव, श्याम सिंह भदोरिया, हवलदार इंदल सिंह सूबेदार दीवान सिंह, हवलदार जोगिंदर सिंह, हवलदार मानसिंह, पेटी अफसर रामावतार सिंह तथा हवलदार शिव सिंह सहित भारी संख्या में पूर्व सैनिक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

प्रगणक ने सुपरवाइजर पर गाली-गलौज का लगाया आरोप

माधौगढ़ (जालौन)। तहसील कार्यालय माधौगढ़ में उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य एवं तहसीलदार गौरव कुमार के समक्ष एक शिक्षक ने अपने सुपरवाइजर पर अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिक्षक केशव द्विवेदी निवासी गणेशजी जालौन, वर्तमान में तहसील माधौगढ़ के कुदारी क्षेत्र में प्रगणक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने उपजिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी एचएलबी संख्या 0590 है, जिसमें लगभग 150 भवन दर्ज हैं। इनमें से 20 भवनों का कार्य सिंक हो चुका है। उन्होंने बताया कि 26 मई को उनके पैर में गंभीर चोट लग गई थी, जिसके उपचार के लिए उन्हें कानपुर जाना पड़ा। चोट गंभीर होने के कारण उनका ऑपरेशन हुआ तथा चिकित्सकों ने उन्हें आराम की सलाह दी। इस संबंध में उन्होंने अपने सुपरवाइजर को सूचना दे दी थी। साथ ही कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए ऑफलाइन कार्य अपने एक सहयोगी को सौंप दिया था, जिसकी जानकारी संबंधित लेखपाल को भी दे दी गई थी। केशव द्विवेदी का आरोप है कि घटना के बाद सुपरवाइजर वीर सिंह कुशवाह ने उनसे कोई संपर्क नहीं किया, लेकिन एक ग्रुप में उनके विरुद्ध मनगढ़ंत बातें लिखकर कार्रवाई की मांग की।

परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

- सीसीटीवी की क्रियाशीलता, स्ट्रांग रूम व अन्य व्यवस्थाओं को देखा
- शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके परीक्षा सम्पन्न कराने के दिए निर्देश

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केंद्र पोलिटेक्निक कालेज फतेहपुर व राजकीय इंटर कालेज फतेहपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर चल रही परीक्षा की व्यवस्थाओं को देखा,के दौरान सीसीटीवी की क्रियाशीलता, स्ट्रांग रूम व अन्य व्यवस्थाओं का परीक्षण किया। जनपद में दो पालियों में विभिन्न परीक्षा केंदों में सुचिता पूर्ण पारदर्शी तरीके से परीक्षा सम्पन्न कराई गई।

ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी की बैठक सम्पन्न

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।

ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी की एक आवश्यक बैठक (मन्ना मियां) पुरानी बकरी बाजार बाकरगंज में हुई। बैठक में शहर क्षेत्र के अतिरिक्त पूरे जिले से जहां-जहां से भी ताजिया व अलम के जुलूस उठते हैं। सभी जगह से ताजियादार वअलमदार आये बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष चौधरी मोईन राईन व संचालन महामंत्री वारिस उद्दीन ने किया। बैठक में सभी ताजियादारों ने अपनी अपनी बात रखी।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चौधरी मोईन राईन ने कहा की हर साल की तरह इस साल भी मोहर्रम से पहले जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अध्यक्ष नगर पालिका को ज्ञापन दिया जा चुका है जिसमें ताजिया,अलम व पलंग के रास्ते में आने वाली सभी समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई है। ताजिया व अलम के रास्तों में अतिक्रमण, साफ सफाई, स्टील लाइट, खुली पुलिया व आवारा पशु आदि सभी व्यवस्थाएं सही मिलेंगे। संचालन कर रहे महामंत्री वारिस उद्दीन ने कहा कि आज भी जो समस्याएं ताजियादार ने दर्ज कराई हैं। उनका भी निस्तारण कमेटी द्वारा किया जाएगा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए काजी शहर अब्दुल्ला सईदुल इस्लाम व सुन्नी शहर काजी मुफ्ती सहाबुद्दीन ने कहा की पूरी कमेटी सभी ताजियादारों के साथ खड़ी है। जो भी समस्याएं ताजियादारो द्वारा नोट कराई जाएगी उनका समाधान अवश्य होगा। बैठक में प्रमुख रूप से शब्बीर अहमद, चौधरी अब्दुल सलाम, समी खाँ ,कफील अहमद, हाजी खुर्शीद आलम, हाजी कासिम अली, रियाज अहमद, फरीद खाँ, इश्तियाक, नईम भंडारी, परवेज खाँ , हाफिज अहमद, खलील खाँ , लल्लू राईन, राशिद राईन, शब्लू भंडारी, बबलू भंडारी, मुमताज बावर्ची, सलमान ग्राम रैना के राजा तिवारी शकील चौधरी महमूद चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

शादी सम्मेलन में हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया जाएगा सम्मानित

- जनपद के कस्बा खरेला में 11 जून 2026 को है आल इण्डिया मंसूरी समाज का शादी सम्मेलन, तैयारी जोरों से जारी

कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।

जनपद अंतर्गत कस्बा खरेला में 11 जून 2026 को आयोजित होने वाले ऑल इंडिया मंसूरी समाज के शादीठ सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम में हाई स्कूल, इंटरमीडिएट में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त मेधावीठ छात्र छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक समाज के छात्र छात्राओं को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। कुलपहाड़ तहसील के जैतपुर ग्राम में ऑल इंडिया मंसूरी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक में जिला महासचिव शब्बीर मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 जून 2026 को

जनपद के कस्बा खरेला में आल इण्डिया मंसूरी समाज द्वारा आयोजित शादी सम्मेलन के साथ मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि 75 प्रतिशत अंक के साथ हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण मेधावी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। महासचिव ने कहा कि ऐसे सभी छात्र जो सम्मान समारोह में सहभागिता लेना चाहते हैं, तो वह नीचे दिए गए विभिन्न नंबरों पर सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। जिला अध्यक्ष राका मंसूरी 993625ट 7386, पसमांदा जिला अध्यक्ष अंसार भाई 7376193288 तथा जिला महासचिव शब्बीर मंसूरी 8960044061 पर फोन लगाकर पहले से पंजीकरण कराने की अपील की गई है। इसके साथ ही सभी छात्रों को अपने अंकपत्र के साथ फोटो व आधार कार्ड लाना होगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस भव्य सम्मेलन में दूर दराज से समाज के पदाधिकारी कार्यक्रम में सहभागिता निभाएंगे। इस बैठक में जिला अध्यक्ष राका मंसूरी, शकील मंसूरी, शब्बीर मंसूरी, डॉ करीम बख्श, रहीम बखूश, शहजाद मंसूरी, यासीन मंसूरी, गुलाम मोहम्मद एडवोकेट, जावेद मंसूरी, अकबर मंसूरी, सईद आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

कोतवाली पैरोकार प्रेम बाबू द्विवेदी को एसपी ने प्रशास्ति पत्र देकर किया सम्मानित

ऑप्रेशन कनविक्शन अन्तर्गत अभियुक्त को मृत्युदंड दिलाने में पैरोकार ने निभाई अहम् भूमिका

महोबा। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित आप्रेशन कनविक्शन अभियान के अंतर्गत कोतवाली नगर महोबा पर पंजीकृत मुअसं 300/2023 धारा 302 भादवि से संबंधित जघन्य हत्याकांड में अभियुक्त देवेन्द्र विश्वकर्मा को न्यायालय द्वारा मृत्युदण्ड (फांसी की सजा) एवं रुपए 50,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मुख्य आरक्षी प्रेम बाबू द्विवेदी, पैरोकार थाना कोतवाली नगर महोबा को पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बताया है कि इस प्रकरण में पैरोकार द्वारा अभियोजन पक्ष एवं विवेचक के साथ सतत समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी पैरवी में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया, जिसके फलस्वरूप माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए मृत्युदण्ड की सजा सुनाई गई। पुलिस अधीक्षक ने पैरोकार के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा, समर्पण एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया तथा कहा कि प्रभावी पैरवी एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना अपराधियों को कठोर दण्ड दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

मामूली विवाद में चचेरे परिवार ने युवक को बेरहमी से पीटा

- पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

माधौगढ़ (जालौन)। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के कुंवरपुरा गांव में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि गांव निवासी एक युवक के साथ उसके ही चाचा, चाची एवं चचेरे भाई ने मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने उपचार कराने के बाद क्षेत्राधिकारी कार्यालय माधौगढ़ पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कुंवरपुरा गांव निवासी सूरज सिंह पुत्र रामशंकर का किसी बात को लेकर अपने परिजनों से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर चाचा, चाची और चाचा के लड़के ने मिलकर सूरज सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान युवक के सिर, चेहरे, पीठ एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना के बाद युवक लहूलुहान अवस्था में पहुंचा, जहां उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट में युवक के माथे, नाक, गाल, पीठ और पैरों में कई चोटों का उल्लेख किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार चोटें किसी कठोर एवं कुंद वस्तु से लगना प्रतीत होती हैं। उपचार के बाद पीड़ित युवक सोमवार को लगभग 12 बजे क्षेत्राधिकारी कार्यालय माधौगढ़ पहुंचा और पूरे मामले से संबंधित शिकायती पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई।

उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के प्रथम दिवस दोनों पाली में एक हजार से अधिक अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

- उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती (एनरोलमेंट-2025) लिखित परीक्षा प्रथम दिवस जनपद में सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा प्रस्तावित उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती (एनरोलमेंट-2025) लिखित परीक्षा के प्रथम दिवस जनपद में सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई। इस परीक्षा के प्रथम दिवस दोनों पाली में एक हजार से अधिक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के सुचारू एवं सुरक्षित संचालन हेतु जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, प्रवेश प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था एवं परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं को परखा गया तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बताया है कि जनपद में परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा प्रत्येक केन्द्र पर सतर्कता बनाए रखी जा रही है। प्रथम पाली में कुल 1552 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 512 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल 1547 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 517 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा आगामी दिनों में भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जाएगी।

महंगाई को लेकर समाजवादियों का हंगामेदार प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

समाजवादी पार्टी जनपद जालौन के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी कार्यालय से अम्बेडकर चौराहा, जिला परिषद होकर पैदल मार्च तथा नारेवाजी करते तथा हाथों में श्लोगन लिखी तख्तियां लिए हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां पर जोरदार नारेबाजी करते हुए पेट्रोल डीजल गैस की बढ़ती कीमतों और नीट पेपर लीक होने, बिजली बिल, रोजगारी, किसानों की समस्याएं आदि तमाम मुद्दों को लेकर जिला अधिकारी राजेश पांडेय को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि जनपद जालौन बुंदेलखंड क्षेत्र का पिछड़ा हिस्सा है। यहां 90 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। आज किसान, नौजवान, बेरोजगार आदि डीजल पेट्रोल गैस की बढ़ती महंगाई और पेपर लीक जैसी समस्याओं को लेकर परेशान है। उन्होंने कहा कि डीजल पेट्रोल 100 रूपये प्रति लीटर पार कर चुका है। कुछ दिनों के अंतराल में ही 10 रुपया प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर 12 वर्षों में इस भाजपा की सरकार में दुगने से अधिक महंगा हो गया है। जिससे खेती किसानी व परिवहन तथा घरेलू बजट पर कुप्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनपद जालौन राज्यपाल महोदय से मांग करती है कि जनहित की समस्याएं जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार में उत्पन्न हुई है उनकी जन विरोधी नीतियों के कारण ऐसी सरकार को तत्काल बर्खास्त करना चाहिए और बढ़ती हुई महंगाई पर लगाम लगानी चाहिए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, सांसद नारायण दास अहिरवार, पूर्व विधायक कसान सिंह राजपूत, पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा, पूर्व एमएलसी तिलक चंद्र अहिरवार, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह पूर्व जिला महासचिव मोहम्मद तारिक यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र बजरिया, जमालुद्दीन, प्रदीप दीक्षित, ज्ञानू निरंजन, महेश सर द्विवेदी, समर सिंह चौहान, नवेंद्र उपाध्याय, विष्णु पाल सिंह, अतर सिंह राठौर दीपू त्रिपाठी, जीवन वाल्मीकि, महेश चंद्र विश्वकर्मा, संदीप यादव, वीरेंद्र सिंह यादव, अजहर बेग, लाखन सिंह कुशवाहा नत्थू सिंह कुशवाहा, विजय कुशवाहा, संजय निषाद, दीपू यादव, विवेक यादव, वेद प्रकाश यादव, राजू सेंगर, रामू सेंगर, प्रमोद विश्वकर्मा, परमात्मा शरण फौजी, मान सिंह पाल, महेश शिरोमणि, कंचन राजपूत, थोपन यादव, इमरान उल्ला, कार्तिक पटेल, राजेश यादव, अमन यादव, मुकेश कुठौंदा, राघवेंद्र मोखरी, कौशल प्रजापति, पवन गुर्जर, श्याम यादव, महेंद्र यादव ,राकेश यादव, मोहन पाल, रामेंद्र यादव, अमर सिंह चंदेल, महेंद्र कठेरिया, कृपाल सिंह गुर्जर, बीनू यादव, भरत पाल, सतीश परिहार, सतेंद्र गुर्जर, शनि यादव, सौरभ सेंटू, हिमांशु ठाकुर, बब्बू पाल, राघवेंद्र सिंह, अमर सिंह, जितेंद्र यादव, जावेद खान, रामू सेंगर, नर सिंह यादव, शिव बालक यादव, माता प्रसाद पाल, हेमंत धनगर, दिनेश यादव, विनय श्रीवास्तव, मौनू खटीक मुलायम यादव, रिंकू मोखरी, नूर आलम, प्राशू यादव, मौनू विश्वकर्मा, सर्वेश पाल, रामबाबू बरार, अमित सागर, राजवीर पाल, अरबिंद विश्वकर्मा, राधाकृष्ण कुशवाहा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान का शुभारंभः मंत्री ने किया वृक्षारोपण, गौवंश को खिलाया हरा चारा

- मां के सम्मान में लगाएं एक पौधा: सतीश शर्मा
- गौशाला परिसर में पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।

विधानसभा दरियाबाद की ग्राम पंचायत कंधईपुर स्थित वृहद गौशाला परिसर में सोमवार को ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान की शुरुआत खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने वृक्षारोपण कर की। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मंत्री ने गौवंश को हरा चारा, गुड़ और केला खिलाकर सेवा की तथा गौशाला में कार्यरत केयरटेकर को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। गौशाला परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और उनकी सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया गया।

राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान को जनआंदोलन का रूप देने की जरूरत है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में व्यापक जागरूकता पैदा हो सके।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इससे हरित आवरण बढ़ेगा और जलवायु संतुलन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने की भी अपील की।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, ग्राम प्रधान आशीष मिश्रा, वीरेंद्र वर्मा, अमर सिंह, पंकज तिवारी, मधुकर तिवारी, खंड विकास अधिकारी शिवजीत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कलह में महिला ने पिया कीटनाशक

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली क्षेत्र के बम्हरौली गाँव निवासी35 वर्षीय महिला ने कीटनाशक पीकर जान देने की कोशिश की। सीएचसी लाई गई महिला का उपचार चल रहा है। गृह कलह के चलते यह कदम उठाने की बात सामने आ रही है। यहां के निवासी सुनील पेशे से राजमिस्त्री हैं। गाँव में ही मकान निर्माण कार्य कर रहे थे दोपहर भोजन के लिए घर आये तो घटना का पता चला कि पत्नी नीलम ने कीटनाशक का सेवन कर लिया है।

पुलिस भर्ती परीक्षा देकर लौट रही युवती की सड़क दुर्घटना में मौत

भाई भी घायल, मचा कोहराम

समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट बाराबंकी। पुलिस भर्ती की परीक्षा देकर अपने भाई के साथ घर लौट रही एक युवती की सोमवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जबकि अस्पताल में परिजनों की चीख-पुकार सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। नगर पंचायत रामसनेहीघाट के वैशनपुरवा वार्ड निवासी नौमीलाल की पुत्री सीमा पाल (20) सोमवार सुबह अपने छोटे भाई नितिन (19) के साथ मोटरसाइकिल से सुल्तानपुर जनपद स्थित विवेक नगर के मधुसूदन इंटर कॉलेज में पुलिस भर्ती परीक्षा देने गई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद दोनों भाई-बहन घर लौट रहे थे। रास्ते में हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर खुशेहटी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने पीछे से आ रहे एक सीएनजी टेंपो ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्काल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद सीमा को मृत घोषित कर दिया, जबकि नितिन का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

रेडक्रॉस सोसाइटी के स्वयं सेवकों ने नवागत सीएमओ से की शिष्टाचार भेंट

समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी। रेडक्रॉस सोसाइटी के स्वयं सेवकों ने नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजन गौतम से शिष्टाचार भेंट की, और आपदा में मानवता की सहायता के किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। रेडक्रॉस के जनक हेनरी ड्यूना का चित्र भेंट कर सीएमओ का स्वागत किया गया। सीएमओ ने रेडक्रॉस की गतिविधियों को जानकर प्रसन्नता व्यक्त किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि जनपद में सभी अस्पतालो के संचालक, डॉक्टर, मेडिकल स्टोर संचालक, मेडिकल संस्थानों को रेडक्रॉस का सदस्य बनाने एवं सहायता कार्यों में मेडिकल संस्थाओं को जोड़ने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए, सीएमओ से इसके लिए जिलाधिकारी स्तर से परिपत्र जारी कराने का अनुरोध किया। रेडक्रॉस के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य अंकुर माथुर ने सर्प दंश में सहायता और रक्तदान में स्वयं सेवकों के सक्रिय योगदानो से अवगत कराया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में सर्प दंश के मरीजों को त्वरित सहायता पहुंचाने की रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन हुमायूं नईम खान ने रेडक्रॉस के स्वयं सेवकों के जज्बाती कार्यों से परिचय कराया। रेडक्रॉस के सचिव डॉ राजीव सिंह, संरक्षक सदस्य आशीष वर्मा, प्रीतम सिंह वर्मा, आजीवन सदस्य धर्मेंद्र कुमार वर्मा, रत्नेश कुमार सहित रेडक्रॉस के कई सदस्य उपस्थित रहे।

रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने के लिए हुई सार्थक चर्चा

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस व योग सप्ताह की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

- योग को जन-आंदोलन बनाएं, जनपद से ग्राम पंचायत तक व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाए : डीएम

समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी। 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) एवं 15 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज यह विश्वभर में भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं स्वास्थ्य चेतना का प्रतीक बन चुका है।

योगा फॉर हेल्थी एजिंग’ थीम पर 15 से 21 जून तक चलेगा योग सप्ताह, 21 जून को होगा जनपद स्तरीय मुख्य आयोजन

बैठक में बताया गया कि इस वर्ष 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की थीम Yoga for Healthy Ageing निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। शासन के निर्देशानुसार 15 जून से 21 जून, 2026 तक जनपद में योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा तथा 21 जून को 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जीआईसी ऑडिटोरियम, बाराबंकी में जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। योग सप्ताह के दौरान जनपद, नगर निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न योग, जनजागरूकता एवं सहभागितापरक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योग सप्ताह के दौरान प्रतिदिन सामूहिक योगाभ्यास के साथ-साथ रंगोली, निबंध, स्लोगन, भाषण, ड्राइंग एवं योगासन प्रतियोगिताएं, जनजागरूकता कार्यक्रम तथा विभिन्न विषयों पर सेमिनार आयोजित किए जाएं। योग के माध्यम से उच्च रक्तचाप प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, महिलाओं के स्वास्थ्य तथा आधुनिक जीवनशैली जनित रोगों के समाधान जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद की सभी नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर तक भव्य योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कार्यक्रमों में युवाओं, महिलाओं, एनसीसी, पुलिस बल, स्काउट-गाइड, स्वयंसेवी संगठनों तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। योग सप्ताह के दौरान साइकिल रैली एवं पैदल जागरूकता यात्राओं का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जाए। साथ ही सभी कार्यक्रमों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त रखते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद को कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा पुलिस विभाग को सुरक्षा, यातायात, पार्किंग एवं भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस एवं चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने तथा आयुष विभाग को समस्त कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई।

खबरें एक नजर में

डीएम व एसपी ने आरक्षी भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

अमेठी समृद्धि न्यूज़। सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड द्वारा प्रस्तावित उ.प्र. नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती 2026 परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय सिंह चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा परीक्षा के प्रथम दिवस परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गौरीगंज, रणन्जय इण्टर कॉलेज गौरीगंज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज जामो का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी लेकर एवं हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से स्कैन करने के बाद ही केन्द्र के अन्दर प्रवेश देना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। केन्द्र के बाहर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस को अनावश्यक भीड़ जमा न होने, सड़क के किनारे खड़े वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही पार्क कराने एवं यायाताय सुचारु रूप से संचालित कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में निगरानी हेतु तैनात अधिकारियों को सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा केन्द्रों को बारीकी से निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया।

एक दशक से जमे वरिष्ठ सहायक की गोंदलामऊ में फिर हुई ‘वापसी’

सिधौली/गोंदलामऊ। सरकारी विभागों में स्थानांतरण नीति के दावों की धज्जियां उड़ाती एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। गोंदलामऊ ब्लॉक में एक दशक से अधिक समय से जमे वरिष्ठ सहायक सुशील कुमार का एक बार फिर से उसी ब्लॉक में तबादला कर दिया गया है, जिसने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो सुशील कुमार का गोंदलामऊ ब्लॉक से पुराना नाता रहा है। वे वर्ष 2009 से 2024 तक लंबी अवधि तक इसी ब्लॉक में तैनात रहे। नियम और स्थानांतरण नीति के तहत उन्हें हटाया जाना चाहिए था, लेकिन वे अपनी जड़ें जमाने में कामयाब रहे। इसके बाद, वर्ष 2024 से 30 मई 2026 तक वे सिधौली और गोंदलामऊ, दोनों ही ब्लॉकों का प्रभार संभालते रहे। यानी, व्यवस्था बदलने के बावजूद उनकी पकड़ गोंदलामऊ पर बनी रही। प्रशासन ने अब उन्हें 1 जून से आधिकारिक रूप से वापस गोंदलामऊ ब्लॉक में ही स्थानांतरित कर दिया है। सवाल यह है कि जब एक ही कर्मचारी को एक ही पटल पर 15 वर्षों से अधिक का अनुभव हो गया है, तो क्या विभाग में किसी अन्य योग्य कर्मचारी की कमी है? यह ‘तबादला’ प्रशासनिक सुधार के बजाय एक ‘घूम-फिरकर वापसी’ जैसा लग रहा है। एक ही ब्लॉक में इतने लंबे समय तक तैनाती से कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के तहत 1226 हे. में स्थापित होगी सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली

अमेठी समृद्धि न्यूज़। किसानों को कम पानी में अधिक उत्पादन प्राप्त कराने तथा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के अंतर्गत जिले को कुल 1226 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि योजना के तहत किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अंतर्गत ड्रिप सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर, माइक्रो स्प्रिंकलर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर तथा रेनगन स्प्रिंकलर जैसी प्रणालियों की स्थापना कराई जाएगी। इन तकनीकों के उपयोग से पानी की उल्लेखनीय बचत होने के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी।

विकास भवन में आयोजित हुई अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

अमेठी समृद्धि न्यूज़। मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में विकास भवन में 21 जून को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में डॉ अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर 15 से 21 जून के मध्य योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी तहसीलों, नगर निकायों, विकासखंडों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, पंचायत भवनों, अमृत सरोवर, स्टेडियम आदि जगहों पर भी योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में सीडीओ ने सभी अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी अपनी-अपनी तैयारी पहले से ही सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री भी प्रतिभाग करेंगे। बैठक में सीडीओ ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई दुरुस्त करने, शौचालय की व्यवस्था, पीने के पानी भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को डॉक्टरों, आवश्यक दवाओं के साथ ही एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम प्लास्टिक मुक्त आयोजित किए जाएं। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, आयुर्वेद विभाग के चिकित्सक/कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनुपम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम ने की निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक

अमेठी समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, जल निगम विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कार्यदाई संस्थावार परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्यशैली, पाइपलाइन बिछाने की तकनीकी प्रक्रिया, जलस्रोतों की स्थिति, पानी की गुणवत्ता जांच और लाभार्थियों तक जल कनेक्शन की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोपरि होनी चाहिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन क्षेत्रों में परियोजना का कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां संबंधित कार्यदायी संस्थाएं कार्यों में तेजी लाएं। जिलाधिकारी ने आगामी समय-सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों को पूरा करने को कहा। बैठक में कार्यदायी संस्थाओं ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि विभिन्न क्षेत्रों में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी की घटनाएं की जा रही हैं।

सुबह शौच को निकले बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

अमेठी समृद्धि न्यूज़। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लोढ़ियांवा गांव में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब खेत में शौच के लिए गए एक बुजुर्ग की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 75 वर्षीय हीरालाल द्विवेदी उर्फ बदलू पुत्र जागेश्वर के रूप में हुई है। घटना स्थल का पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण कर शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार हीरालाल द्विवेदी सुबह करीब 5 बजे घर से खेत की ओर शौच के लिए गए थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए तथा परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ की। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने तथा आरोपियों की पहचान के लिए जांच में जुटी हुई है।

आरक्षी भर्ती परीक्षा देने आई महिला अभ्यर्थी के लिए यूपी-112 बनी मददगार

अमेठी समृद्धि न्यूज़। आरक्षी भर्ती परीक्षा देने अयोध्या से आई अंजली ने यूपी-112 को बताया कि उन्हें परीक्षा केंद्र जाने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा है और तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है’ सूचना मिलते ही पीआरवी 6907 तत्काल मौके पर पहुंची । पूछताछ में पता चला कि अभ्यर्थी अंजली पुत्री राधेश्याम निवासी मिल्कीपुर, जनपद अयोध्या पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा देने आई हैं। वह थाना पीपरपुर अंतर्गत दुर्गापुर चौराहे पर बस से उतरी थीं, लेकिन वहां से परीक्षा केंद्र की दूरी लगभग 32 किलोमीटर होने के कारण उन्हें आगे जाने के लिए कोई सवारी नहीं मिल पा रही थी। अभ्यर्थी के कीमती समय और परीक्षा की महत्ता को समझते हुए पीआरवी ने तत्काल आरओआईपी के माध्यम से कंट्रोल रूम से समन्वय स्थापित किया और अभ्यर्थी को लेकर थाना पीपरपुर की सीमा टीकरमाफी तक पहुंची। वहां पूर्व-समन्वय के अनुसार पहले से मौजूद पीआरवी 6905 ने अभ्यर्थी को अत्यंत कम समय में सकुशल परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। सही समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने पर अभ्यर्थी अंजली ने अमेठी पुलिस व यूपी-112 की इस त्वरित सहायता व कर्तव्यनिष्ठा की सहृदय सराहना करते हुये धन्यवाद दिया।

डीएम-एसपी ने परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

रायबरेली समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज आयोजित की जा रही उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु चन्द्रपाल इंटर कॉलेज गंगागंज, के0बी0 सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर 08, 09 व 10 जून, 2026 को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। परीक्षार्थियों के आवागमन के दृष्टिगत सभी व्यापक प्रबंध किए गए है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा अधिकारी भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी कर रहे हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2768 अभ्यर्थी उपस्थित व 976 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2733 अभ्यर्थी उपस्थित व 1011 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 7488 अभ्यर्थियों में से 5501 अभ्यर्थी उपस्थित व 1987 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

डीएम व एसपी ने आर.एम.पी. इंटर कॉलेज व पी.एम. राजकीय इंटर कॉलेज का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाली परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आर0एम0पी0 इंटर कॉलेज तथा पी0एम0 श्री राजकीय इंटर कॉलेज, सीतापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों के लिए शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा के साथ किया जाए।

उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त रखने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो सके।

विद्युत समाधान शिविर का हुआ आयोजन एसडीएम ने सुनी फरियादें

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर सोमवार को विद्युत शिकायत समाधान कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैम्प शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में प्राप्त विद्युत विभाग से संबंधित 15 शिकायतों के निस्तारण के लिए उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में लगाया गया था।

सोमवार को 4 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया शेष बची 11 शिकायतों में से 6 के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। वहीं, 5 शिकायतों पर जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही गई है।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संग प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव पर की चर्चा

▸ इंद्र गुप्ता ने कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा देखकर किया स्वागत

गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

नगर के गांधी नगर में पूर्व ताहिर हुसैन सिद्दीकी के आवास पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रुखाबाद हाजी तहसीन सिद्दीकी के साथ बैठकर विधानसभा चुनाव 2027 के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर समाजवादी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी, कन्नौज जिलाध्यक्ष कलीम खान तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रुखाबाद तहसीन सिद्दीकी सहित कई समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों को उठाकर जनता की आवाज बनने का कार्य कर रही है। बैठक के दौरान संगठन विस्तार एवं आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर भी रणनीति बनाई गई। इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रुखाबाद में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित समाजवादी पार्टी के मुख्य कार्यालय पर उनका स्वागत किया। इस मौके पर पिंटू यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य वरिष्ठ युवा सपा नेता विकास गुप्ता अंशु पाल गुफरान खान मुजफ्फर खान शान मोहम्मद शहनवाज सिद्दीकी हाफिज खान आमिर खान आजाद खान प्रधान सहित समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार नगर के रेलवे रोड स्थित पूर्व पालिका अध्यक्ष राधा गुप्ता के आवास पर प्रदेश अध्यक्ष का वरिष्ठ सपा नेता इंद्र कुमार गुप्ता ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का चित्र देकर उनका फूल माला से लाद कर का स्वागत किया। इस मौके पर विधायक अरविंद सिंह यादव समाजवादी पार्टी के युवा वरिष्ठ नेता उत्कर्ष गुप्ता मुकीम खान अयूब सिद्दीकी सहित समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने नगर के तरह स्थित रोशन शाह बाबा की मजार पर पहुंचकर चादर चढ़ाई और सालाना उर्स कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया।

उधरनपुर में है बिजली व मोबाईल नेटवर्क की समस्या

विधायक अर्चना पांडे ने अधिकारियों से तुरंत की बात

छिबरामऊ कन्नौज। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे के पैतृक ग्राम उधरनपुर उर्फ हरिबल्लभ पुर में बिजली और मोबाइल नेटवर्क की लगातार समस्या से ग्रामीणों में काफी रोष है। बिजली की अनियमित आपूर्ति और मोबाइल नेटवर्क की बेहद खराब स्थिति के कारण दैनिक जीवन, कृषि कार्य और संचार व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर विधायक अर्चना पांडे से मुलाकात की और शीघ्र समाधान की मांग की। ग्रामीणों की शिकायत सुनते ही अर्चना पांडे ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता की और समस्या के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि उधारनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली और नेटवर्क की दशा सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर संजीव चतुर्वेदी, रवीश चतुर्वेदी, अविरल तिवारी, सुखदेव, आकाशदीप, जयदीप, आलोक, राघवेंद्र, अंकित दुबे सहित कई ग्रामीणों ने विधायक के त्वरित हस्तक्षेप पर संतोष व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि अब उनकी समस्याओं का जल्द समाधान हो जाएगा।

ऑल इंडिया उलमा बोर्ड मीडिया विंग के प्रदेश अध्यक्ष बने अब्दुल्ला अखूतर

छिबरामऊ, कन्नौज। निष्पक्ष पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों के लिए पहचाने जाने वाले पत्रकार अब्दुल्ला अखूतर को ऑल इंडिया उलमा बोर्ड के मीडिया विंग का उत्तर प्रदेश राज्य अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के पत्रकारों, बुद्धिजीवियों तथा सामाजिक संगठनों में खुशी की लहर है। ऑल इंडिया उलमा बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) एडवोकेट मो. राशिद नसीम ने मीडिया विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब मजहर अब्बास नकवी (जामी) की सहमति एवं अनुशंसा पर यह नियुक्ति की है। मनोनयन पत्र में राष्ट्रीय महासचिव ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के साथ-साथ भाईचारे, मानवता और सामाजिक सेवा की भावना को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल्ला अखूतर ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है।

यूपी बोर्ड ने फेल छात्रों को दिया दूसरा मौका

कन्नौज , समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में असफल छात्रों के लिए इम्प्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा का अवसर प्रदान किया है। बोर्ड द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसके तहत छात्र 6 जून से 27 जून की मध्यरात्रि तक आवेदन कर सकेंगे।

27 जून तक होंगे आवेदन

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देशानुसार हाईस्कूल में एक विषय में फेल छात्र इम्प्रूवमेंट परीक्षा तथा दो विषयों में असफल छात्र कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए पात्र होंगे।

वहीं इंटरमीडिएट में किसी एक विषय के एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण छात्र कंपार्टमेंट परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। हाईस्कूल परीक्षा शुल्क 256.50 रुपये तथा इंटरमीडिएट परीक्षा शुल्क 306 रुपये निर्धारित किया गया है।

आवेदन करने के बाद चालान की मूल प्रति और आवेदन पत्र की कॉपी तीन दिन के भीतर क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि लिखित, प्रायोगिक और प्रोजेक्ट कार्य वाले विषयों की परीक्षा निर्धारित नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी। इस निर्णय से उन छात्रों को राहत मिलेगी जो कम अंकों या एक-दो विषयों में असफल होने के कारण आगे की पढ़ाई को लेकर चिंतित थे।

पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारियों की मनमानी से यात्री परेशान

▸ उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने डी आर एम को भेजा शिकायती पत्र

गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में पार्किंग ठेकेदार एवं उसके कर्मचारियों की कथित मनमानी से यात्रियों, टेम्पो चालकों, ई-रिक्शा संचालकों तथा आम नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि पार्किंग ठेकेदार के गुर्गे आए दिन यात्रियों और वाहन चालकों के साथ अभद्रता, अवैध वसूली तथा मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं, जिससे स्टेशन पर भय का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर आने वाले टेम्पो और ई-रिक्शा चालकों को बेवजह परेशान किया जाता है तथा उनसे निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि की मांग की जाती है। विरोध करने पर उन्हें डराया-धमकाया जाता है। आरोप यह भी है कि कुछ समय पूर्व ठेकेदार द्वारा इस तरह की कई लोगो के साथ अभद्रता की गई है, जिनमे भाजपा के निर्वतमान महामंत्रि रामवीर कठेरिया, अजय दीक्षित लोग शामिल है। लेकिन इसके बावजूद हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। यात्रियों का कहना है कि महिलाओं, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को स्टेशन गेट तक छोड़ने की अनुमति भी नहीं दी जाती। वाहन चालकों को दूर ही रोक दिया जाता है, जिससे यात्रियों को भारी सामान लेकर पैदल चलना पड़ता है। इससे सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, दिव्यांगों और महिला यात्रियों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन परिसर में पार्किंग व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा अवैध वसूली और दबंगई पर तत्काल रोक लगाई जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जनआंदोलन छेड़ा जाएगा। रेलवे स्टेशन यात्रियों की सुविधा के लिए होता है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था के चलते यात्री स्वयं को असुरक्षित और असहज महसूस कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने मंडल रेल प्रबंधक एवं उच्च अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा स्टेशन परिसर में यात्रियों के हित में पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग की है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रवक्ता सिद्धार्थ गुप्ता ने रेलवे को पत्र भेजकर यह कहा है कि रेलवे ठेकेदार को कितनी जमीन दी गयी है पार्किंग के लिए यह बताए और रेलवे परिसर में इसको चस्पा करें, साथ ही साथ ठेकेदार हमेशा यह कहता है कि वह विधायक का भतीजा है सत्ता का नशा है इनको किसी भी व्यक्ति से यह लड़ने लगता है यदि यही आलम रहा तो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल इसके विरुद्ध अभियान चलाएगी।

सनातन धर्म की सेवा में सक्रिय ब्रजेश गुप्ता सम्मानित

गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर में सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के लिए निरंतर सक्रिय रहने वाले ब्रजेश गुप्ता एवं उनके ज्येष्ठ भ्राता को सावरकर हेल्प फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं ÷निस्वार्थ सेवक पुस्तक भेंट कर उनके सामाजिक एवं धार्मिक योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि ब्रजेश गुप्ता लंबे समय से नगर में सनातन धर्म की एकता, सामाजिक जागरूकता और जनसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं। वह सदैव समाजहित एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहकर लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। सावरकर हेल्प फाउंडेशन के संस्थापक संदीप सावरकर चतुर्वेदी ने कहा कि समाज के लिए निस्वार्थ भाव से समय और सहयोग देने वाले व्यक्तियों का सम्मान करना संस्था का उद्देश्य है। अध्यक्ष सचिन द्विवेदी ने ऐसे लोग समाज के लिए प्रेरणा का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने दोनों सम्मानित व्यक्तियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सनातन जीवनदृष्टि की आधारशिला है गौ माता

छिबरामऊ, कन्नौज। वृंदावन में संपन्न हुई गौ सम्मान आह्वान अभियान की बैठक में भाग लेकर लौटे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडे ने कहा गौ माता सनातन जीवनदृष्टि की आधारशिला है। पावन धाम वृंदावन में आयोजित गौ सम्मान आह्वान अभियान की महत्वपूर्ण बैठक में में देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे साधु-संतों, गौ सेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा अभियान के दायित्वधारियों ने सहभागिता की। संत-महात्माओं ने अपने उद्बोधनों में गौ माता के धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला। सभी संतों ने अभियान को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए गौ संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आने का आह्वान किया। इस बैठक में बनारस, अयोध्या, मिर्जापुर, जौनपुर, कानपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद, मथुरा, राजस्थान, उत्तराखंड आदि स्थानों से आए मंडल प्रभारी, जनपद प्रभारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

यूरिया के दाम बढ़ने की अफवाहों पर न दें ध्यान: जिला कृषि अधिकारी

▸ जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं उर्वरक
▸ हरी खाद और जैविक खेती अपनाने की किसानों से अपील
▸ रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरक क्षमता होती है प्रभावित

कन्नौज , समृद्धि न्यूज।

जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि यूरिया के दामों में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में किसानों की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडार उपलब्ध है और किसानों को किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले में 14,860 मीट्रिक टन यूरिया, 5,600 मीट्रिक टन डीएपी, 2,700 मीट्रिक टन पोटाश तथा 13,642 मीट्रिक टन एनपीके खाद उपलब्ध है। किसान इन उर्वरकों को सरकारी समितियों और अधिकृत विक्रेताओं से आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को हरी खाद, गोबर की खाद तथा अन्य जैविक उर्वरकों के अधिक उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरक क्षमता प्रभावित होती है। इससे भूमि की उत्पादकता धीरे-धीरे कम होने लगती है। हरी खाद के प्रयोग से मिट्टी में नाइट्रोजन और कार्बन की मात्रा बढ़ती है, जिससे भूमि की गुणवत्ता और उर्वरता बनी रहती है। संतलाल गुप्ता ने किसानों से अपील की कि यूरिया की कीमत बढ़ने संबंधी किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह पर विश्वास न करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलता है अथवा उर्वरकों की कीमत बढ़ने की गलत जानकारी देता है तो इसकी सूचना तत्काल जिला कृषि विभाग को दें, ताकि संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

सेवा संकल्प दिवस पर भंडारा का आयोजन आज

छिबरामऊ, कन्नौज। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के जन्मदिवस और आयोजित सेवा संकल्प दिवस के अंतर्गत 9 जून को भंडारा का आयोजन किया जाएगा। प्रांतीय प्रतिनिधि राजीव दुबे ने बताया हम सभी लगातार पिछले कई वर्षों से सेवा संकल्प दिवस के नाम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं ।इसी उपलक्ष्य में इस वर्ष 9 जून को पीपल चौराहा पर सभी आम जनमानस के लिए भगवान भोलेनाथ जी के भंडारा का आयोजन किया जा रहा है जो दोपहर 12बजे से प्रारम्भ होकर सामग्री समाप्ति तक लगातार चलेगा। आप सभी इस पुण्य आयोजन में अपने साथियों सहित सादर आमंत्रित हैं कृपया पधारकर पुण्य प्रसाद प्राप्त कर आयोजन को सफल बनाएं।

पशुचर भूमि पर अवैध कब्जे से ग्रामीणों में रोष

▸ भाकियू (किसान) ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

ग्राम खोजीपुर में पशुचर भूमि पर अवैध कब्जे से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। भारतीय किसान यूनियन (किसान) के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. रजनीश दुबे के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने ग्राम खोजीपुर निवासी शांति देवी पत्नी दीनदयाल तिवारी के साथ एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पशुचर भूमि पर कथित अवैध कब्जे की शिकायत की। ज्ञापन में बताया गया कि राजस्व ग्राम खोजीपुर की गाटा संख्या 206 पशुचर भूमि के रूप में दर्ज है। आरोप है कि दूसरे गांव की निवासी महिला ने वर्षों पूर्व उक्त भूमि पर कब्जा कर लिया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वर्तमान में वहां रेस्टोरेंट, होटल और पिज्जा कॉर्नर आदि संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में विभिन्न समाज विरोधी गतिविधियां होने का भी आरोप लगाया गया है। शांति देवी ने प्रशासन से भूमि को कब्जामुक्त कराने तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, अमन मिश्रा, आशु पांडे, ऋषभ दीक्षित, विकास तिवारी, विक्रांत चतुर्वेदी, अनुराग त्रिपाठी एडवोकेट, आनंद तिवारी, जीतू शर्मा एवं शांतनु यादव सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

सपा व्यापार सभा की बैठक में हुई गंभीर मुद्दों पर चर्चा

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

समाजवादी व्यापार सभा के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर के नेतृत्व में आयोजित बैठक में बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल, खाद, बिजली के दामों और नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अशोक चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता, किसान, व्यापारी और युवा बेहद परेशान हैं।

महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, जबकि सरकार जनता को कोई राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। नीट पेपर लीक ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। बैठक में सरकार से बिजली दरों में तत्काल कटौती, गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल एवं खाद के दाम घटाने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समाजवादी व्यापार सभा जल्द ही जिलाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपकर जनता की समस्याओं के समाधान की मांग करेगी। इस अवसर पर गोविंद यादव, अवनीश गुप्ता, दीपक वर्मा, रामकुमार, संजय कुमार, विपिन कुमार, अयान, रामू वर्मा सहित समाजवादी व्यापार सभा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जमीन के विवाद में बेटे ने पिता को कुल्हाड़ी से काटा

▸ शराब के नशे में वारदात को दिया अंजाम, हत्या के बाद आरोपी फरार
▸ नाती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

कन्नौज समृद्धि न्यूज।

सकरावा थाना क्षेत्र के देवपुर गांव में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जमीन के विवाद में एक कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता की कुल्हाड़ी से हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना से गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार देवपुर गांव निवासी बुजुर्ग घर के बाहर सो रहे थे। आरोप है कि उनका बेटा शराब के नशे में वहां पहुंचा और कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया।

बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। एक दिन पहले भी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी अक्सर शराब पीकर घर में झगड़ा करता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मृतक के नाती रजनीश ने अपने पिता के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। उसने बताया कि उसका पिता आए दिन शराब के नशे में परिवार से विवाद करता था और इसी रंजिश में उसने अपने बाबा की हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि जमीन के विवाद में पुत्र द्वारा पिता की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें दबिश दे रही हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

हैरिटेज होटल में आग से बचाव व आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल

कन्नौज, समृद्धि न्यूज। आगजनी और अन्य आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए सोमवार को हैरिटेज होटल में आग से बचाव, आपदा प्रबंधन एवं सेल्फ डिफेंस से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मौजूद रहे।

मॉक ड्रिल के दौरान होटल परिसर में आग लगने की काल्पनिक स्थिति तैयार की गई। सूचना मिलते ही फायर सर्विस, आपदा प्रबंधन टीम, यूपी-112, यातायात पुलिस तथा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। फायर कर्मियों ने अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, सुरक्षित निकासी और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

होटल कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता बरतने, लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और प्राथमिक सुरक्षा उपाय अपनाने की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने होटल प्रबंधन को अग्नि सुरक्षा उपकरणों को हमेशा क्रियाशील रखने, आपातकालीन निकास मार्गों को अवरोधमुक्त रखने तथा नियमित सुरक्षा अभ्यास कराने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने कहा कि ऐसे अभ्यास किसी भी आपदा की स्थिति में जनहानि को रोकने और त्वरित राहत कार्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में होटल प्रबंधन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

जेल निरीक्षण में बंदियों से किया संवाद, विधिक अधिकारों की दी जानकारी

▸ प्राधिकरण की सचिव ने निरीक्षण कर बंदियों से ली जानकारी

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायाधीश अनुजा सिंह ने सोमवार को अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज का निरीक्षण कर बंदियों से सीधे संवाद किया तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने किशोर, महिला एवं पुरुष बंदियों से अलग- अलग बातचीत कर उनकी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, जमानत के प्रावधानों एवं न्यायिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बंदियों को आश्वस्त किया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनके अधिकारों की रक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कारागार में उपलब्ध खान-पान, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं का जेल मैनुअल के अनुरूप गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के उपरांत आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क अधिवक्ता सुविधा तथा न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। सचिव ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हर संभव विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

इस अवसर पर सामाजिक संस्था 'कुछ कोशिशें ग्रुप' के सहयोग से भीषण गर्मी को देखते हुए कारागार में निरुद्ध बंदियों को चप्पलों का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रभारी जेल अधीक्षक रविन्द्र नाथ, वार्डर दीपक, 'कुछ कोशिशें ग्रुप' से सुनील कुमार, अजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी सहित आदि लोग रहे।

न्यायाधीश/सचिव जिला ने किया कारगार का निरीक्षण

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अनुजा सिंह द्वारा जिला कारगार अनोगी का निरीक्षण कर बंदियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं सुनी। सचिव द्वारा किशोर, महिला व पुरूष बंदियों से अलग-अलग बातचीत की और उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को गम्भीरता से सुना। इस दौरान बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, जमानत के प्रावधानों और न्यायिक प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सचिव ने बंदियों को आश्वत किया कि विधिक सेवा प्राधिकरण उनके अधिकारों की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान कारागार की व्यवस्थाओं, जिनमें खान-पान स्वास्थ्य सेवाये, स्वच्छता, शिक्षा और अन्य सुविधाओं शामिल है, का जेल मैनुअल के अनुरूप गहन परीक्षण किया गया।

बंदियों द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं की गयी। निरीक्षण उपरांत अयोजित विधिक साक्षरता शिविर में बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता सुविधा, उनके कानूनी अधिकारों और न्याय प्राप्त करने की प्रकिया के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा उन्होने ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर औज जरूरतमंद व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हर संभव विधिक सहायता प्रदान की जाती है तथा साथ ही साथ कुछ कोशिशे ग्रुप के सहयोग से कारागार में निरूद्ध बंदियों की जरूरत के तहत इस भीषण में कुछ कोशिशे ग्रुप द्वारा चप्पलें वितरितण कर सराहनीय कार्य किया कार्यक्रम में प्रभारी जेल अधीक्षक रविन्द्र नाथ, वार्डर दीपक, कुछ कोशिशे से सुनिल कुमार बर्मा, अजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित जन भी उपस्थित है।

एडीजी, डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ, जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, दुर्गा नारायण पी0जी0 कॉलेज फतेहगढ़ तथा क्रिश्चियन इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, पहचान सत्यापन, सुरक्षा प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा तथा परीक्षा की समग्र व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भर्ती परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए शासन द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित हों। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुरक्षा एवं अनुशासन संबंधी सभी प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों को प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूर्णतः तैयार रहने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस कर्मियों एवं अधिकारियों की तैनाती की गई है। साथ ही संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता, निष्पक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा की गरिमा एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराएं।

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती एडीजी, डीएम व एसपी

एडीजी ने थाना मऊदरवाजा का किया निरीक्षण

थाने में अभिलेख देखती एडीजी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ ने थाना मऊदरवाजा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, अभिलेखों के रख-रखाव एवं परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यक समीक्षा की गई। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा जनशिकायतों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा रिक्रूट आरक्षियों से संवाद स्थापित कर पुलिस सेवा की गरिमा तथा अनुशासन, समर्पण और जनसेवा के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

सभासद की मेहनत लाई रंग, बरतल मार्ग का शुरु हुआ निर्माण कार्य

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत सभासद की मेहनत रंग ला गयी। सभासद तथा नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयासों से गांव बरतल जाने वाले मार्ग पर निर्माण कार्य शुरु हो गया है।

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 में सभासद रजनी यादव के प्रतिनिधि सपा नेता राहुल यादव अपने वार्ड में लगातार कार्य करने में खरे उतर रहे हैं। राहुल यादव ने अपने वार्ड में कस्बा चौराहे के राजपाल ठाकुर के घर से गांव बरतल किशोरी सक्सेना के घर तक का नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत तथा अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार को वार्ड में कार्य करने के लिए प्रस्ताव दिया था। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष तथा अधिशासी अधिकारी ने सभासद के प्रस्ताव को पास किया और निर्माण कार्य करने के लिए अनुमति दी। जिस पर सोमवार को सभासद रजनी यादव के पति प्रतिनिधि राहुल यादव ने पूजन कर शिलान्यास कराया। वहीं उनके वार्ड के निवासियों ने अपने सभासद के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की सराहना की। इस मौके पर राहुल यादव तथा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

पूजन कर शिलान्यास करते राहुल यादव

पुलिस भर्ती के परीक्षार्थियों को फर्रुखाबाद विकास मंच ने दी निःशुल्क सुविधा

- विशंभर दयाल धर्मशाला व सिंधी धर्मशाला में मिल रहा निःशुल्क भोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा में जनपद के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के द्वारा परीक्षा के लिए विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में आना प्रारंभ हुआ। फर्रुखाबाद विकास मंच जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने इन परीक्षार्थियों के रहने भोजन चाय नाश्ते आदि की निःशुल्क व्यवस्था कर रखी है। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को विसंबर दयाल धर्मशाला, हिंदी भवन दुर्गा मंदिर सिंधी धर्मशाला आदि जगहों पर ठहरने की व्यवस्था की गई है।

जानकारी देते हुए भईयन मिश्रा ने बताया लगभग 500 से अधिक छात्र हम लोगों के द्वारा बनाए गए स्थान पर रोके गए हैं। इनकी सारी सुख सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है कि किसी भी प्रकार की इनको परेशानी, असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक छात्र झांसी, ललितपुर की तरफसे आए हैं। वहां से आने वाले सभी छात्र यहां की व्यवस्थाओं को देखकर बहुत प्रसन्न थे। उन्होंने कहा कि आज तक ऐसी व्यवस्था हमने कहीं नहीं देखी है, जहां पर बिना किसी स्वार्थ के इस प्रकार की व्यवस्था की गई है कि घर जैसा वातावरण घर जैसा खाना आदि मिल रहा है। ऐसी व्यवस्था अगर सब जगह होने लगे तो हम सब छात्रों को बहुत सुविधा हो जाएगी। व्यवस्थाओं में भईयन मिश्रा, परमार्थ संस्थान केशव भान साध, निशित दुबे उर्फ नीशू, महेश अग्निहोत्री बाबू सभासद, राजीव पाल, शिवांग बाजपेई, रामजी मिश्रा, सनी बाथम, आलोक दुबे भरे, श्यामेंद्र दुबे नीरज, दिव्यांशु तिवारी, दिलीप भारद्वाज, आयुष सक्सेना, ओम निवास पाठक, आशू मिश्रा, आशुतोष त्रिपाठी, प्रिंस शुक्ला, नितिन यादव, राजीव वर्मा, शाहिद बड़ी संख्या में लोग लगे हुए हैं। भईयन मिश्रा ने बताया कि 9 जून एवं 10 जून को भी सभी छात्रों के लिए लगातार व्यवस्था की गई है किसी भी छात्र को कोई भी असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

धर्मशाला में मौजूद अभ्यार्थी

दहेज हत्या में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस हिरासत में आरोपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कम्पिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 जून को वादी द्वारा सूचना दी गई कि अभियुक्तगणों द्वारा वादी की पुत्री से अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपये व सोने की जंजीर की मांग करना तथा मांग पूरी न कर पाने पर वादी की पुत्री को प्रताड़ित करना व अपने ही घर में हत्या कर की तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 80/85(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट तहत राहुल कुमार सहित 06 अभियुक्तगण के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने राहुल कुमार पुत्र रामसरन निवासी ग्राम प्रीतम नगला थाना कम्पिल व रामसरन पुत्र वीरसहाय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने न्यायालय में पेश कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

भैंस चोर गैंग का भंडाफोड़, एक बदमाश लोडर सहित गिरफ्तार

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

दुधारू भैंस चोरी की सनसनीखेज घटना ने ग्रामीणों में हड़कंप मचा दिया। चोर रात के अंधेरे में भैंस को घर से चोरी कर ले गए, लेकिन भैंस के बच्चे की लगातार चीख ने पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया। चोरी के कुछ ही घंटों बाद भैंस को बेचने की कोशिश कर रहे, आरोपियों में से एक व्यक्ति ग्रामीणों और पुलिस के हत्थे चढ़ गया, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार होने में सफल रहे।

जानकारी के अुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव राजपालपुर निवासी महेश मलिक एवं संजय पुत्र महिपाल सिंह की दुधारू भैंस बीती रात लगभग 11 बजे चोरी हो गई। परिवार को चोरी की भनक तब लगी जब भैंस का बच्चा लगातार रंभाने लगा। इसके बाद परिजनों ने पूरी रात आसपास के क्षेत्रों में भैंस की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

सुबह अचानक मामले में नया मोड़ आया। सूचना मिलने पर भैंस मालिक गंगा दरवाजा स्थित नकासे पहुंचा, जहां कुछ लोग भैंस को बेचने की फिराक में थे। वहां पहुंचते ही मालिक ने अपनी भैंस को पहचान लिया और तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से भैंस, लोडर वाहन और उसके चालक को कब्जे में ले लिया। हालांकि भैंस बेचने आए दो अन्य संदिग्ध मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस सभी को लेकर मंडी चौकी पहुंची, जहां पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई।

चौकी पर पकड़े गए चालक से पूछताछ का दौर चलता रहा। वहीं पीड़ित पक्ष भी चौकी पहुंच गया और कार्रवाई की मांग करने लगा। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका था और पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई थी।

बरामद की गई चोरी की भैंस

मौके पर मौजूद पीड़ित पक्ष

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन हेतु डीएम ने ली बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं भव्य आयोजन के दृष्टिगत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। संचालन डॉ0 विजय कुमार यादव क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने किया।

बैठक में आगामी 15 जून से 21 जून तक आयोजित किए जाने वाले योग सप्ताह को जनपद भर में उत्साह, सहभागिता एवं जनजागरूकता के साथ मनाए जाने की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे अधिक से अधिक नागरिक योग से जुड़ सकें। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 जून को योग सप्ताह का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा, जबकि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य जनपदीय कार्यक्रम स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में आयोजित होगा। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तहसील, विकास खंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष योग शिविरों एवं सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि योग के प्रति व्यापक जनजागरूकता उत्पन्न हो सके। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु विभागीय समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने योग सप्ताह के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जीवनशैली से संबंधित जनजागरूकता गतिविधियों को भी कार्यक्रमों से जोड़ने पर बल दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, जनपद के समस्त चिकित्साधिकारी, योग प्रशिक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी योग संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी विभागों एवं संस्थाओं से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जनआंदोलन के रूप में सफल बनाने हेतु सक्रिय सहयोग प्रदान करने का आवाह्न किया गया।

15 जून को योग सप्ताह का होगा उद्घाटन

बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

जांच के नाम पर सफाई नायक पर रुपये लेने का आरोप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका फतेहगढ़ में मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर एक युवक ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। युवक का आरोप है कि आवेदन करने के बावजूद लगभग दो माह बाद भी उसे मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिला है, जिससे उसे आवश्यक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रानगंज फतेहगढ़ निवासी देव कुमार ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पिता किशोर कुमार का निधन 14 अप्रैल 2026 को हो गया था। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उन्होंने 17 अप्रैल 2026 को सभी आवश्यक दस्तावेज नगर पालिका परिषद में जमा कर दिए थे। आरोप है कि कुछ दिन बाद एक सफाई नायक हरिशंकर जांच के लिए उनके घर पहुंचा और जांच के नाम पर 500 रुपये ले लिए। युवक का कहना है कि उसे आश्वासन दिया गया था कि 10 दिन के भीतर मृत्यु प्रमाण पत्र मिल जाएगा, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। देव कुमार के अनुसार जब उन्होंने नगर पालिका कार्यालय में जानकारी की तो उन्हें बताया गया कि वहां से प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। इसके बाद संबंधित कर्मचारी ने उन्हें तहसील जाने की सलाह दी। युवक जब तहसील पहुंचा तो वहां भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिले और उसे बताया गया कि प्रक्रिया पूरी होने में अभी और समय लग सकता है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर शीघ्र मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने तथा आरोपों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं इस मामले को लेकर संबंधित विभाग का पक्ष सामने नहीं आ सका है।

मृत्यु प्रमाण पत्र का मामला

अवैध निर्माण में नौ गेस्ट हाउस व नौ अवैध प्लाटिंगकर्ताओं को नोटिस जारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश निर्माण कार्य विनियमन अधिनियम, 1958 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत विनियमित क्षेत्र में अवैध निर्माणों एवं अन्य नियम विरुद्ध गतिविधियों के विरुद्ध सतत अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान क्षेत्र का निरीक्षण कर अवैध निर्माणों का चिन्हीकरण किया जा रहा है तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत कुछ गेस्ट हाउसों का निर्माण एवं संचालन सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किया गया है अथवा किया जा रहा है, जो अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है। इस संबंध में अब तक 09 गेस्ट हाउसों को चिन्हित करते हुए संबंधित संचालकों को अधिनियम के तहत नोटिस निर्गत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त ऐसे गेस्ट हाउस भी चिन्हित किए गए हैं, जिनके द्वारा पूर्व में मानचित्र स्वीकृत तो कराया गया है, किंतु स्थल निरीक्षण में यह पाया गया कि उनका संचालन स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किया जा रहा है। यह स्थिति भी नियमों के विरुद्ध पाई गई है। ऐसे 09 गेस्ट हाउसों को चिन्हित कर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए गए हैं। अभियान के अंतर्गत विनियमित क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है। अब तक 09 अवैध प्लाटिंगकर्ताओं को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध नोटिस जारी किए गए हैं। संबंधित प्रकरणों में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि विनियमित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अथवा भूमि विकास कार्य निर्धारित नियमों एवं स्वीकृतियों के बिना किए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जमीनी विवाद में हुई मारपीट में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

कंपिल, समृद्धि न्यूज।

जमीनी विवाद में दो पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी डंडे ईट पत्थर चले, कई राउंड फायरिंग भी हुई। गोली लगने से एक महिला घायल हो गई। हालांकि एक्सरे रिपोर्ट में गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई।

पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया। क्षेत्र के गांव आजम नगर निवासी करन का पारिवारिक चाचा महावीर उर्फ मल्लू यादव से जमीन को लेकर शनिवार शाम दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी डंडे, ईट पत्थर व कई राउंड फायरिंग भी हुई। गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया। आरोप है कि महावीर ने करन की साठ वर्षीय मां अनीता देवी के गोली मार दी। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया रेफर किया गया। जहां डाक्टरी रिपोर्ट में गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस ने दो दिन बाद आरोपित महावीर उर्फ मल्लू व चार के खिलाफमारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

तिराहा पर लगे फ्रीजर का स्टार्टर तोड़ा, ईओ ने दिए जांच के निर्देश

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत द्वारा नवाबगंज तिराहा पर लगाए गए फ्रीजर के स्टार्टर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिए जाने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी सफाई कर्मी ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार को दी। शिकायत मिलने पर ईओ प्रमोद कुमार कार्यालय सहायक अम्बुज भारद्वाज के साथ सुबह मौके पर पहुंचे और फ्रीजर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि फ्रीजर का स्टार्टर तोड़ दिया गया है, जिससे उपकरण प्रभावित हुआ है। ईओ प्रमोद कुमार ने कहा कि नगर पंचायत की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गंभीर अपराध है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा नगर पंचायत की किसी भी सरकारी वस्तु को क्षति पहुंचाने की पुष्टि होती है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान ईओ ने नवाबगंज तिराहा पर सड़क किनारे सब्जी बेचने वाले दुकानदारों को भी निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानें सड़क से पीछे लगाएं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर पंचायत प्रशासन ने सभी दुकानदारों से नियमों का पालन करने की अपील की है।

मौके पर मौजूद अधिकारी व लोग

खनन अधिकारी व पुलिस ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े, की सीज

पकड़ी गयी ट्रैक्टर ट्राली

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। जहानगंज में अवैध खनन के खिलाफबड़ी कार्रवाई की गई है। खनन विभाग और जहानगंज थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मिट्टी से भरी हुई पाई गई, जबकि दूसरी ट्रैक्टर-ट्रॉली खाली थी। दोनों वाहनों को अवैध खनन गतिविधियों में शामिल होने के कारण सीज किया गया। जप्त किये गये वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई को अवैध खनन पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए खनन अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

भाजपा सरकारी भर्तियों में लूट रही पीडीए आरक्षण: सपा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह के साथ नेताओं ने मीडिया से वार्ता कर प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार के ऊपर सरकारी नौकरियों में दलित एवं पिछड़े समाज के लिए आरक्षित सीटों को लूटने के आरोप लगाए।

बैठक में मौजूद सपा नेता

जिलाध्यक्ष ने बताया कि पूरे प्रदेश में निकली 22 भर्तियों में 11514 से ज्यादा पिछड़े एवं दलित वर्ग के लिए आरक्षित की जाने बाली सीटों को लूट गया है, पिछड़े वर्ग आयोग ने ये स्वीकार किया है कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण प्रक्रिया का ठीक से पालन नहीं किया गया है। 69000 भर्ती में 7933 आरक्षित होने बाली सीटों को पीडीए वर्ग से लूट लिया गया। इसी तरह से वन और वन्य जीव रक्षक भर्ती में 88, बॉदा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी भर्ती में 5, एडेड जूनियर हाई स्कूल मास्टर/हेड मास्टर भर्ती में 547, ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती में 232, नेत्र परीक्षण भर्ती में 47, यूपीएसएसएससी कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर भर्ती में 300, प्रवर्तन कांस्टेबल भर्ती में 34, लखीमपुर कोऑपरेटिव बैंक भर्ती में 8, यूपीएसएसएससी आशुलिपिक भर्ती में 37, यूपीएसएसएससी कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती में 434, लेखपाल भर्ती में 960, पशु चिकित्सक भर्ती में 81, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी भर्ती में 55, चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) में 54, चिकित्सा अधिकारी होम्योपैथिक में 02, यूपीएसएसएससी अमीन नीलम कर्ता भर्ती में 19, यूपीएसएसएससी लिपिक सहायक टंकण भर्ती में 9, यूपीएसएसएससी सहायक कोषागार/लेखाकार भर्ती में 58, अधिशासी अधिकारी भर्ती में 13, यूपीएसएसएससी सहायक चकबंदी अधिकारी भर्ती में 10, यूपीएसएसएससी कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती में 588, कुल 11514 से ज्यादा पदों को पीडीए समाज के प्रतियोगी अभ्यर्थियों से लूट लिया गया। इस दौरान डॉ. नवल किशोर शाक्य, प्रताप सिंह यादव, अजीत कठेरिया, रामसेवक सिंह यादव, सर्वेश अंबेडकर, मो. उमर खां, इलियास मंसूरी, डॉ0 जेपी वर्मा, अजीत यादव, नागेंद्र शाक्य, रमेश चंद्र कठेरिया, राधेश्याम सविता, बिजेंद्र सिंह यादव, विनीत परमार, पवन कठेरिया, शीटू यादव, मुदस्सिर खॉ, अर्चित शर्मा, शिवम पटेल, विवेक भारद्वाज, शीलू खां आदि आदि मौजूद रहे।

ध्रुव शुक्ला ने गोल्ड व अंजू यादव ने जीता सिल्वर मेडल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

48वीं नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन 5 जून से 8 जून तक एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल में किया गया। जिसमें विभिन्न केटागरी में 350 बालक, बालिकाओं एवं दिव्यांग प्रतिभागियों ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड प्रांत के प्रतिभागी अपने कोच के साथ उपस्थित रहे। कायमगंज से ध्रुव शुक्ला ने 65 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, जबकि 50 किग्रा बालिका वर्ग में अंजू यादव ने सिल्वर मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल कम पड़ने पर खिलाड़ियों में काफी असंतोष प्रकट किया। जनरल सेक्रेट्री डॉ0 वीपी सिंह ने बताया कि जिन खिलाड़ियों को पदक नहीं मिल सके, उन सभी को उनके पते पर कोरियर द्वारा भेज दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल की सहमति से अगली प्रतियोगिता कायमगंज में आयोजित होगी। जिसकी तारीख बाद में घोषित की जायेगी।

ध्रुव शुक्ला को सम्मानित करते अतिथि मौजूद अन्य

समापन अवसर पर पूर्व चेयरमैन एवं राजबीर सिंह ने कहा कि खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है और अनुशासन के साथ प्रतिस्पर्धा भी बढ़ती है। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में चीफ रेफरी एस एस रंधावा अपनी टीम के साथ सक्रिय रहे। संचालन जनरल सेक्रेट्री डॉ0 वीपी सिंह ने किया।

एसडीएम कायमगंज पर कमरे में बंद कर 16 लोगों को लाठी से मारने का आरोप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

किसान यूनियन व समाजिक संगठनों ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर कहा कि उपजिलाधिकारी कायमगंज अतुल कुमार द्वारा 04 जून को 16 कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट, गाली-गलौज, मुर्गा बनाकर शारीरिक एवं मानसिक यातना देने, धमकी दी गई। पीड़ितों ने जांच कराकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि 02 जून को भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के आवाह्न में कायमगंज तहसील में गौवंश की दैनीय दशा को लेकर विभिन्न संगठनों के संयुक्त शांतिपूर्ण प्रदर्शन व ज्ञापन के कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी कायमगंज के द्वारा ज्ञापन नहीं स्वीकार किया गया। ज्ञापन लेने के स्थान पर भारी पुलिस बल तैनात कर 28 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 170,126,135 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इनमें से 10 कार्यकर्ताओं

गौवंशों की दैनीय दशा को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा किया गया था विरोध प्रदर्शन

को जेल भेज दिया गया और 18 कार्यकर्ताओं को कुछ शर्तों पर रिहा कर दिया गया। उन शर्तों में एक यह भी थी कि जब भी उपजिलाधिकारी बुलाएँ उपस्थित होना होगा। 04 जून को उक्त 18 में से 15 कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी अतुल कुमार के समक्ष उपस्थिति हेतु पहुँचे। उन्हें दोपहर लगभग 2.10 बजे तक उनके क्लर्क रूम में खड़ा रखा गया तथा हम सभी के मोबाइल फ़ोन को जब्त कर लिया गया। उन्हे उपजिलाधिकारी के केबिन में बुलाया गया और केबिन का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया गया। अंदर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, उनके दो क्लर्क, एक चपरासी तथा 15 कार्यकर्ता उपस्थित थे। जब पह घटना चल रही थी, तब हम 18 में से एक अन्य कार्यकर्ता को बाहर से बुलाकर अंदर आने दिया गया और दरवाजा पुनः अंदर से बंद कर दिया गया। इस प्रकार कुल 16 कार्यकर्ता केबिन के अंदर थे। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मुर्गा बनने का आदेश दिया। जिसका कुछ कार्यकर्ताओं ने विरोध किया तो लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी कि अगर शिकायत की तो जेल भेज देंगे।

पीड़ितों का कहना है कि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पीड़ितों ने 16 पीड़ित कार्यकर्ताओं का एक चिकित्सा बोर्ड गठित कर तत्काल मेडिकल परीक्षण कराया जाये और जांच कर दोषी पाये जाने पर उपजिलाधिकारी पर कार्यवाही की जाये। शिकायत करने वालों में अभय चौहान, दलवीर सिंह, राजीव राजपूत, हर्षित सिंह, सौरभ सिंह, आकाश पाण्डेय, आशीष, मनोज, अवधेश सोमवंशी, धनीराम, विवेक सिंह, नेत्रपाल सिंह, सर्वेश सिंह, अमन शर्मा, अवनीश, लक्ष्मीनारायण के नाम शामिल है।

पंचतत्व में विलीन हुई समाजसेवी डॉ. रजनी सरीन

भाजपा के झंडे में नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भाजपा की वरिष्ठ नेता, प्रख्यात चिकित्सक, साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ0 रजनी सरीन का सोमवार को पूरे राजकीय सम्मान और भावपूर्ण माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। भाजपा के झंडे में लिपटे पार्थिव शरीर को हजारों नम आंखों ने अंतिम विदाई दी। उनकी अंतिम यात्रा लोहाई रोड स्थित आवास से प्रारंभ होकर नाला मछरट्टा, साहबगंज चौराहा होते हुए पांचाल घाट पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्हें पंचतत्व में विलीन किया गया। अंतिम यात्रा में सांसद, विधायक, नगर पालिका चेयरमैन सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, साहित्यिक एवं व्यावसायिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर अपनी प्रिय नेता को श्रद्धांजलि दी। बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने उनके प्रति जनस्नेह का परिचय दिया। डॉ0 रजनी सरीन का जीवन समाजसेवा, चिकित्सा, शिक्षा और राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा। वह भाजपा की राष्ट्रीय परिषद सदस्य रहीं तथा अनेक सामाजिक एवं शैक्षिक संस्थाओं से जुड़कर जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रहीं। उन्होंने चिकित्सा सेवा के साथ-साथ साहित्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। शोकसभा में वक्ताओं ने कहा कि डॉ0 रजनी सरीन का निधन जनपद के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, सेवा भाव और समाज के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। अंकित सरीन ने अंतिम संस्कार किया। बेटी पायल और कोयल भी मौजूद रही। अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित डॉ0 मनोज मल्होत्रा, विनोद अग्निहोत्री, उदय पाल, विजय, डॉ0 अंजलि, समाजसेवी संजय गर्ग, लालजी टंडन सभी धर्म के लोगों ने अंतिम विदाई दी। जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

डॉ. रजनी सरीन की अंतिम यात्रा में शामिल लोग

परचून के खोखे से नगदी व सिगरेट चोरी

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। कस्बे के गंगानगर रोहिला निवासी अजय सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी वेबर रोड स्थित खोखे में परचून की दुकान है। बीती रात अज्ञात चोरों ने खोखे की टीन काटकर अंदर प्रवेश किया और गोलक में रखे करीब 10 हजार रुपये की नगदी तथा लगभग 20 हजार रुपये कीमत की सिगरेट चोरी कर ले गए। सुबह दुकान पहुंचने पर पीड़ित को चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से दुकानदारों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

एडीजी ने बैठककर कानून व्यवस्था की समीक्षा

पुलिस कर्मियों को दिये आवश्यक निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा जनपद फतेहगढ़ भ्रमण के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन पहुँचकर गार्द सलामी ली गई।

सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी कर साइबर अपराध, अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, महिला एवं बाल सुरक्षा, लंबित विवेचनाओं, प्रभावी अभियोजन, अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाहियों तथा अन्य महत्वपूर्ण पुलिसिंग संबंधी विषयों की

सलामी लेती एडीजी

बैठक लेती एडीजी मौजूद एसपी व अन्य पुलिस कर्मी

विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा गोष्ठी के दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित अनावरण, जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, संवेदनशील प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस कर्मियों के कल्याण, अनुशासन, प्रशिक्षण एवं कार्यक्षमता को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया। गोष्ठी एवं निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को जनसामान्य की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं, कार्यालयों एवं अभिलेखों का अवलोकन किया।

चोरी की घटनाओं पर नहीं लग पा रही लगाम, क्षेत्र में दहशत

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

कस्बा मोहम्मदाबाद के फतेहगढ़ रोड स्थित आदर्श मशीनरी स्टोर की दुकान में अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी की वारदात से व्यापारियों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहिला निवासी शिवांचल यादव की फतेहगढ़ रोड पर आदर्श मशीनरी स्टोर के नाम से दुकान है। बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे लगे दरवाजे के नीचे से नकब लगा दिया और अंदर प्रवेश कर सामान व नगदी चोरी कर ले गए। चोर दुकान से तीन पुरानी समर तथा गोलक में रखे करीब 4200 रुपये की नगदी लेकर फरार हो गए। सुबह दुकान पहुंचने पर पीड़ित को चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

चोरों द्वारा लगाया गया नकब

अठरुईया समईचीपुर में चल रही श्रीराम कथा

कथा का श्रवण कराते कथावाचक

कथा सुनते भक्तगण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र की ग्राम सभा अठरुईया समईचीपुर में श्रीराम कथा चल रही है। जिसमें कथावाचक दाताराम अग्निहोत्री के मुखारविंद से श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 1 जून को हुआ। जिसमें परीक्षत श्रीपाल और उनकी पत्नी रही। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान श्रीराम की कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा वाचक दाता राम अग्निहोत्री ने अपने प्रवचनों में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, भक्ति और धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा पंडाल में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है तथा पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया।

10 जून को होगा विशाल भंडारा

आयोजकों के अनुसार श्रीराम कथा का समापन 9 जून को होगा। इसके उपरांत 10 जून को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है। ग्रामीणों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। संरक्षक पूर्व प्रधान कुंवर पाल की देखरेख में कथा का आयोजन किया जा रहा है। आलोक कुमार, बाबा प्रेमनाथ सहित आदि लोग मौजूद रहे।

एडीजी ने व्यापारियों के साथ बैठककर विभिन्न विषयों पर की चर्चा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने और व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में सोमवार को कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ने पुलिस लाइन सभागार में जनपद के प्रमुख व्यापारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने से लेकर यातायात प्रबंधन तक के विभिन्न गंभीर विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

एडीजी जोन कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ ने जनप्रतिनिधियों एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी/व्यापारी बन्धुओं के साथ बैठक आयोजित कर कानून-व्यवस्था, जनसुरक्षा एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी/व्यापारी बन्धुओं द्वारा प्रस्तुत सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए एडीजी ने साफ तौर पर कहा कि व्यापारी समाज अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि जिले में भयमुक्त माहौल रहेगा और किसी भी अपराधी या अराजक तत्व को सिर उठाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। वहीं व्यापारियों ने शहर के प्रमुख मार्गों पर लगने वाले जाम और अवैध अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। बैठक में उपस्थित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने एडीजी के सामने स्थानीय स्तर पर आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों को रखा। व्यापारियों ने पुलिस द्वारा आयोजित की गई इस समन्वय बैठक की सराहना की और कहा कि इस तरह के संवाद से पुलिस और जनता के बीच का फासला कम होता है और सुरक्षा का अहसास मजबूत होता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सहित व्यापार मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री और गणमान्य व्यापारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान एडीजी व एसपी तथा व्यापारीगण आदि

एनसीसी कैडेट्सों ने मनाया विश्व महासागर दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल एएस मलिक के निर्देशन में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य तथा एनसीसी ऑफिसर कैप्टन गिरिजा शंकर तथा डीएनपीजी कॉलेज के लेफ्टिनेंट डॉ0 सत्येंद्र मिश्रा द्वारा एनसीसी कैडेट्स के साथ विश्व महासागर दिवस मनाया गया। विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष 8 जून को मनाया जाता है जिसका प्रमुख उद्देश्य नदियों तथा समुद्र को स्वच्छ रखते हुए जीव जंतुओं की रक्षा करना है। सुबह 10 बजे लगभग 50-80 एनसीसी कैडेट्स के साथ गंगा तट स्थित बरगदिया घाट पर विश्व महासागर दिवस मनाया गया। जहां पर कैप्टन गिरिजा शंकर ने सभी एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए विश्व महासागर दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि पृथ्वी का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा महासागरों से ढका है, जिसके कारण इसे नीला ग्रह कहा जाता है। यह विशाल जलराशि न केवल पृथ्वी की

शपथ लेते एनसीसी कैडेट्स

सुंदरता है, बल्कि हमारे अस्तित्व का आधार भी है। महासागरों के इसी अतुलनीय महत्व को याद दिलाने और उनके संरक्षण के प्रति वैश्विक एकजुटता बढ़ाने के लिए हर साल 8 जून को श्विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि महासागर हमारे ग्रह के असली फेफड़े हैं। हम जो सांस लेते हैं, उसकी आधी से अधिक ऑक्सीजन लगभग 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत समुद्र में मौजूद सूक्ष्म पौधों (फाइटोप्लांकटन) द्वारा तैयार की जाती है। इसके साथ ही, महासागर पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करते हैं, मौसम चक्र को चलाते हैं और अरबों लोगों को भोजन और आजीविका प्रदान करते हैं।

सच्चाई ये है कि आज हमारा यह लाइफ सपोर्ट सिस्टम गंभीर संकट में है। हर साल लाखों टन प्लास्टिक कचरा, औद्योगिक रसायन और जहाजों से होने वाला तेल रिसाव समुद्र को जहरीला बना रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र का तापमान बढ़ रहा है, जिससे समुद्री जीवों का घर कही जाने वाली मूंगा चट्टानें नष्ट हो रही हैं। यदि महासागर अस्वस्थ होंगे, तो पृथ्वी पर जीवन का अंत निश्चित है।

इनके संरक्षण के लिए हमें व्यक्तिगत स्तर पर सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करना होगा और नदियों व समुद्र तटों को साफ रखना होगा। वहीं लेफ्टिनेंट डॉ0 सतेंद्र मिश्रा ने बताया कि विश्व महासागर दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का संकल्प है। क्योंकि महासागर सुरक्षित रहेंगे, तभी हमारा कल सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर निहारिका पटेल ने भी अपने विचार रखे। एनसीसी कैडेट्सों को शपथ भी दिलायी गई।

श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग ने श्रोताओं को किया भावविभोर

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

ग्राम थानपुर स्थित मौजी जी बाबा के मंदिर पर ग्रामीणों के सहयोग से चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य पीयूष शास्त्री जी ने श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का रोचक प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने बताया कि विदर्भ नरेश भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी कृष्ण भक्त थीं। उनके पिता ने उन्हें शिशुपाल से विवाह का निश्चय किया, किंतु रुक्मिणी ने गोपनीय संदेश भेजकर श्रीकृष्ण को बुलाया। विवाह के दिन जब रुक्मिणी देवी मंदिर से लौट रही थीं, तब भगवान कृष्ण गरुड़ पर सवार होकर आए और उन्हें अपहरणपूर्वक (रक्षा हेतु) अपने साथ द्वारका ले गए। इस घटना से राक्षसी शक्तियों में हाहाकार मच गया, लेकिन श्रीकृष्ण ने सभी चुनौतियों का सामना करते हुए रुक्मिणी से विवाह रचा। प्रसंग सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथा में

परीक्षित जावेद, यज्ञपति विश्राम सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। अशोक यादव ने माला पहनाकर कथावाचक पीयूष जी का सम्मान किया।

आखिर कब तक मिलेगा सिर्फ आश्वासन, अब समाधान चाहिए

तेंदुए के हमले में हुई मासूम की मौत के बाद उग्र हुए परिजन व ग्रामीण

समृद्धि न्यूज़, ईसानगर खीरी। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुर के मजरा रोशनी पुरवा निवासी 8 वर्षीय अबोध बालक शुभम की तेंदुए के हमले में हुई मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर ईसानगर-खमरिया मार्ग जाम कर दिया और वन विभाग तथा प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में काफी समय से तेंदुए की गतिविधियां देखी जा रही थीं और इसकी सूचना कई बार संबंधित अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि यदि

वन विभाग ने पहले ही गंभीरता दिखाई होती तो मासूम शुभम की जान बचाई जा सकती थी। जाम के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि आखिर कब तक उन्हें सिर्फ आश्वासन मिलता रहेगा। अब आश्वासन नहीं, समाधान चाहिए। उनका कहना था कि क्षेत्र में लगातार जंगली जानवरों के हमलों से लोगों की जान जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी केवल आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारियों से बच रहे हैं। परिजनों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद शासन-प्रशासन ने उन पर दबाव बनाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जल्दबाजी में उठवा लिया गया। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि तेंदुए की गतिविधियों की जानकारी पहले से ईसानगर पुलिस को दी गई थी, लेकिन उन्हें संतोषजनक सहयोग नहीं मिला। कुछ ग्रामीणों ने दावा किया कि सूचना देने पर पुलिस की ओर से कहा गया कि 'हम क्या कर सकते हैं, जब कुछ हो जाए तब बताना।' हालांकि इस संबंध में पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ग्रामीणों के अनुसार, शुभम पर हमले की घटना के बाद भी तेंदुआ घटनास्थल से कुछ दूरी पर फिर दिखाई दिया। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। लोगों का कहना है कि किसान खेतों पर जाने से डर रहे हैं और बच्चों को घरों से बाहर निकालना मुश्किल हो गया है। सोमवार सुबह विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े लोग भी मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान परिजनों ने घटना की पूरी जानकारी देते हुए अपना दर्द बयां किया। मौजूद ग्रामीणों ने भी क्षेत्र में बढ़ते तेंदुए के आतंक और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर नाराजगी जताई।

आंगनबाड़ी, बाल वाटिका व पोषण वाटिका का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी। विकासखंड धौरहरा की ग्राम पंचायत अदलीशपुर में विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने आंगनबाड़ी केंद्र, बाल वाटिका एवं पोषण वाटिका का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक विनोद कुमार अवस्थी ने ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और बेहतर पोषण के लिए ऐसे केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विकासखंड स्तर पर संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की भी प्रशंसा की। ग्रामीणों ने भी खंड विकास अधिकारी संदीप तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में समस्याएं कम हुई हैं और विकास कार्यों में तेजी आई है। ग्रामीणों का कहना था कि अच्छी सोच और बेहतर कार्यशैली के साथ क्षेत्र में विकास को नई दिशा मिल रही है। खंड विकास अधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बच्चों, महिलाओं और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता है। आंगनबाड़ी केंद्र, बाल वाटिका एवं पोषण वाटिका के माध्यम से बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में जनहित की योजनाओं को पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ लागू किया जाएगा।

घर से नाराज होकर निकला 12 वर्षीय अभि वर्मा सकुशल बरामद

पुलिस की तत्परता से परिवार में लौटी खुशियां

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी। नकहा क्षेत्र से घर से नाराज होकर निकले 12 वर्षीय बालक अभि वर्मा को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर लिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली, वहीं क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है। जानकारी के अनुसार नकहा निवासी दीपक वर्मा का 12 वर्षीय पुत्र अभि वर्मा रविवार सुबह करीब 11 बजे किसी बात से नाराज होकर घर से चला गया था। काफी तलाश के बावजूद जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

खबरें एक नजर में

लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष की संपन्न बैठक में नई कार्यकारिणी का हुआ चयन

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़। लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष की बैठक एक होटल में क्लब अध्यक्ष लायन आशुतोष त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार की रात संपन्न हुई। बैठक का संचालन क्लब सचिव लायन आरबी सिंह ने किया।बैठक में आगामी सत्र की कार्यकारिणी के गठन एवं चुनाव को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व प्रधानाचार्य श्याम शंकर शुक्ल 'श्याम' को क्लब का अध्यक्ष, संतोष भगवन को सचिव तथा दिनेश प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया।नई कार्यकारिणी में राजेश बहादुर पाल को प्रथम उपाध्यक्ष, आरबी सिंह को द्वितीय उपाध्यक्ष तथा अशोक सिंह को तृतीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव को प्रशासक नियुक्त किया गया।विभिन्न सेवा एवं गतिविधि समितियों के लिए भी पदाधिकारियों का चयन किया गया। आशुतोष त्रिपाठी को चेयरपर्सन डायबिटीज, अरविंद सिंह को चेयरपर्सन मेंबरशिप, सुभाष चंद्र सोनी को चेयरपर्सन पर्यावरण, हरिशंकर सिंह 'हैप्पी' को चेयरपर्सन हंगर, लालजी तिवारी को लायन टेमर, आलोक सिंह को एलसीएफ कोऑर्डिनेटर, कुंवर बहादुर सिंह को क्लब सर्विस चेयरपर्सन, डॉ. आमोद शुक्ला को चेयरपर्सन पीडियाट्रिक, अश्वनी सिंह को चेयरपर्सन रक्तदान, कृष्ण प्रताप सिंह को चेयरपर्सन सांस्कृतिक गतिविधि तथा मधुकर शर्मा को चेयरपर्सन नेत्र संरक्षण का दायित्व प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त सतीश चंद्र शर्मा, रामेश्वर प्रसाद पांडेय, लालजी चौरसिया, डॉ. रविशंकर पांडेय, अजय श्रीवास्तव एवं चंद्रशेखर मिश्र को क्लब का निदेशक चुना गया।

नगर पालिका परिषद बेल्हा का विशेष स्वच्छता अभियान चालू किया गया

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिका परिषद बेल्हा द्वारा जनपद में व्यापक स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 08 जून से 14 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत नगर क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, नालियों की सफाई तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।अभियान के प्रथम दिन जोगापुर कांशीराम कालोनी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पालिका की सफाई टीमों ने क्षेत्र में एकत्रित कूड़े का निस्तारण किया तथा चोक नालियों की साफ-सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया।बरसात के मौसम और संक्रामक रोगों की संभावनाओं को देखते हुए क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर एवं एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव भी कराया गया, ताकि मच्छरजनित एवं अन्य संक्रामक बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करें, कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक के उपयोग से बचें।

जनगणना ने दिखाई गांवों की नई तस्वीर एकल परिवारों की ओर बढ़ रहा समाज

समृद्धि न्यूज़, हलिया, मीरजापुर। लालगंज तहसील क्षेत्र में चल रही जनगणना ग्रामीण समाज के बदलते स्वरूप को सामने ला रही है। गांवों में एकल परिवारों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। संयुक्त परिवारों का दायरा लगातार सिमट रहा है। यह बदलाव लगभग हर गांव में दिखाई दे रहा है।जनगणना के दौरान कर्मचारियों को बड़ी संख्या में ऐसे घर मिले हैं जहां एक ही परिवार की अलग.अलग शाखाएं अलग मकानों में रह रही हैं। पहले एक छत के नीचे कई पीढ़ियां रहती थीं। अब यह व्यवस्था कम दिखाई दे रही है। नई पीढ़ी अलग परिवार के साथ जीवन बिताना पसंद कर रही है।अधिवक्ता पन्नालाल सिंह ने कहा कि पारिवारिक संरचना में बदलाव नया नहीं है। हर दौर में समाज ने परिवर्तन देखा है। वर्तमान समय में शिक्षा और रोजगार ने लोगों की सोच को प्रभावित किया है। इसका असर परिवार व्यवस्था पर भी दिखाई दे रहा है।समाजसेवी विशेश्वर गुप्ता का कहना है कि आर्थिक जरूरतें इस बदलाव का बड़ा कारण हैं। परिवारों की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ा है। लोग सीमित संसाधनों में बेहतर जीवन की तलाश कर रहे हैं। इसलिए छोटे परिवारों को प्राथमिकता मिल रही है।अधिवक्ता अनिल शुक्ला ने कहा कि गांव और शहर के बीच की दूरी कम हुई है। आधुनिक जीवनशैली गांवों तक पहुंच चुकी है।

माता बेलहिया धाम बनेगा धार्मिक पर्यटन का नया केंद्र, विकास परियोजना का हुआ भूमिपूजन

- 89.70 लाख की लागत से होगा माता बेलहिया धाम का कायाकल्प, पर्यटन विकास कार्यों का शुभारंभ
- सदर विधायक योगेश वर्मा की मौजूदगी में माता बेलहिया धाम के विकास कार्य शुरू

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।

विधानसभा लखीमपुर सदर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अटकोनवा, पोस्ट दुबरस स्थित प्रसिद्ध माता बेलहिया धाम के पर्यटन विकास कार्यों का सोमवार को विधिवत भूमिपूजन किया गया। लगभग 89.70 लाख रुपये की लागत से कराए जाने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा सदर विधायक योगेश वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि माता बेलहिया धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है और इसके विकास से धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि माता बेलहिया धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास परियोजना के पूरा होने के बाद श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे यहां आने वाले भक्तों की संख्या में वृद्धि होगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। विधायक ने कहा कि विकास का अर्थ केवल सड़क, भवन और अन्य भौतिक संसाधनों तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करना भी उतना ही आवश्यक है। माता बेलहिया धाम के सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से यह स्थल जनपद ही नहीं, बल्कि प्रदेश स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में धार्मिक पर्यटन को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

80 गांवों की बिजली व्यवस्था पर फूटा गुस्सा

जर्जर लाइन और कर्मचारियों की कमी से नाराज उपभोक्ताओं का प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज़, मितौली खीरी। विद्युत उपकेंद्र मितौली के रामनगर फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं ने लगातार खराब हो रही बिजली व्यवस्था के विरोध में पावर हाउस परिसर में प्रदर्शन किया। नाराज उपभोक्ताओं ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम के नाम संबोधित ज्ञापन अवर अभियंता मितौली को सौंपते हुए फीडर की जर्जर व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि रामनगर फीडर की विद्युत आपूर्ति वर्षों पुराने और जर्जर तारों के सहारे संचालित की जा रही है। कई स्थानों पर बिजली लाइनें बबूल और नीम के पेड़ों के बीच से होकर गुजरती हैं, जिससे हल्की हवा या मौसम में मामूली बदलाव होने पर भी फाल्ट हो जाता है और बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि कटौती और फाल्ट अब रोजमर्रा की समस्या बन चुके हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि रामनगर फीडर से करीब 80 गांवों को बिजली आपूर्ति की जाती है। लंबी लाइन और खराब ढांचे के कारण प्रतिदिन किसी न किसी स्थान पर तकनीकी खराबी उत्पन्न होती रहती है। इसके बावजूद पूरे फीडर की निगरानी और मरम्मत का जिम्मा केवल एक लाइनमैन पर है, जिससे शिकायतों के निस्तारण में काफी समय लग जाता है और उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

तेज रफ्तार ट्रक ने उजाड़ दिया परिवार: बाइक सवार बुजुर्ग की मौत, 2 किमी तक फंसी बाइक घसीटता रहा चालक

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी। लखीमपुर-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। मानसरोवर पार्क के पास तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 62 वर्षीय इकरार खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद युवक नितिन घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक की संवेदनहीनता भी सामने आई। बाइक ट्रक में फंसने के बावजूद वह वाहन रोकने के बजाय उसे करीब दो किलोमीटर तक घसीटता हुआ ले गया और बाद में ट्रक छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम महम्दाबाद निवासी इकरार खान पुत्र वारिस खान (62) सुबह करीब साढ़े सात बजे पड़ोसी गांव धूसरू निवासी नितिन पुत्र मटरू के साथ बाइक से क्षेत्र स्थित एक मछली फार्म की ओर जा रहे थे। परिजनों के मुताबिक दोनों रोजमर्रा के काम से निकले थे और किसी को अंदाजा नहीं था कि यह सफर इकरार खान के जीवन का आखिरी सफर साबित होगा। जैसे ही उनकी बाइक सीतापुर रोड स्थित मानसरोवर पार्क के पास पहुंची, तभी लखीमपुर की ओर से ओयल जा रहे ट्रक संख्या यूपी-

25 बीटी-8926 ने सामने से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इकरार खान सड़क पर दूर जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल ट्रक के अगले हिस्से में फंस गई थी। इसके बावजूद चालक ने वाहन नहीं रोका। वह ट्रक को तेज गति से दौड़ाता रहा और फंसी हुई बाइक को सड़क पर घसीटते हुए करीब दो किलोमीटर दूर ओयल पुलिस चौकी तक ले गया। रास्ते भर बाइक के घिसटने की आवाज और सड़क पर उड़ती चिंगारियां लोगों को हैरान करती रहीं।

नाइट क्रिकेट का रोमांच शुरू, अलौकिक इलेवन ने सिंगाही को 34 रन से हराया

- राम दीक्षित की घातक गेंदबाजी, छह विकेट लेकर बने मैन ऑफ द मैच

समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी। निघासन कस्बे के ढखेरवा रोड स्थित मैदान में रविवार शाम निघासन नाइट प्रीमियर लीग (एनएनपीएल) का रंगारंग शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुकाबले में लखनऊ की अलौकिक इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगाही इलेवन को 34 रन से पराजित कर प्रतियोगिता में विजयी आगाज किया।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता सीए अंशुल दीक्षित ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मुकाबले में टॉस जीतकर सिंगाही इलेवन ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अलौकिक इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 105 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से देशदीपक ने 21 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

106 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिंगाही इलेवन की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अलौकिक इलेवन के गेंदबाजों ने शुरू से ही विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। सिंगाही की पूरी टीम आठ ओवर में 71 रन पर सिमट गई और मुकाबला 34 रन से गंवा बैठी। अलौकिक इलेवन की जीत के नायक राम दीक्षित रहे। उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2.4 ओवर में मात्र 19 रन देकर छह विकेट हासिल किए। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मैच के दौरान मैदान पर बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। दर्शकों ने तालियों और उत्साहवर्धन के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया, जिससे पूरे मैदान में रोमांचक माहौल बना रहा।

डीएम ने ठाकुरपुरवा रपटा पुल व लालपुर बांध का किया निरीक्षण

- बाढ़ सुरक्षा कार्यों में तेजी के निर्देश
- अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी। संभावित बाढ़ की चुनौती को देखते हुए सोमवार को जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने निघासन क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। झंडी स्टेट के राजा राजा राजेश्वर सिंह के अनुरोध पर पहुंचे जिलाधिकारी ने ठाकुरपुरवा रपटा पुल तथा लालपुर तमोलीनपुरवा बांध का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बैलहा रपटा पर चल रहे सिल्ट सफाई कार्य और लालपुर तमोलीनपुरवा बांध के मरम्मत कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। इस मौके पर राजा राजेश्वर सिंह ने क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों की जानकारी देते हुए बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे।

राजेश्वर सिंह ने कहा कि यदि समय रहते सभी आवश्यक कार्य पूरे कर लिए जाएं तो क्षेत्र के हजारों लोगों को संभावित बाढ़ की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। जिलाधिकारी ने उनके सुझावों पर सहमति जताते हुए संबंधित अधिकारियों को बाढ़ सुरक्षा एवं राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं ठाकुरपुरवा रपटा पुल के स्थान पर स्थायी पुल निर्माण की स्थानीय लोगों की मांग को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता को प्रधानमंत्री जनजाति एवं संपर्क मार्ग योजना (पीएमजेएसवाई) से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव के शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया। क्षेत्रीय लोगों ने बाढ़ संबंधी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने और समाधान की दिशा में पहल करने के लिए राजा राजेश्वर सिंह की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान एसडीम राजीव निगम, खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह, अनिल यादव, नरेन्द्र भदौरिया सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

सपा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंकज वर्मा ने थामा अपना दल (एस) का दामन

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंकज वर्मा ने अपना दल (एस) की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में शामिल होने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दों पर किए जा रहे कार्यों और उठाई जा रही आवाज से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है।

सदस्यता ग्रहण करने के बाद पंकज वर्मा ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय सचिव सुरेश चंद्र पटेल, जिलाध्यक्ष मनोज वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव पटेल, गोला विधानसभा अध्यक्ष विकास वर्मा, जिला महासचिव कपिल पटेल, पार्टी के विशेष सहयोगी अजय वर्मा, विशाल पटेल, एडवोकेट महेश वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने नए सदस्य का स्वागत करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

पुलिस भर्ती परीक्षा-2025 की तैयारियों का उच्चाधिकारियों ने लिया जायजा

निष्पक्ष व पारदर्शी आयोजन के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

समृद्धि न्यूज, महराजगंज।

जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी (ADM) महराजगंज तथा अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महराजगंज इंटरमीडिएट कॉलेज, महामाया आई.टी. पॉलिटेक्निक महराजगंज तथा जवाहर लाल नेहरू स्मारक पी.जी. कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, नकल अथवा सुरक्षा संबंधी चूक की कोई संभावना न रहे। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर उन्हें परीक्षा के दौरान सतर्कता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप भर्ती परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा इंतजाम संतोषजनक पाए गए। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से भी अपील की है कि वे निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचें तथा परीक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सहयोग प्रदान करें, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।

सोहगीबरवा में बाघों का बसेरा पक्का, अब सुरक्षा और विकास की जिम्मेदारी सरकार पर

समृद्धि न्यूज, महराजगंज। सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग में चल रही बाघ गणना ने वन्यजीव प्रेमियों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों के लिए उत्साहजनक संकेत दिए हैं। जंगल के भीतर से प्राप्त ताजा साक्ष्य बताते हैं कि शिवपुर रेंज में एक नर और एक मादा बाघ अपने दो शावकों के साथ नियमित रूप से विचरण कर रहे हैं। यह संकेत केवल बाघों की मौजूदगी तक सीमित नहीं है, बल्कि इस बात का प्रमाण भी है कि सोहगीबरवा अब उनके लिए एक सुरक्षित और स्थायी आवास के रूप में विकसित हो रहा है। दक्षिणी खीरी क्षेत्र से लाई गई बाघिन ने यहां के प्राकृतिक वातावरण को पूरी तरह अपना लिया है और अब अपने परिवार के साथ यहां स्थायी रूप से रह रही है।

घुघली में मौत का रहस्य गहराया: लगातार दूसरे दिन नहर से मिला अज्ञात शव

- इलाके में दहशत और चर्चाओं का दौर तेज

समृद्धि न्यूज, महराजगंज। घुघली थाना क्षेत्र में अज्ञात शव मिलने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे पूरे इलाके में सनसनी और दहशत का माहौल बन गया है। सोमवार को बेलवा टिकर-सोनबरसा मार्ग स्थित नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में एक बार फिर हड़कंप मच गया। खास बात यह है कि यह लगातार दूसरा दिन है जब इसी नहर से किसी अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने नहर में एक शव उतराता देखा। शव दिखाई देने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना घुघली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सूरज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया।

पुलिस ने आसपास के गांवों के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मृतक की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि रविवार को भी पड़री खुर्द के समीप इसी नहर से एक अन्य अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था, जिसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। लगातार दो दिनों के भीतर नहर से दो अज्ञात शव मिलने की घटनाओं ने क्षेत्रवासियों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। लोग इन घटनाओं को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं व्यक्त कर रहे हैं और मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग कर रहे हैं।